P-01:28 paga09_jhn.qxd 9/21/2025 8:17 PM Page 1

www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com

आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत् 2082

वर्ष: 09 अंक: 246
नई दिल्ली
सोमवार, 22 सितम्बर 2025
मूल्य: 3.00 पृष्ठ: 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित •हरियाणा•चंडीगढ़•उत्तर प्रदेश•मध्यप्रदेश•उत्तराखंड•बिहार•झारखंड•हिमाचल प्रदेश•छत्तीसगढ़•जम्मू कश्मीर से प्रसारित



03 मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संत राजिन्दर सिंह जी... | 06 आतिशबाजी रहित उत्सवों की परम्परा का... | केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने दलित ... 12

# जीएसटी सुधारों से देश में उत्साह: मोदी

## मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में देशवासियों को नवरात्र और जीएसटी सुधारों को लेकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि जीएसटी में किए गए नए सुधारों से देशभर में एक 'बचत उत्सव' का माहौल बना है, जिससे आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। पीएम मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्वदेशी' को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया।

**'वन नेशन, वन टैक्स' का सपना साकार**

पीएम मोदी ने बताया कि जब 2014 में उनकी सरकार सत्ता में आई, तो जीएसटी को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों की चिंताओं को दूर करते हुए, सभी के सहयोग से एक ऐतिहासिक कर सुधार संभव हो सका, जिससे देश दशकों से चले आ रहे दर्जनों अलग-अलग करों के जाल से मुक्त हो गया। इससे 'वन नेशन, वन टैक्स' का सपना साकार हुआ।

उन्होंने कहा कि सुधार एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए, जीएसटी में नए बदलाव लागू किए गए हैं। अब केवल 5% और 18% के टैक्स स्लैब होंगे। इसका मतलब है कि रोजमर्रा के इस्तेमाल की ज्यादातर चीजें, जैसे खाने-पीने का सामान, दवाइयां, और अन्य घरेलू उत्पाद, अब सस्ते हो जाएंगे। लगभग 99% सामान, जिन पर पहले 12% टैक्स लगता था, अब 5% के दायरे में आ गए हैं।

राष्ट्र के नाम संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज जाने-अनजाने में हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत सी विदेशी चीजें जुड़ गई हैं। हमारी जेब में कंघी देशी है कि विदेशी है, हमें पता ही नहीं। अब हमें इससे मुक्ति पानी होगी। हमें वो चीजें खरीदनी होंगी जो भारत में बनी हो, जिसमें हमारे देश के बेटे-बेटियों का पसीना हो, हमें देश के घरों को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है। गर्व से कहो कि मैं स्वदेशी खरीदता हूं, मैं स्वदेशी सामान की बिक्री भी करता हूं। ये हर भारतीय का मिजाज बनना चाहिए। जब ये होगा तो भारत तेजी से विकसित होगा। मेरा आज सभी राज्य सरकारों से भी आग्रह है कि आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान के साथ, स्वदेशी के इस अभियान के साथ अपने राज्यों में उत्पादन को गति दें। पूरी ऊर्जा और उत्साह से। निवेश के लिए माहौल बनाएं, जब केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तो विकसित भारत का सपना पूरा होगा। इसी के साथ मैं इस बचत उत्सव की अनेक शुभकामनाएं देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब हमें आत्मनिर्भरता के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। जो देश के लोगों की जरूरत है, जो हम देश में बना सकते हैं, वो हमे देश में ही बनाना चाहिए। जीएसटी की दरें कम होने से नियम और प्रक्रियाएं और आसान बनने से हमारे एमएसएमई, हमारे लघु, कुटीर उद्योगों को बहुत फायदा होगा।

# 'हम नागरिक देवो भव: के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहे हैं': पीएम

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित किया। उन्होंने आज से लागू होने वाले नेक्सट जेनरेशन जीएसटी सुधारों का विवरण साझा किया**




**शैलेन्द्र शर्मा, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधारों को लेकर रविवार को देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि दुकानदार भाई-बहन जीएसटी सुधार को लेकर उत्साह में है। वे इसके फायदों को ग्राहकों को पहुंचाने में जुटे हैं। हम नागरिक देवो भव: के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही पीएम ने देशवासियों को नेक्सट जेनरेशन जीएसटी सुधारों के लागू होने की जानकारी दी। साथ ही कहा कि यह कदम नागरिकों के जीवन में सरलता और बचत लाएगा।

पीएम मोदी ने यह भी बताया कि पिछले 11 वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को मात दी है और नए मिडिल क्लास समूह ने देश की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाई है। सरकार ने इस साल 12 लाख रुपये तक की आय पर टैक्स को शून्य कर दिया है, जिससे मध्यम वर्ग के लिए काफी राहत मिली है। अब जीएसटी में कमी के कारण घर, वाहन और यात्रा पर खर्च कम होगा और नागरिकों के सपनों को पूरा करना आसान होगा।

**व्यापार और निवेश को बढ़ावा**

पीएम मोदी ने कहा कि जीएसटी सुधार से कारोबार और निवेश दोनों आसान होंगे। यह बदलाव भारत की ग्रोथ स्टोरी को आगे बढ़ाएगा। इस दौरान उन्होंने याद दिलाया कि 2017 में जीएसटी लागू होने के समय देश में दर्जनों अलग-अलग टैक्स थे, जैसे कि एंट्री टैक्स, सेल्स टैक्स, एक्साइज, वैट, सर्विस टैक्स आदि। नए सुधार इन जालों को सरल बनाएंगे और व्यापारियों को राहत देंगे।

**देश के हर वर्ग को फायदा**

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए जीएसटी सुधारों से गरीब, मध्यम वर्ग, न्यू मिडिल क्लास, युवा, किसान, महिलाएं, दुकानदार और व्यापारी सभी को लाभ मिलेगा। त्योहारों के इस मौसम में इस बचत उत्सव से लोगों के चेहरे पर मुस्कान आएगी। होटल, यात्रा, वाहन और सामान की खरीद पर कम जीएसटी होने से आम जनता की जेब पर बोझ कम होगा।

**लागू होने की तारीख और महत्व**

प्रधानमंत्री ने बताया कि ये सुधार कल यानी 22 सितंबर, नवरात्रि के पहले दिन सूर्योदय के साथ लागू होंगे। इस सुधार के साथ ही देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होगा। पीएम ने सभी नागरिकों को इस सुधार के लाभ लेने और खरीदारी को आसान बनाने का संदेश दिया। उन्होंने इसे देश के विकास और आर्थिक समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश को संबोधित करते हुए नवरात्रि की बधाई दी और आत्मनिर्भर भारत अभियान को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विकसित राष्ट्र का लक्ष्य पाने के लिए देश को आत्मनिर्भर बनना होगा और इसके लिए एमएसएमई सेक्टर पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। पीएम मोदी ने राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे स्वदेशी अभियान और मैन्यूफैक्चरिंग को गति दें और निवेश के अनुकूल माहौल बनाएं। पीएम मोदी ने बताया कि कल, 22 सितंबर से नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी लागू होंगे। इसके तहत केवल 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो स्लैब रहेंगे। रोजमर्रा की चीजें या तो टैक्स फ्री होंगी या केवल 5प्रतिशत टैक्स देना होगा। इससे गरीब, मध्यमवर्गीय, न्यू मिडिल क्लास, युवा किसान, महिलाएं और व्यापारी सभी लाभान्वित होंगे। उन्होंने इसे एक तरह का जीएसटी बचत उत्सव करार दिया और कहा कि इससे देशवासियों को लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। पीएम मोदी ने जीएसटी सुधारों के इतिहास पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 2014 से पहले लाखों कंपनियां अलग-अलग टैक्स के जाल में फंसी हुई थीं। सामान को एक शहर से दूसरे शहर तक भेजना महंगा और जटिल था। 2017 में जीएसटी लागू होने से वन नेशन, वन टैक्स का सपना साकार हुआ। प्रधानमंत्री ने एमएसएमई और स्वदेशी उत्पादों को लेकर भी जोर दिया। उनका कहना था कि भारत में बने सामान की गुणवत्ता बेहतर है और हमें इसे दुनिया में पहचान दिलानी होगी। उन्होंने हर भारतीय से अपील की कि गर्व से कहो मैं स्वदेशी खरीदता हूं और बेचता हूं। उन्होंने कहा कि इन सुधारों और स्वदेशी अभियान से कारोबार आसान होगा, निवेश बढ़ेगा और हर राज्य को विकास की दौड़ में बराबरी का साथी मिलेगा।

# पहला सुख निरोगी काया, फिट रहें, नशे से बचें: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिट इंडिया मूवमेंट और नशामुक्त भारत के तहत नमो युवा रन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**



**उत्तम भारत संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि तन और मन की शुचिता के साथ इनका स्वस्थ रहना भी हम सबके लिए बेहद जरूरी है। मनुष्य को पहला सुख निरोगी काया से ही मिलता है। इसलिए हमेशा फिजिकली फिट रहने की कोशिश करें और किसी भी प्रकार के नशे के सेवन से बचें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार की सुबह अटल पथ पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के सभी नागरिकों विशेषतः युवाओं से यह अपील की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित फिट इंडिया मूवमेंट और नशामुक्त भारत अभियान के संकल्प पूर्ति एवं जन-जागरूकता के लिए आयोजित नमो युवा रन (मैराथन दौड़) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान नमो युवा रन का आयोजन हम सबको देश की सेवा के लिए आगे आने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम में नमो युवा रन के मोमेंटों (लोगो) का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने स्वयं स्पोर्ट्स ट्रेक सूट में मैराथन दौड़ में शिरकत कर हजारों की संख्या में नमो युवा रन में शामिल प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। हम सदैव अपनी सोच में, अपने विचारों में, अपने मूल्यों में 'देश सबसे पहले' की भावना रखें। हमेशा स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करें, तभी हमारा राष्ट्र पूरी दुनिया का सिरमौर बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर एक अलग प्रतिष्ठा स्थापित की है। मध्यप्रदेश ने भी प्रधानमंत्री श्री मोदी की सोच और उनके विजन से कदम से कदम मिलाते हुए देश-दुनिया में अपनी अलग जगह और नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने खेलों के मामले में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। देश के साथ मध्यप्रदेश का भी खेल स्पधाओं में प्रदर्शन दिनों-दिन सुधर रहा है। मध्यप्रदेश के हॉकी खिलाड़ी श्री विवेक सागर, ऑलिम्पिक में पदक विजेता टीम के सदस्य रहे। यह हमें खेल के क्षेत्र में और बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है।

# क्या भारत-पाक युद्धविराम पर ट्रंप के दावों और एच1बी वीजा धारकों की चिंताओं पर बोलेंगे मोदी: कांग्रेस



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन से पहले रविवार को पूछा कि क्या वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत-पाकिस्तान युद्धविराम के दावों और एच1बी वीजा धारक लाखों भारतीयों की चिंताओं पर बात करेंगे या फिर नई जीएसटी दरों के बारे में पहले से ज्ञात बातें दोहराएंगे। प्रधानमंत्री मोदी रविवार शाम पांच बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी, लेकिन मोदी के संबोधन के विषय के बारे में कोई संकेत नहीं दिया।

प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन नवरात्र की पूर्व संध्या पर होगा। 22 सितंबर से संशोधित जीएसटी दरें लागू होंगी और कई उत्पादों की कीमतों में कमी आने वाली है। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री राष्ट्र को संबोधित करने की तैयारी कर रहे हैं, वहीं वाशिंगटन डीसी में उनके अच्छे दोस्त ने एक बार फिर उनकी सुर्खियां छीन ली हैं और 42वीं बार दावा किया कि उन्होंने अमेरिका के साथ बढ़ते व्यापार का फायदा उठाकर ऑपरेशन सिंदूर को रोक दिया। रमेश ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ये दावे न केवल अमेरिका में बल्कि सऊदी अरब, कतर और ब्रिटेन में भी किए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, क्या प्रधानमंत्री इन दावों पर बात करेंगे और भारत-अमेरिका के लगातार बिगड़ते रिश्तों पर बोलेंगे? क्या वे लाखों भारतीय एच1बी वीजा धारकों की चिंताओं का समाधान करेंगे? क्या वह उन करोड़ों किसानों और मजदूरों को कोई भरोसा देंगे, जिनकी आजीविका उनके मित्र द्वारा लगाए गए टैरिफ की वजह से खतरे में है? या फिर वह नई जीएसटी दरों के बारे में वही दोहराएंगे, जो हम सभी जानते हैं-जिन्हें हताशा में तैयार किया गया था।

# सीएम धामी ने आदि कैलाश परिक्रमा रन (अल्ट्रा मैराथन) प्रोमो रन का किया फ्लैग ऑफ




**उत्तम भारत संवाददाता, देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास से 2 नवंबर 2025 को प्रस्तावित आदि कैलाश परिक्रमा रन (अल्ट्रा मैराथन) प्रोमो रन का फ्लैग ऑफ किया और लोगो का अनावरण किया। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 02 नवंबर 2025 को गूंजी गांव से आदि कैलाश मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मुख्यमंत्री के साहसिक और शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने, युवाओं को स्वस्थ जीवन के लिए प्रोत्साहित करने और नशा मुक्त उत्तराखण्ड के संकल्प को पूर्ण करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह अल्ट्रा मैराथन 10,300 से 15,000 फीट ऊंचाई पर होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य स्थापना का रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 02 नवंबर 2025 को व्यास घाटी में आदि कैलाश मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह पहल सीमावर्ती क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास, पलायन की समस्या के निराकरण, स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने और पर्यटन इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए बनाई गई वाईब्रेंट विलेज योजना को बढ़ावा देने के लिए भी यह मैराथन काफी कारगर साबित होगी। सीएम धामी ने कहा कि यह मैराथन न केवल खेल प्रतियोगिता है, बल्कि सीमावर्ती लोगों को सम्मान, स्थानीय पहचान तथा होम-स्टे एवं पर्यटन क्षेत्र में स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करने का सशक्त माध्यम भी है। आयोजन से राज्य की प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। रविवार को आयोजित आदि कैलाश परिक्रमा रन मैराथन में प्रदेशभर के बच्चों, युवाओं एवं अन्य सभी आयु वर्ग के लोगों ने प्रतिभाग किया। मैराथन का समापन उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् कार्यालय में सम्पन्न हुआ। सचिव पर्यटन धीराज गर्ब्याल ने कहा कि 10 किलोमीटर दूरी की इस दौड़ प्रतियोगिता के शीर्ष 3 विजेताओं को 2 नवंबर 2025 को गुंजी, पिथौरागढ़ में आयोजित होने वाली आदि कैलाश मैराथन में प्रतिभाग का अवसर मिलेगा। इस आयोजन की पाँच श्रेणियाँ - 60 किमी (अल्ट्रा रन), 42 किमी (फुल मैराथन), 21 किमी (हाफ मैराथन), 10 किमी रन एवं 5 किमी रन - रहेंगी, जिसमें देशभर के एथलीट प्रतिभाग करेंगे। सचिव पर्यटन ने कहा कि इस मैराथन के सफल आयोजन के बाद जून 2026 में अगले मैराथन का आयोजन माणा-नीति क्षेत्र में प्रस्तावित है।

# नमो मैराथन जैसे कार्यक्रम स्वस्थ समाज की कुंजी: सीएम योगी




**उत्तम भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन मैराथन का रविवार को शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने संदेश दिया कि नमो मैराथन जैसे कार्यक्रम स्वस्थ समाज की कुंजी हैं। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त भारत के संकल्प की ओर अग्रसर होने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितंबर से शुरू हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के धार से स्वस्थ नारी, सशक्त समाज थीम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पीछे स्पष्ट धारणा है कि नारी स्वस्थ होगी तो समाज स्वस्थ होगा और परिवार सशक्त होगा। उन्होंने कहा, देश विकसित भारत की धारणा को लेकर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से हमने विकसित भारत के साथ विकसित उत्तर प्रदेशह्न अभियान को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। मुझे खुशी है कि इस कार्यक्रम को युवाओं, किसानों और मजदूरों समेत समाज के प्रबुद्धजनों का समर्थन मिल रहा है। हर व्यक्ति अपने सेक्टर में सहयोग करने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने संदेश दिया कि हमें अपने गांव, नगर और कस्बे को भी विकसित बनाना है और इसकी कुंजी आत्मनिर्भरता है। उन्होंने कहा, आत्मनिर्भरता की कुंजी स्वस्थ समाज में है और स्वस्थ समाज की कुंजी नमो युवा रन जैसे कार्यक्रम में है। सीएम योगी ने यह भी कहा कि नशा नाश का कारण है, नैतिक पतन का कारण है। अगर युवा सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ता है तो यह राष्ट्र के लिए कल्याणकारी होता है, लेकिन यही युवा शक्ति नशे की चपेट में आती है तो उसमें घुन लग जाता है। हमें अपनी युवा शक्ति पर गौरव की अनुभूति होती है, लेकिन हमें उसे विघटनकारी और दुष्प्रवृत्तियों की चपेट में आने से बचाना होगा।

लखनऊ के अलावा उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर और आगरा में भी कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। शाहजहांपुर में नमो युवा रन मैराथन में बड़ी संख्या में युवा और छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। मैराथन को उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने हरी झंडी दिखाई। उन्होंने युवाओं से अपनी ऊर्जा को राष्ट्रहित और सकारात्मक दिशा में लगाने का आह्वान किया। सुरेश खन्ना ने कहा, युवा शक्ति ही देश का भविष्य है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि भारत का युवा फिट और ऊजार्वान रहे। ऐसे आयोजन युवाओं में जागरूकता और उत्साह दोनों को बढ़ाते हैं। आगरा में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के युवाओं को नशे से मुक्त रखने के लिए संदेश दिया है। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने लाल किले की प्राचीर से खेलो इंडिया का नारा दिया। पहले के समय में सिर्फ यही कहा जाता था कि पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे तो बनोगे खराब, लेकिन आज खेल नीति ऐसी बन गई है कि तमाम नौकरियों के मौके हैं, बशर्ते बच्चे मेडल लेकर आएं।

**धुरवा समाज के लिए 05 स्थानों पर डोम निर्माण हेतु 75 लाख की घोषणा**

# जनजातीय समाज के विकास के लिए कटिबद्ध है सरकार: साय



**उत्तम भारत संवाददाता, जगदलपुर।** राज्य सरकार जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिए कटिबद्ध है और इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए राज्य के साथ ही भारत सरकार की मदद से अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासी बहुल गांवों के विकास के कोई कमी नहीं हो, धन की कोई समस्या नहीं हो, इसे ध्यान रखकर धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना शुरू किया है जो जनजातीय बहुल गांवों के विकास के लिए राज्य सरकार के अलावा भारत सरकार से भी बजट दिया जा रहा है, इस योजना से 80 हजार करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना प्रारंभ किए हैं। जिससे इन विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है। यह बात मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जगदलपुर के वन विद्यालय परिसर में धुरवा समाज के संभाग स्तरीय नुआखाई मिलन समारोह और नवनिर्मित सामाजिक भवन "ओलेख" के लोकार्पण कार्यक्रम में समाज के सदस्यों को नुआखाई की बधाई देते हुए कहा। इस मौके पर उन्होंने धुरवा समाज हेतु 05 स्थानों पर पन्द्रह-पन्द्रह लाख रुपए की लागत से डोम निर्माण के लिए 75 लाख रुपए की घोषणा की। सा ही धुरवा समाज के 36 सरपंचों द्वारा ग्राम पंचायतों के विकास हेतु दिए गए प्रस्तावों पर भी स्वीकृति प्रदान करने आश्वस्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और अतिथियों ने प्रतीकात्मक गुड़ी में बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना की और धुरवा समाज के नवनिर्मित सामाजिक भवन "ओलेख "का लोकार्पण किया।

P-02:28 paga09_jhn.qxd 9/21/2025 8:54 PM Page 1



## बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आया अपराजिता क्लब



**उत्तम भारत संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** खादर क्षेत्र में इन दिनों बाढ़ से लोग परेशान हैं जिसकी वजह से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसी कड़ी में शनिवार को अपराजिता क्लब धनौरा ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है अपराजिता क्लब ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए नगर पालिका धनौरा को खाद्य सामग्री सौंपी है। नगर पालिका परिषद की मदद से ये खाद्य सामग्री खादर क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाई जाएगी। इस दौरान अपराजिता क्लब की अध्यक्षा सोनिया अग्रवाल ने बताया कि अपराजिता क्लब का उद्देश्य विभिन्न आपदाओं के समय प्रभावित लोगों को तेजी से सहायता पहुंचाना है क्लब के सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि वे आगे भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जरूरतमंदों की सहायता करते रहेंगे और इस प्रकार के सेवा कार्यों के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस मौके पर रजनी, आरती, मनीषा, राखी, रेनू, दीपा, नीतू आदि मौजूद रहे।

## 9वीं बार लोकलेखा समिति उ0प्र0 के सभापति बने महबूब अली, आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**उत्तम भारत संवाददाता**
**अमरोहा।** सदर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री महबूब अली को एक बार फिर 9वीं बार उत्तर प्रदेश लोकलेखा समिति का सभापति चुना गया है। रविवार को वह अपने कार्यालय 550-बी दानिशमंदान, अमरोहा पहुंचे, जहाँ क्षेत्रवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत कर बधाई दी।इस अवसर पर श्री महबूब अली ने कहा कि यह सब जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाया जाएगा।स्वागत समारोह में वहाब सैफी, जाहिद हुसैन, शशीकांत गोयल, जब्बार अंसारी, नब्बू सिद्दीकी, चन्द्रगुप्त मौर्य, कमाल खाँ, अनस अब्बासी, जनाब फारूकी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय व ब्रह्माकुमारीज के बीच शैक्षणिक करार



*** अब पढ़ाए जाएंगे संस्कार शिक्षा, योग व मेडिटेशन के पाठ्यक्रम**

**उत्तम भारत संवाददाता**
**गजरौला/रुड़की।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय और श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के बीच संस्कार शिक्षा (वैल्यू एजुकेशन), योग और मेडिटेशन को लेकर ऐतिहासिक करार हुआ। दोनों संस्थानों के बीच बने इस समझौते के तहत अब स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर वैल्यू एजुकेशन, योग और मेडिटेशन के पाठ्यक्रम संचालित होंगे। इस शैक्षणिक समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर आगामी 12 अक्टूबर को माउंट आबू स्थित ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय में होने वाले ÷अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन 2025÷ के दौरान किए जाएंगे। इस अवसर पर कई राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, देश-विदेश के राजनयिक तथा 10 हजार से अधिक शिक्षाविद मौजूद रहेंगे। वेंकटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरी ने कहा कि जब तक शिक्षा में संस्कारों और राष्ट्रप्रेम का समावेश नहीं होगा, तब तक उसका उद्देश्य अधूरा रहेगा। वहीं विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि शोध, अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक गठबंधन तथा योग व आध्यात्मिक शिक्षा के बल पर वेंकटेश्वरा को देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में शामिल किया जाएगा। रुड़की स्थित ब्रह्माकुमारीज के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में समझौते का आदान-प्रदान हुआ। इस मौके पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की एजुकेशन विंग के इंटरनेशनल वाइस प्रेसिडेंट डॉ. बीके पांडुमानी, डॉ. राजीव त्यागी, विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति डॉ. श्रीगोपाल नारसन सहित कई अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दादी प्रकाशमणि स्मृति सभागार में दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर बीके डॉ. कृपाल सिंह की पुस्तक रामायण व महाभारत का आध्यात्मिक रहस्य का विमोचन भी किया गया।अतिथियों का स्वागत रुड़की सेवा केंद्र प्रभारी बीके गीता दीदी, बीके दीपिका, बीके सपना व बीके पारुल ने किया।

## दरगाह शाह विलायत के सज्जादानशीन मेराज पहुंचे सूफी इज़्म का पैग़ाम लेकर सम्भल



*** पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही ने किया कोल्ड स्अोर के गेस्ट हाउस पर जोरदार स्वागत**

**उत्तम भारत संवाददाता**
**संभल।** सूफीवाद को आम करने और आपसी भाईचारा को फैलाने के लिए खानकाहों व दरगाहों का आज भी मिशन जारी है। यही वजह है कि खानकाहों और दरगाहों से जुड़े लोग एकता की बात करते और सबको अपनाते नज़र आते हैं। हिन्दुस्तान की सुप्रसिद्ध दरगाह के सज्जादानशींन ने भी सूफी इज़्म के पैग़ाम से सम्भल मे मौहब्बत का पैग़ाम दिया।
संभल पहुंचे पानीपत दरगाह शाह विलायत हज़रत ख्वाजा शमसुद्दीन तुर्क पानीपति के के सज्जादानशीन व हरियाणा हज कमेटी के सदस्य ख्वाजा हाफ़िज़ सय्यद मेराज हुसैन साबरी का सिरसी रेलवे क्रॉसिंग स्थित कोल्ड स्टोर के गेस्ट हाउस पर हाजी नुसरत इलाही जामई पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परिषद संभल एवं राष्ट्रीय संयोजक भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ ने फूल मालाओं से जोरदार इस्तकबाल किया। इसके बाद मेराज मियां व हाजी नुसरत इलाही ने सूफी इज़्म को लेकर गुफ्तगू की ओर आपसी भाईचारे एवं सौहार्द पर बल दिया। मेराज मियां ने कहा है पैगम्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम तमाम आलम के लिए रहमत बनकर आए। आपकी ज़िन्दगी से मोहब्बत, प्यार ओर इंसानियत की ज़िन्दगी गुजारने का रास्ता मिलता है। हमे हुजूर की तालीम और इंसानियत के दिए गए पैगाम को आम करते हुए दिलों को जोड़ने और मोहब्बत कायम करने की आवश्यकता है। सूफी संत हमेशा सूफी इज़्म की ही बात करते है। इस मौके पर रामनगर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन एवं उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन हाजी अकरम साबरी, मौ0 याकूब गामा एडवोकेट पूर्व वाइस चैयरमेन नगर पालिका परिषद सम्भल, दरगाह हज़रत जुनैद शाह मियां गुलामाने साबरी कमेटी सम्भल के कैशियर व प्रभारी फरज़न्द अली वारसी, मौ0 अनस, बाबर खां साबरी, मुज़फ्फर हुसैन, आमिर साबरी हल्द्वानी, रिज़वान चन्दायन, मौ0 चांद, मज़हर हुसैन आदि मौजूद रहे।

## भक्तो के संकट तत्काल हर लेते हैं भगवान श्रीगोरखनाथः राधेश्याम श्रीमाली



**उत्तम भारत संवाददाता**
**संभल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत शिवगोरख युवा वाहिनी सेवादल द्वारा प्राचीन सिद्धपीठ पातालेश्वर महादेव पक्का बाग सराय तरीन में चल रही योगेश्वर भगवान श्रीगोरख नाथ अमर गाथा के सातवें दिन आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली ने कहा की सहज योग व साबर बिध्या मंत्रो के जन्मदाता जिन्होने संसार से जादू टोना अकाल भुखमरी का नाश करने व दिव्य मंत्र शक्ति सिद्धि योग के दुरुपयोग रोकने को धरती पर अवतार धारण किया जिनके साथ चौदह सौ चेले गुप्त और चौदह सौ चेले प्रकट साथ में रहते थे। उन्होंने कयी निर्वल निसहाय निराश्रित भक्तो राजा बनाया जिसमे गरीब निर्धन शिव भक्तनी भोजवती के पुत्र बसंतदेब को नेपाल का राजा त्रिबिक्रम को काशी का राजा और मानकचंद को हैलापट्टन व बीर विक्रमादित्य को उज्जैन का राजा बनाया साथ कयी अहंकारी राजाओं का मान मर्दन कर राजा फक्कीर बनाया उन्होंने कहा भगवानश्रीगोरखनाथ करुणा और दया के महासागर हैं। बो अपने भक्त जनो के संकट तत्काल हर लेते हैं।
उनकी अमर गाथा कल्याणकारी तो है। ही साथ भटक रहे पित्रो के लिए भी तृप्त संतुष्ट और पुष्ट करने बाली है। आज समापन अवसर पर लगभग एक हजार भक्त जनो ने भंडारा भोग ग्रहण कर योगेश्वर गोरख नाथ महाराज की महिमा का गुणगान कर धर्म लाभ का अर्जन किया, शिवगोरख युवा वाहिनी सेवादल सहित शिवगोरख मंदिर समिति की सभी इकायों के पदाधिकारियो व सदस्य साधक साधिकाए उपस्थित रहे। इस मौके पर ज्बालेश श्रीमाली वाहिनी जिलाध्यक्ष, सतीश चन्द्र, दोलत राम, डॉ़ विकास सैनी, नरेश कुमार, नितिन कुमार, अनमोल सैनी, अमरोहा ईकाई अध्यक्ष आनंद कुमार, दिनेश मोहन, ज्बालेश श्रीमाली, डॉ़ योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली, संजीव कुमार, नितिन मिश्रा, महन्त जुगल किशोर मिश्रा, गोपेश गुप्ता, कल्लूराम आदि सहित सैकडो भक्त उपस्थित रहे।

## महिला आयोग की सदस्य करेंगी पोषण पंचायत का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**
**अमरोहा।** महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में उत्तर प्रदेश महिला आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।इसी क्रम में आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती संगीता जैन के नेतृत्व में जनपद अमरोहा के ब्लॉक हसनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिशन शक्ति के अंतर्गत पोषण पंचायत कार्यक्रम का आयोजन आगामी 24 सितम्बर 2025 (पूर्वाह्न 11ः00 बजे) किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, जनपदीय पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे और महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा के साथ महिलाओं की समस्याओं का संज्ञान लेंगी।

## मिशन शक्ति फेज के तहत महिला पुलिस दुपहिया वाहन रैली का हुआ आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**
**संभल।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के नेतृत्व में जनपद सम्भल में एक भव्य महिला पुलिस स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप कुमार सिंह द्वारा चौकी चौधरी सराय कस्बा सम्भल थाना सम्भल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा व जनपद की महिला पुलिसकर्मियों द्वारा रैली में प्रतिभाग किया गया। मिशन शक्ति फेज-5.0 उत्तर प्रदेश सरकार का एक प्रमुख अभियान है, जिसका उद्देश्य नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव, और विभिन्न कानूनों के प्रति जागरूक करना है। महिला पुलिस बाइक रैली का आयोजन इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने और समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए किया गया।
यह रैली नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश देने के साथ-साथ समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई। रैली के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न सुरक्षा उपायों, हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 112, 181,1076,1098), और साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक किया। साथ ही, महिलाओं को आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति प्रेरित किया गया और यह संदेश भी दिया गया कि ष्मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत हमारा उद्देश्य न केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, बल्कि उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज में जागरूकता फैलाना भी है। यह स्कूटी रैली महिला पुलिस कर्मियों की शक्ति और साहस का प्रतीक है, जो समाज को यह संदेश देती है कि महिलाएँ हर क्षेत्र में सक्षम और सशक्त हैं।मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत सम्भल पुलिस द्वारा एंटी-रोमियो दस्तों का गठन कर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जायेगी तथा स्कूलों/कॉलेजों/ गांवों में चौपाल लगाकर व जनपद में हो रही रामलीलाओं के स्थानों पर भी महिलाओं/ बालिकाओं को जागरुक किया जायेगा और साथ ही पुरूषों को भी महिला सम्बन्धी अपराधों के प्रति पुलिस के सख्ती से अवगत कराया जायेगा। साथ ही महिला सुरक्षा की जितनी जिम्मेदारी पुलिस की है उतनी ही पुरुष वर्ग की भी है। महिलाओं को आत्मनिर्भर/स्वावलम्बी बनाने हेतु पुरुषों को भी प्रोत्साहित किया गया।

## मुरादाबाद शिक्षक खंड चुनाव को लेकर मतदाता वोटर फार्म का वितरण



**उत्तम भारत संवाददाता**
**संभलः** आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज दीपा सराय संभल में बरेली मुरादाबाद शिक्षक खंड चुनाव को लेकर चुनाव संयोजक मुरादाबाद बरेली विमलेंद्र विमल (राज्य कार्यकारी सदस्य) ने शिक्षक मतदाता वोटर फार्म का वितरण किया तथा अधिक से अधिक वोट बनवाने का आह्वान किया और कहा कि इस चुनाव में शिक्षक अपनी ताकत वोट के माध्यम से प्रदर्शित कर सकते हैं यह चुनाव सामान्य चुनाव की तरह नहीं होता इसमें वरीयता क्रम के रूप में प्रत्याशी को चुनना पड़ता है इसलिए यह चुनाव आम चुनाव से अलग है माध्यमिक शिक्षक संघ (चेत नारायण गुट) 6 विधान परिषद शिक्षक खंड एवं पांच विधान परिषद स्नातक खंड पर चुनाव लड़ रहा है मुरादाबाद बरेली में चुनाव केवल शिक्षक खंड का है उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चुनाव को गंभीरता से ले रहा है और दमदार तरीके से चुनाव लड़ेगा साथ ही शिक्षकों की समस्याओं जैसै महंगाई भत्ता जो सरकार ने करोना काल में फ्रीज कर दिया था वह तुरंत निर्गत किया जाए ,समर कैंप में शिक्षको द्वारा जून माह में किए गए कार्य का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाए वित्तविहीन साथी को पिछली सरकार द्वारा 200 करोड़ का मानदेय दिया गया था पुनः बहाल किया जाए और देखते ही वित्त विहीन शिक्षको की सेवा नियमावली तुरंत निर्गत की जाए। बैठक में मंडल संयोजक जितेंद्र प्रताप सिंह, मंडल मंत्री अरुण शर्मा, प्रांतीय सदस्य नवाब हसन, संभल के जिला अध्यक्ष नसीम हुसैन, संभल के जिला मंत्री राजेंद्र सिंह राणा, डां रईस अहमद, विद्युत कुमार, शकील अहमद, वसीम अहमद, ताहिर हुसैन, शफीक बरकाती, साकिव खान, फरहाद अहमद, सुहेवा, वदर इस्लाम, रिजवान खान, डां तालिब, मकसूद हसन, राशिद अली आदि उपस्थित रहे।

## एसआईबी के अधिकारियों ने की मैंथा के टैक्स को लेकर छापामारी



**उत्तम भारत संवाददाता**
**संभल।** देर शाम मैंथा के टैक्स को लेकर एसआईबी आदि के अधिकारियों ने छापामार कार्यवाही करते हुए जानकारियां की और टैक्स की वसूली कराई गई।
कुरकावली में एक मेंथा की सूचना पर कोल्ड स्टोरेज में छापा मारकर कर छ लाख के मेंथा पर तीन लाख रुपये एसआईबी मुरादाबाद ने जमा कराए। काफी देर तक इस प्रक्रिया मे तमाम दस्तावेज़ों को चैक किया गया और मैंथा से जुड़ी जानकारियां टीम ने करते हुए आगे की टैक्स की कार्यवाही की। इस दौरान टीम मे आर. ए. सेठ, अपर आयुक्त ग्रेड-2एसआईबी) राज्य कर मुरादाबाद जोन मुरादाबाद। धीरज कुमार सिंह एसटीओ एसआईबी) रेंज-ए। मोहम्मद नफीस एसटीओ एसआईबी) रेंज-ए। चरन सिंह-एसी। मती राहत चाँद एसी सचल दल मुरादाबाद रहे।

## सम्भल के सांसद आतंकवादियों के रिश्तेदार हैंः आचार्य प्रमोद कृष्णम



**उत्तम भारत संवाददाता**
**संभल।** नैमिषारण्य तीर्थ क्षेमनाथ सम्भल में आयोजित विचार गोष्ठी सम्भल का भविष्य एक चिंतन में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि अतीत हमारे भविष्य का दर्पण है सम्भल के भविष्य के विषय में चिंतन करते हुए हमें सम्भल के अतीत का विशेष अध्ययन भी करना चाहिए।
सम्भल का धार्मिक महत्व अयोध्या और मथुरा जितना ही है, यही कारण है कि जिस तैमूरी मानसिकता ने श्रीराम मंदिर का विध्वंस कर सनातन का अपमान करने का कार्य किया, जिस तैमूरी मानसिकता ने भगवान श्री कृष्ण के जन्मस्थान को अपमानित करने का कार्य किया, उसी मानसिकता ने सम्भल का भी विनाश करने में पूरा योगदान दिया। सम्भल में श्री कल्कि धाम निर्माण पर रोक लगाने का कार्य भी इसी मानसिकता के लोगों कार्य था, किंतु 18 वर्ष के निरंतर कानूनी संघर्ष के पश्चात भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों से श्री कल्कि धाम का शिलान्यास हुआ। सम्भल की प्रसिद्धी देश-देशांतर में लगातार बढ़ रही है। सनातन के ध्वज का केंद्र अब सम्भल ही है, ऐसे में सम्भल का भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए हमें तन-मन-धन से समर्पित होना होगा। पत्रकारों के एक सवाल का जबाव देते हुए श्री कल्कि पीठाधीश्वर ने कहा कि सम्भल के सांसद आतंकवादियों के रिश्तेदार हैं। इनकी बहुत बड़ी साज़िश सम्भल को दंगों की आग में झोंकने की थी जिसे सम्भल प्रशासन ने समय रहते नाकाम कर दिया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उदयपुर फाइल्स फिल्म के निर्माता अमित जानी ने कहा कि सम्भल की एक पहचान साम्प्रदायिक दंगों की रही है और दंगों से जुड़ा दूसरा पक्ष यह है कि प्रत्येक दंगे के बाद यहां से हिंदुओं का पलायन हुआ है इसीलिए सम्भल में लगातार हिंदुओं की जनसंख्या घटती जा रही है। श्री नैमिषारण्य तीर्थ के महंत बाल योगी आदित्यनाथ जी ने सम्भल में पूर्व में हुए सांप्रदायिक दंगों का संक्षिप्त विवरण सभी के सामने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश सिंघल, विश्व हिन्दू परिषद के संगठन मंत्री गौरव, अजय शर्मा, यश चौहान आदि उपस्थित रहे।

## कांशीराम पुण्यतिथि पर सम्भल से लखनऊ तक उमड़ेगा बसपाईयो का सैलाब



**उत्तम भारत संवाददाता**
**सम्भल।** बहुजन समाज पार्टी इस बार 09 अक्टूबर की रैली बसपा की मज़बूती का एक बड़ा सन्देश देने जा रही है। इस रैली के लिए ऐसी रूप रेखा तैयार की गई है कि लखनऊ की सड़के भरी नज़र आयेंगी। सम्भल से लखनऊ तक बसपाईयो का सैलाब उमड़ेगा। लगातार इसको लेकर पार्टी के नेता समीक्षा बैठक कर तैयारियों का जायज़ा ले रहे हैं और ज़िम्मेदारियां बांट रहे हैं। सम्भल आमदपुर मार्ग चौधरी सराय स्थित पूर्व विधानसभा प्रत्याशी असमोली व सम्भल हाजी रफ्तउल्ला उर्फ नेता छिद्दा के आवास पर आयोजित बैठक में पहुंचे पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी मुनकाद अली ने नो अक्टूबर को बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ में होने वाली विशाल रैली को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होने भारी संख्या में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से पहुंचने का आहवान किया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद गिरीश चन्द्र ने कहा कि नौ अक्टूबर को लखनऊ में कार्यकर्ता और पदाधिकारी से अधिक संख्या में पहुंचे। मुख्य सैक्टर प्रभारी जाफर मलिक ने कहा कि सभी विधानसभा बसों के लिए प्वाइंट बना लें। चार पहिया वाहन वालों की सूची बनाने के निर्देश दिए। रणविजय सिंह ने रैली को हर हाल में सफल बनाने पर ज़ोर दिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह एड. ने की जबकि संचालन जिला सचिव रामबहादुर सिंह ने किया। जबकि हाजी रफ्तउल्ला उर्फनेता छिददा, साजिद सैफी, सदाकत, वसीम खां, शौकीन, नरेन्द्र कुमार, जगरूप, सचिन कुमार, मौ. साजिद, मोंटी, हरपाल सिंह सागर, अजब सिंह, पिफरोज मलिक, अंकुर चौधरी, मदनपाल सिंह, जसवीर सिंह, सत्यभान सिंह, प्रमोद कुमार, डा. अर्जुन प्रजापति, संजय गौतम, सुभाष खागी, धमेन्द्र कुमार रहे।

## मोनू की हत्या करने वाले तीन आरोपी छह घण्टे के भीतर गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**
**संभल।** युवक की हत्या करने के आरोप मे असमोली पुलिस ने तुरन्त ही मामले की गहराई तक जाकर दूध का दूध पानी का पानी करते हुए 06 घण्टे के भीतर ही आरोपियो को धर दबोचा। जानकारी अनुसार तुषार सिंह पुत्र श्री योगेश कुमार निवासी ग्राम गुमसानी थाना असमोली जनपद सम्भल की तहरीर के आधार पर थाना हाजा पर के भाई मोनू के गांव से ही गुम हो जाने सम्बन्ध में गुमशुदगी दर्ज की गयी। अपने भाई मोनू की हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए थाना हाजा पर विभिन्न धाराओं बीएनएस बनाम अर्पित पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम गुमसानी थाना असमोली जनपद सम्भल आदि 03 आरोपीगण के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार थाना असमोली जनपद सम्भल के नेतृत्व में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत थाना असमोली पुलिस टीम द्वारा पतारसी सुरागरसी एवं मुखबिर खास की सूचना पर तत्परता दिखाते हुए आरोपी अर्पित पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम गुमसानी थाना असमोली जनपद सम्भल को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ कर आरोपी की निशा देही पर मृतक मोनू उपरोक्त का शव ग्राम गुमसानी से खाबरी भोला रोड पर बंद भट्टे की चिमनी के अन्दर मिट्टी में दबे शब को बरामद कर मात्र 06 घण्टो में हत्या की घटना का सफल अनावरण किया गया तथा शेष वांछित आरोपीगण बोबी पुत्र नरेश व सोभित पुत्र मलखान निवासी गण ग्राम गुमसानी थाना असमोली जनपद सम्भल को ग्राम टाण्डा कोठी चौराहा से गिरफ्तार किया गया।

## उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदर्शित होंगे जनपद सम्भल के कृषि उत्पाद

**उत्तम भारत संवाददाता**
**संभल।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में 25 सितंबर से 29 सितंबर तक किया जा रहा है। इस इंटरनेशनल ट्रेड शो में जनपद सम्भल के कृषि उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश कृषि विपणन एवं कृषि निर्यात विभाग की ओर से कृषि आधारित निर्यात योग्य उत्पादों की प्रदर्शनी लगेगी।
इस प्रदर्शनी में विभाग की ओर से पूरे प्रदेश से सात निर्यातकों को अपनी स्टॉल लगाने का स्थान मिला है। जिसमें जनपद संभल की निर्यातक फर्म दौलत राइस की ओर से जनपद के चावल का प्रदर्शन किया जाएगा।
सम्भल का चावल अब राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रहा है तथा सरकार निर्यातकों को प्रोत्साहन देकर किसानों को लाभ दिलाने का प्रयास कर रही है। अपने पिछले संस्करणों की अपार सफलता के साथ, यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 और भी बड़ा होने वाला है, जिसमें हज़ारों प्रदर्शक, वैश्विक खरीदार, उद्योग विशेषज्ञ, नीति निर्माता और व्यावसायिक पेशेवर एक ही छत के नीचे एकत्रित होंगे।
अत्याधुनिक नवाचारों से लेकर पारंपरिक शिल्पकला तक, उभरते स्टार्टअप से लेकर स्थापित उद्यमों तक, यह व्यापार मेला असीम अवसरों का प्रवेश द्वार है, जो उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक व्यापार केंद्र बनने की ओर अग्रसर कर रहा है। 25 से 29 सितंबर, 2025 तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित होने वाला यह व्यापार मेला आर्थिक विकास और औद्योगिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के विज़न के अनुरूप, यह आयोजन विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, हस्तशिल्प, कृषि आदि सहित विविध उद्योगों में निवेश, व्यापार सहयोग और क्षेत्रीय प्रगति को बढ़ावा देता है। इसमें खरीदारों को तीन प्रमुख वर्गों में वर्गीकृत किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय खरीदार, घरेलू बीटूबी खरीदार और घरेलू बीटूसी खरीदार। उक्त जानकारी अवनीश कुमार सिंह, निरीक्षक, कृषि एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग ने दी।

P-03:28 paga09_jhn.qxd 9/21/2025 9:40 PM Page 1



# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज को अध्यात्म का मार्गदर्शक बताया

**दीया शर्मा**

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु और सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख, संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की अध्यक्षता में 13 से 20 सितंबर, 2025 तक 29वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। 20 सितंबर को सम्मेलन के समापन सत्र में विशिश्ट अतिथि के रूप में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मौजूद थीं। इसके अलावा लोकसभा सांसद मनोज तिवारी, भाजपा विधायक अशोक गोयल और अन्य कई प्रसिद्ध धर्मगुरु और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। सम्मेलन की शुरूआत में 13 सितंबर को मानव-कल्याण के लिए 65वें रक्तदान शिविर आयोजन कृपाल बाग, दिल्ली में किया गया। इसके अलावा 14 सितंबर को 41वां निःशुल्क नेत्र जाँच एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर आयोजन भी कृपाल बाग, दिल्ली में किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों को दृश्टि का वरदान प्राप्त हुआ।



यह सम्मेलन संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के जन्मदिवस पर आयोजित किया गया, जिसे पूरे विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय ध्यान-अभ्यास दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

अपने विश्व-कल्याणकारी संदेश में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने सम्मेलन के समापन सत्र आए एक विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ध्यान-अभ्यास के द्वारा ईंसान के अंदर बदलाव लाया जा सकता है, जिसकी आज के समय में बहुत आवश्यकता है।

उन्होंने आगे कहा कि, 29वां विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन हमारे सामने आत्म-साक्षात्कार का मार्ग खोल रहा है। प्रत्येक धर्म के दो पहलू होते हैं, एक बाहरी और दूसरी अंदरुनी। सभी धर्मों के बाहरी पहलू अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन सबका अंदरुनी पहलू हमें एक ही लक्ष्य की ओर ले जाता है और वह है पिता-परमेश्वर से मिलाप। यह पहलू हमें ध्यान-अभ्यास के द्वारा प्रभु को अपने भीतर खोजने की ओर जोर देता है।

जिस प्रकार एक बाहरी गुरु सांसारिक ज्ञान प्रदान करता है, ठीक उसी प्रकार एक पूर्ण संत-सतगुरु हमें आंतरिक ज्ञान प्रदान करते हैं। वे हमारी आत्मा और परमात्मा के बीच एक मध्यस्थ बनकर हमें आत्मिक रूप में जानने और पिता-परमेश्वर को अपने अंदर ही अनुभव करने में हमारी मदद करते हैं। वे हमें प्रभु के दिव्य-प्रकाश से जोड़ने में हमारी सहायता करते हैं, जिससे कि हमें जीवन के सच्चे उद्देश्य को पूरा करने में मदद मिलती है।

सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज को अध्यात्म का मार्गदर्शक बताया और लाखों लोगों को आत्म-ज्ञान का मार्ग दिखाने के लिए संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का दिल की गहराईयों से आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, एक सच्चे मार्गदर्शक के जन्मदिन के पावन अवसर पर यहाँ उपस्थित होना मेरा सौभाग्य है। उन्होंने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, उनका जीवन अध्यात्म और विज्ञान का अद्भुत मिश्रण है। एक वैज्ञानिक के रूप में सर्वोच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी उन्होंने मानवता की सेवा करना चुना और सभी को आध्यात्मिकता के मार्ग पर अग्रसर करते हुए आज पूरे विश्व में आंतरिक शांति और निस्वार्थ सेवा का संदेश फैला रहे हैं।

रेखा गुप्ता ने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज से आशीर्वाद लिया और कहा कि, ऐसे महान संतों की पावन उपस्थिति में ही सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर दिल्ली के मॉडल टाउन क्षेत्र के विधायक अशोक गोयल ने मानवता को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने के लिए संत राजिन्दर सिंह जी महाराज की प्रशंसा की और मानव एकता के लिए उनके अपार योगदान की सराहना की।

सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि, वे संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के रूहानी आकर्षण से प्रभावित हुए हैं और उनकी दिव्य-उपस्थिति में रहकर स्वयं को वे धन्य महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि उनके जन्मदिन को प्रकट दिवस के रूप में मनाना चाहिए।

## डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के पश्चिमी विनोद नगर वार्ड 198 के एफ-ब्लॉक के सभी गलियों मे मच्छरमार धुंआ व डेंगू, मलेरिया जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के लिए विधायक रवि नेगी एवं उपस्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय हांडा, के निदेशार्नुसार कीट विशेषज्ञ डॉ. शालिनी कोहली, एसएमआई अशोक पारचा, पीएचआई महेश कुमार मीणा के आदेशानुसार पश्चिमी विनोद नगर वार्ड नम्बर 198 के नवकला अपार्टमेंट, सद्भावना अपार्टमेंट, तरंग अपार्टमेंट सहित कई अपार्टमेंटों में मच्छर मार धुंआ करवाया। मच्छर मार धुंआ बड़ी गाड़ी के इंचार्ज मलेरिया निरीक्षक नीरज कुमार के साथ मेघराज सिंह एमटीएस चेकर ने सभी अपार्टमेंटों में घूम-घूम कर धुंआ करवाया व लोगों को डेंगू व मलेरिया के प्रति जागरूक भी किया।



## पूर्वी दिल्ली पुलिस का अपराधों के खिलाफ घेराबंदी और तलाशी अभियान, 13 अपराधी दबोचे गए

**लिशा शर्मा**

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली जिला पुलिस ने अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए चलाए गए विशेष ह्यघेराबंदी और तलाशी अभियानह्ल में बड़ी सफलता हासिल की है। इस दौरान पुलिस ने कुल 13 अपराधियों को गिरफ्तार किया जिनमें एक अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट से जुड़े दो आरोपी, दो लुटेरे तथा नौ तड़ीपार अपराधी हैं। पुलिस कार्रवाई में 145.86 ग्राम स्मैक और 3,000 रुपये लूटी गई नकदी भी बरामद की गई। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धनिया ने आज कहा कि पूर्वी जिले की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड ने 15 सितंबर को मंडावली क्षेत्र से घोषित अपराधी मोहम्मद रफीक उर्फ सोनू को दबोच लिया। उसकी तलाशी में 44.75 ग्राम स्मैक मिली। पूछताछ में पता चला कि उसका सप्लायर बरेली (उत्तर प्रदेश) का राशिद उर्फ खान है। टीम ने लगातार प्रयास कर 20 सितंबर को बरेली से राशिद को भी गिरफ्तार किया और उसके पास से 101.11 ग्राम स्मैक बरामद की। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच जारी है। शकरपुर थाना क्षेत्र में 18 सितंबर को दो बदमाशों ने एक व्यक्ति से 5,000 रुपये लूट लिए। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस ने तुरंत टीम गठित की और स्थानीय खुफिया तंत्र की मदद से आरोपियों गुलफाम उर्फ हिरु (24) और गुलशन कुमार उर्फ काना (22) को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 3,000 रुपये लूटी गई नकदी बरामद हुई। अभियान के दौरान पूर्वी जिले की पुलिस ने कुल 9 तड़ीपार किए गए अपराधियों को पकड़ा है। जिसमें मयूर विहार में गश्ती टीम ने 50 मीटर पीछा कर रविंदर उर्फ राजू उर्फ डिंपल को दबोचा। पांडव नगर थाना पुलिस ने एक ही अभियान में सलमान उर्फ खपची, सारिक उर्फ आफताब, निखिल गुप्ता उर्फ अनमोल, अर्शद उर्फ समीर और सूरज सहित पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया। स्पेशल स्टाफ की टीम ने गुप्त सूचना पर छापा मारकर मोहम्मद रफीक उर्फ टमाटर और मोहम्मद यासीन उर्फ सलमान को शशि गार्डन क्षेत्र से पकड़ा। मधु विहार पुलिस ने एक महिला अपराधी अंजलि सिंह को पकड़ा, जो अदालत द्वारा जारी तड़ीपार आदेश का उल्लंघन कर मंडावली में रह रही थी। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान का मकसद स्पष्ट संदेश देना है कि अपराधियों और बदमाशों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वह नशे का सौदागर हो, लुटेरा हो या फिर अदालत के आदेशों की अवहेलना करने वाला बहिष्कृत अपराधी, सभी के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत निठारी मंडल में मुफ्त मेडिकल कैंप एवं चाश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** किराड़ी विधानसभा के निठारी मंडल में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष प्रभात झा के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक विशेष स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत भाजपा के जिला अध्यक्ष रामचन्द्र चांवरिया द्वारा की गई। इस अवसर पर निठारी क्षेत्र में एक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 300 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच का लाभ उठाया। साथ ही, 100 से अधिक जरूरतमंद नागरिकों को मुफ्त चश्मे भी वितरित किए गए। सेवा पखवाड़ा के इस आयोजन में सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाते हुए भाजपा कार्यकताओं द्वारा रक्तदान भी किया गया, जो जनसेवा की भावना का जीवंत उदाहरण है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे बजरंग शुक्ला, राजीव पाठक, सूरज झा तथा भाजपा के कई अन्य कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिकों ने भी सक्रिय सहभागिता रही । कार्यक्रम का उद्देश्य सेवा, समर्पण और समाज के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रस्तुत करना था।



## नारी को अपनी सुरक्षा एवं अधिकार के प्रति जागरुक कराता मिशन शक्ति-5.0

● डीएम एवं एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की महिला सशक्तिकरण बाइक रैली

**उत्तम भारत संवाददाता, बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश पुलिस के महत्वपूर्ण अभियान 'मिशन शक्ति' फेज 5.0 के तहत, जनपद में महिला सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को डीएम श्रुति , एसएसपी दिनेश कुमार सिंह, नगर पालिका चैयरपर्सन दीप्ति मित्तल, महिला आरक्षी सोनिका नागर( कप्तान,उ0प्र0 पुलिस कबड्डी टीम) ने रिजर्व पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बाइक रैली बुलन्दशहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शहर का भ्रमण करेगी। रैली में भाग ले रही सभी महिला आरक्षियों को महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य समाज में महिलाओं को उनके कानूनी और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है।रैली के दौरान, सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस सहायता नंबर 112 और चाइल्डलाइन 1098 शामिल हैं। इन नंबरों का उद्देश्य संकट में फंसी महिलाओं और बच्चों को तुरंत सहायता प्रदान करना है। वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में भी महत्वपूर्ण सावधानियां बताई गईं। यह प्रयास महिलाओं को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए सशक्त बनाने के लिए किया गया है। 'मिशन शक्ति' का यह चरण बुलन्दशहर पुलिस की महिला सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिसका लक्ष्य महिलाओं को एक सुरक्षित और सशक्त वातावरण प्रदान करना है। उपरोक्त कार्यक्रम मे एसपी नगर शंकर प्रसाद, एसपी ग्रामीण तेजवीर सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक नगर ऋजुल, सीओ खुर्जा पूर्णिमा सिंह, प्रतिसार निरीक्षक अजय कुमार श्रीवास्तव आदि अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे ।



## महाशिवपुराण सुनने से घर सुख,समृद्धि आती है: पूर्व महापौर

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** राधा माधव परिवार की और से पंचायती शिव मंदिर चांद मौहल्ला गांधी नगर में श्री महाशिवपुराण कथा के समापन पर भव्य हवन एवं भंडारे का आयोजन का मुख्य यजमान वार्ष्णेय परिवार की और से किया गया। पंडित मनोज शर्मा ने मंत्रोचारण के साथ समापन किया। पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल भी हवन एवं भंडारे में शामिल हुए जिनको भावना वार्ष्णेय ने बेल पत्तों का पौधा देकर एवं एडवोकेट शुभनीत वार्ष्णेय ने प्रसाद देकर सम्मानित किया। श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा राधा माधव परिवार प्रतिवर्ष कथा का आयोजन करता है जिससे हजारों लोग धर्म लाभ उठाते है मेरा मानना है निश्चय ही कथा को सुनने वाले को भगवान शिव के कहे वचनों पर चलने की प्रेरणा मिलती है एवं सभी के घरों में सुख शांति समृद्धि की प्राप्ति होती है हम सभी को ज्यादा से ज्यादा सगे संबंधियों, मित्रो के साथ कथा को सुनना चाहिए और यदि आपका परिवार सक्षम है तो ऐसे कथा के आयोजन करवाते रहना चाहिए। हवन में भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिला महिला मोर्चा मंत्री कंचन शर्मा,भाजपा गांधी नगर मंडल मंत्री अमिता शर्मा,रजनी,सरोज स्वामी,सुमन बिशु,संगीता लांबा,संगीता शारदा एवं सुमन शर्मा भी शामिल हुई।



## कांग्रेस ने निकाली वोट चोर- गद्दी छोड़ यात्रा, भाजपा पर साधा निशाना

**उत्तम भारत संवाददाता, बुलंदशहर।** जिला कांग्रेस कमेटी बुलंदशहर ने रविवार कोह्लवोट चोर गद्दी छोड़ यात्राह्ल स्याना विधानसभा क्षेत्र में निकाली और भाजपा पर वोट चोरी कर सरकार बनाने का आरोप लगाया। स्याना विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों ने बीबी नगर ब्लॉक के कुचेसर में यात्रा निकाली और संवाद गांव पोटा कबूलपुर में ग्रामीणों से किया। कांग्रेस नेताओं ने वोट चोरी के खिलाफ सभी से एकजुट होने का आव्हान किया और जनहित के मुद्दों को प्रत्येक स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया।

मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट ने उपस्थित कार्यकताओं और जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने लोकतंत्र की नींव को कमजोर किया है और जनता के मताधिकार के साथ छल किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सड़कों से लेकर सदन तक जनता की आवाज उठाएगी और वोट चोरी के खिलाफ जनजागरण अभियान तेज करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस को मजबूत करना वक्त की जरूरत है । उन्होंने कहा कि बुलंदशहर के प्रत्येक नगर और गांव तक वोट चोरी के मुद्दों को लेकर जाएंगे और भाजपा की पोल खोलेंगे। किसने, नौजवान, महिलाओं के मुद्दों पर भाजपा और उसके नेता मौन है। पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश भाटी और सुभाष गांधी ने कहा कि वोट चोरी का खुलासा कर राहुल गांधी जी ने भाजपा और चुनाव आयोग के गठजोड़ का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि देश कांग्रेस के साथ हैं । कार्यक्रम संयोजक नंदकिशोर वर्मा, स्याना प्रभारी साजिद चौधरी और डॉ इरफान ने कहा कि गांव गांव अब लोग वोट चोरी की चर्चा कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि भाजपा के खिलाफ कांग्रेस ही सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ रही है। भाजपा ने लोगों को अच्छे दिनों का ख्वाब दिखाकर ठगा है।



यात्रा में कांग्रेस कार्यकताओं ने वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए और जनता से लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस के साथ जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, राकेश भाटी, जिला उपाध्यक्ष साजिद चौधरी, डॉ इरफान, शकील अहमद, अनिल शर्मा, नंदकिशोर वर्मा, ज्ञानेंद्र राघव, ब्लॉक अध्यक्ष रिक्की सिरोही, राजपाल चौधरी, सचिन वशिष्ठ, शहर अध्यक्ष रवि लोधी, फहीमुद्दीन पहलवान, मस्ते हसन, डॉ इदरीस, अनिल चौधरी, दीपू शर्मा, दिनेश शर्मा, संजीव त्यागी, अनवर खान, अनिल मास्टर, डालचंद लोधी, सुनील भारद्वाज, ब्रह्मदत्त शर्मा, किरणपाल लोधी, चमन चौधरी, वीरेंद्र शर्म, ओमपाल लोधी, डॉ राजकुमार, मोहित शर्मा, कृष्णकुमार लोधी, महेश लोधी, पिंटू चौधरी आदि मौजूद रहे।

## तीन किग्रा सोना लेकर लेकर ज्वेलर-कारीगर फरार

**नई दिल्ली।** करोल बाग इलाके में दो अलग-अलग मामलों में करीब तीन किलोग्राम सोने के आभूषणों की ठगी का मामला सामने आया है। एक मामले में कारीगर तो दूसरे मामले में ज्वेलर ने ठगी की है। फिलहाल दो एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। अमृतसर निवासी गौरव कुमार सोना खरीदकर आभूषण बनाते हैं और उसे ज्वेलर को बेचते हैं। पीड़ित ने बताया कि एक एजेंट के माध्यम से उन्होंने करोल बाग के ज्वेलर गुलशन सिंह को सोने के गहनों की आपूर्ति शुरू की। पीड़ित ने बताया कि 20 जुलाई से 20 अगस्त के बीच में उन्होंने करीब 1.10 किग्रा सोने के गहने बनाकर गुलशन को दिए। जब वह रुपये लेने पहुंचे तो गुलशन दुकान पर ताला लगाकर गायब हो गया। पीड़ित ने एक सितंबर को इस बाबत करोल बाग थाने में शिकायत दी। वहीं, करोल बाग के ज्वेलर प्रसन्नजीत सामंता ने 1.90 किग्रा सोने के गबन का आरोप मिदनापुर के चार कारीगरों पर लगाया है। पीड़ित ने बताया कि बीते साल जनवरी में उन्होंने आभूषण बनाने के लिए तापस पाल और उसकी टीम को सोना दिया था, लेकिन तापस ने सोना नहीं लौटाया और न ही आभूषण बनाकर दिया।

## अवैध रूप से भारत में रह रहे दो बांग्लादेशी नागारिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ की टीम ने भारत में अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी शिशिर ह्यूबर्ट रोजारियो और मोहम्मद तौहीदुर रहमान 2014 में वीजा लेकर भारत आए थे। वीजा खत्म होने के बाद वापस नहीं गए और दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में रहकर नौकरी करने लगे। फिलहाल पुलिस ने सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद एफआरआरओ की मदद से आरोपियों को वापस बांग्लादेश भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि स्पेशल स्टाफ के इंस्पेक्टर विजय बालियान, एसआई विक्रम की टीम को महिपालपुर इलाके में किराए पर घर की तलाश कर रहे कुछ संदिग्धों की सूचना मिली। हेड कांस्टेबल सतपाल और कांस्टेबल संजय को घर की तलाश कर रहे संदिग्धों की पहचान कर उनकी जानकारी जुटाने का जिम्मा सौंपा गया। संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि ये बांग्लादेशी नागरिक हैं और अवैध रूप से भारत में रह रहे हैं। पुलिस टीम ने तुंरत आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## बुजुर्ग दंपति को डिजिटल अरेस्ट कर छह लाख रुपये ठगे

**नई दिल्ली।** द्वारका इलाके में साइबर ठगों ने बुजुर्ग दंपति को डिजिटल अरेस्ट कर 6.22 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित बुजुर्ग महिला सीता देवी अपने परिवार के साथ महावीर एन्क्लेव में रहती हैं। पुलिस को दिए बयान में उसने बताया कि एक अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया। उस शख्स ने बताया कि वह मुंबई से बोल रहा है और केनरा बैंक में सीता देवी के अकाउंट में दो करोड़ रुपये आए हैं। ये पैसे कहां से आए, इसकी जानकारी दीजिए।

बुजुर्ग महिला ने आरोपियों को बताया कि मुंबई में उसका कोई अकाउंट नहीं है। इसके बाद फोन करने वाले शख्स ने धमकाना शुरू कर दिया। शख्स ने कहा कि अकाउंट खोलने के लिए आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज आपके हैं और फोन नंबर भी आप का ही दिया गया है। इसके चलते आप को फोन किया गया है। अब आप पर कार्रवाई होगी। पीड़ित ने बताया कि उसने अपने दस्तावेज किसी को नहीं दिए और न ही अकाउंट खुलवाया है। हो सकता है किसी ने आईडी का गलत इस्तेमाल किया हो। इसके बाद आरोपी ने बुजुर्ग महिला को बताया कि आपको डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया है। सीबीआई अधिकारी अभी पूछताछ करेंगे, तब तक आप वीडियो के सामने बैठे रहना। यह कहकर आरोपी चले गए और अगली सुबह फिर लौट कर आए। तब तक बुजुर्ग महिला वीडियो कॉल के सामने बैठी रही। अगले दिन आरोपियों ने पूछताछ शुरू की तो उसके पति को भी वीडियो कॉल पर बुला लिया। दोनों से पूछताछ शुरू की। आरोपियों ने बताया कि उनके दो अकाउंट खोले गए हैं।

एक में 10 लाख रुपये और दूसरे में दो करोड़ रुपये आए हैं। ऐसे में सभी अकाउंट की जांच की जाएगी। आरोपियों ने पीड़ितों से उनके अकाउंट की जानकारी लेकर 6.22 लाख रुपये से ज्यादा पैसे अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लिए। पैसे लेने के बाद आरोपियों ने फोन बंद कर दिए। ये सावधानी बरतें -किसी भी धमकी भरे कॉल पर तुरंत प्रतिक्रिया न दें। -पुलिस या सरकारी अधिकारी कभी भी फोन पर पैसे की मांग नहीं करते या वीडियो कॉल पर पूछताछ नहीं करते हैं। -अपना बैंक विवरण, ओटीपी या कोई भी व्यक्तिगत जानकारी किसी भी फोन कॉल पर न दें। -किसी भी अज्ञात लिंक या अटैचमेंट पर क्लिक न करें। -कॉल या वीडियो कॉल पर ठगों के सवालों और तर्कों का जवाब देने में जल्दबाजी न करें। -अगर आप डरे हुए हैं, तो तुरंत किसी परिवार के सदस्य या भरोसेमंद दोस्त से बात करें। -तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें -अगर संभव हो तो कॉल रिकॉर्ड करें और स्क्रीनशॉट सुरक्षित रखें, यह शिकायत दर्ज करने में सहायक होगा। -स्थानीय पुलिस थाने में भी शिकायत दर्ज करवाएं।

### लघु समाचार

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया

**उत्तम भारत संवाददाता, बुलंदशहर।** नगर के चांदपुर रोड स्थित किरनव हेल्थकेयर क्लिनिक पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें (कैंसर रोग आहार विशेषज्ञ) डाइटिशियन डॉक्टर कीर्ति मित्तल द्वारा दर्जनों मरीजों का निशुल्क चेकअप किया गया। डॉक्टर कीर्ति मित्तल ने बताया कि वह पिछले 6 वर्षों से मरीजों की सेवा कर रही है और वह जेपी चिट्ठा ऑर्थोकेयर आचार्य हॉस्पिटल में कार्यरत रही हैं और मरीजों की सेवा की है। और अब वह अपने क्लीनिक किरनव हेल्थ केयर निशुल्क परामर्श दे रही है। डॉ कीर्ति ने बताया की वह ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रकार से मरीजों को उनकी बीमारी से संबंधित आहार नियोजन प्रदान करती हैं।और वह प्रत्येक रविवार को निशुल्क परामर्श देती है। आज भी डाइटिशियन डॉक्टर कीर्ति मित्तल द्वारा 34 मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया गया। और 16 मरीज ने ब्लड टेस्ट शिविर का लाभ लिया।



## गायत्री परिवार ने राष्ट्रीय अभियान के तहत पूरे जिले के 8 स्थानों पर लगाये रक्तदान शिविर

**बुलंदशहर में गायत्री संस्कार पीठ पर दर्जनों लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान**

**उत्तम भारत संवाददाता, बुलंदशहर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की मुख्य संरक्षिका रहीं वंदनीय माता भगवती देवी के 100वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में देश भर में आयोजित राष्ट्रीय रक्तदान महायज्ञ की श्रृंखला में बुलंदशहर जिले में भी 8 स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को खुर्जा रोड स्थित श्री गायत्री संस्कार पीठ पर गायत्री मंदिर में संस्था के वरिष्ठ सदस्य नरेश गिरी, दीपचन्द बाबू एवं बीएल वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम संयोजक उमेश कुमार चौधरी ने भारत सहित पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति और परम्पराओं के संरक्षण में गायत्री परिवार के महान योगदान का वर्णन करते हुए सभी रक्तदाताओं को सम्मानित कर आभार व्यक्त किया। सुबह से शाम तक चले गायत्री परिवार के रक्तदान शिविर में राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह, मधु अग्रवाल, वीरेन्द्र तिवारी, सोनू देवी, तरुण शर्मा, प्रखर चौधरी, प्रशान्त त्यागी, रेखा रानी, सलीम खान, विनय शर्मा, बबलू चौधरी, राज कौशिक, भास्कर कौशिक, ललित अग्रवाल, संजय शर्मा, देव शर्मा आदि ने सहर्ष रक्तदान किया।



## डीजे की तेज ध्वनि तरंगों से मेडिकल स्टोर में रखी दवाइयां गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरस

**उत्तम भारत संवाददाता, बुलंदशहर।** बुलंदशहर के सिकंदराबाद नगर से इस समय एक चौंकाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो दामोदर कट के पास का है, जहाँ अखंड ज्योत यात्रा के दौरान डीजे की तेज आवाज ने सबको हैरान कर दिया। मोबाइल कैमरे से रिकॉर्ड किए गए इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि डीजे की तेज ध्वनि तरंगों का असर आसपास की दुकानों तक दिखाई दे रहा है। खासतौर से एक मेडिकल स्टोर में रखी दवाइयों पर इसका गहरा असर पड़ा। तेज आवाज के चलते मेडिकल स्टोर की अलमारियों में रखी दवाइयाँ एक-एक कर गिरती नजर आईं। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि ध्वनि तरंगों की कंपन इतनी अधिक थी कि मेडिकल स्टोर की शेल्फ पर रखी कई दवाइयाँ जमीन पर बिखर गईं। यह नजारा देखकर वहां मौजूद लोग भी हैरान रह गए। यह वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर पहुँचा, तेजी से वायरल होने लगा और लोग इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएँ दे रहे हैं। कुछ लोग इसे डीजे की खतरनाक ध्वनि तरंगों का नतीजा बता रहे हैं तो वहीं कई लोग इसे सार्वजनिक सुरक्षा और प्रशासनिक नियंत्रण से जुड़ा गंभीर मुद्दा मान रहे हैं। गौरतलब है कि धार्मिक आयोजनों और यात्राओं में डीजे के अत्यधिक इस्तेमाल को लेकर अक्सर विवाद खड़े होते रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर से यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या डीजे की तेज आवाज सिर्फ ध्वनि प्रदूषण तक सीमित है, या फिर यह आम जनता और दुकानों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन सकती है। वही इस मामले पर बुलंदशहर एसएसपी दिनेश कुमार सिंह का कहना है कि ऐसे मामलों को चिन्हित किया जायेगा वीडियोग्राफी भी की जाएगी और डीजे की तेज आवाज पाई जाती है तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। और बताया कि पहले ही धर्म गुरुओं और डीजे स्वामियों के साथ बैठक कर अनुरोध किया गया था कि कोई भी डीजे तेज आवाज में ना बजाएगा ताकि किसी भी जनमानस को कोई दिक्कत परेशानी ना हो।



## रामलीला मंच का फीता काटकर किया उद्घाटन

**उत्तम भारत संवाददाता, बुलंदशहर।** बीवी नगर में आदर्श रामलीला कमेटी बीबी नगर में रामलीला के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी का हुआ जोरदार स्वागत साथ में रहे युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य, जिला प्रभारी धर्मवीर उर्फ गुड्डू प्रधान, जिला उपाध्यक्ष आलोक राठी, तहसील अध्यक्ष यशपाल चौधरी, कुलदीप चौधरी,जगबीर चौधरी आदि का भी हुआ जोरदार स्वागत, तथा आदर्श रामलीला मंच का फीता काटकर रामलीला नाट्य रूप का शुभारंभ वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी द्वारा कराया गया। भाकियू अराजनैतिक के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी ने श्री राम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने की तथा उनके चरित्र का बखान करते हुए रामलीला में कलाकारों का भी हौसला अफजाई किया तथा जय श्री राम के नारे लगवा कर सभी लोगों को भगवान श्रीराम के बताएं मार्गो पर चलने का आवाहन किया।जिला अध्यक्ष युवा ठाकुर शैलेंद्र आर्य ने कहां की भगवान श्री राम का असली चरित्र चित्रण श्री वाल्मीकि रामायण में है असली बाल्मीकि रामायण आर्य समाज के किसी भी संग्रहालय से प्राप्त हो सकती है।मुख्य वक्ताओं में अतिथि चौधरी मांगेराम त्यागी ठाकुर शैलेंद्र आर्य ,धर्मवीर उर्फ गुड्डू प्रधान , आलोक राठी,बाबा बजरंगबली आदि सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



## रक्तदान शिविर का आयोजन

**ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश इकाई बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष ठाकुर विजय राघव ने किया रक्तदान**

**उत्तम भारत संवाददाता, बुलंदशहर। अनूपशहर:** रविवार को गायत्री शक्तिपीठ अनूपशहर पर परम वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा संस्थापक अखिल विश्व गायत्री परिवार के 100वें जन्म दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन शक्तिपीठ के व्यवस्थापक संजीव गुप्ता ने फीता काटकर किया जिसमें लगभग 20 रक्त दान वीरों ने अपना रक्त दान किया रक्तदान शिविर के प्रभारी भारत सिंह सिसोदिया व दिनेश भारद्वाज ने बताया अखिल विश्व गायत्री परिवार के आवाहन पर माता भगवती देवी के 100 वे जन्मदिन दिवस के अवसर पर जनपद बुलंदशहर के इसी क्रम में आठ स्थानों पर रक्तदान सिविर लगाये गए कार्यक्रम के अवसर पर मुनेश शर्मा, राजपाल शर्मा, रामपाल राघव, प्रदीप शर्मा, अरविंद चौधरी, कृष्ण अग्रवाल, पीयूष एडवोकेट आदि लोग उपस्थित रहे।



# सत्य सनातन वैदिक धर्म प्रचार यात्रा का स्वागत हुआ गांधी आश्रम में



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल, सुखदेव तेवतिया।** सत्य सनातन वैदिक धर्म प्रचार यात्रा का स्वागत रविवार को योग भवन निकट मुस्कान गार्डन गांधी आश्रम पलवल में हुआ। स्वागत उपरांत योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में यज्ञ का कार्यक्रम अमावस्या के उपलक्ष्य में विशेष रूप से गांधीनगर आर्य समाज पलवल के सौजन्य से किया गया। यजमान की भूमिका राजवती ने निभाई। यात्रा के संयोजक गंगाराम आर्य ने कहा संसार के दुखों का नाश करने वाला यज्ञ है तथा यज्ञ समस्त जगत के लिए शुभ कार्य होता है। रोग निवारक वायु को शुद्ध करने वाला है। ईश्वर यजमान को सुगंध तथा धन-धान्य से बढ़ाता है। जिस प्रकार खरबूजा बेल से पक करके अलग होता है सुगंध से पुस्ट होता है। उसी प्रकार यजमान सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर मोक्ष की प्राप्ति होती है इसके उपरांत योगाचार्य गुरमेश सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि प्रत्येक शुभ कर्म को यज्ञ के साथ प्रारंभ किया जाता है। यज्ञ में पुष्टि कारक जड़ी बूटी मिष्ठान सामग्री आहुतियां से जो अग्नि देवता के समर्पित की जाती है वह कल्याणकारी होती है। यज्ञकुंड देवताओं का मुख है तथा मनुष्य के लिए सर्वश्रेष्ठ कर्म है। इससे जल, वायु वातावरण आदि की शुद्धि होती है। यज्ञ करने से सुकून की प्राप्ति के साथ-साथ यज्ञ ब्रह्मांड की नाभि भी है दैनिक यज्ञ से जीवन में यश, कीर्ति सब सुखों की प्राप्ति होती है जो मनुष्य यज्ञ करता है पुष्टिकारक सामग्री पदार्थ से आहुति देकर सब सुखों को प्राप्त करके दूसरों को यज्ञ करने के लिए प्रेरणा देता है ऐसे पुरुषार्थी ऐश्वर्य संपन्न मनुष्य को परमात्मा यश, कीर्ति से संपन्न करता है। इस अवसर पर शहर के गण्यमान्य व योग कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने आहुति देकर पुण्य के भागी बनकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह

● वैश्य अग्रवाल समाज के सैंकड़ों बंधु आज करेंगें कूच



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** श्री वैश्य अग्रवाल सभा पलवल की युवा प्रकोष्ठ इकाई के तत्वाधान में सोमवार को राज्य स्तरीय महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह जो की पंचकूला में आयोजित की जा रहा है, शिरकत करने के लिए वैश्य अग्रवाल समाज के सैंकड़ों बंधु लग्जरी बसों द्वारा कमेटी चौक स्थित श्यामा कुञ्ज से प्रातः 5:30 बजे पंचकूला के लिए प्रस्थान करेंगें। पहली बार राज्य सरकार के तत्वाधान में पंचकूला स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाला राज्यस्तरीय महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव पूरे प्रदेश में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का संदेश देगा। इस भव्य आयोजन में पलवल से भी सैकड़ों लोगों का जत्था शामिल होगा, जो समाज की एकजुटता और बढ़ते प्रभाव को दर्शाएगा। पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह की अध्यक्षता हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल करेंगें तथा समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी होंगें। जिसकी तैयारियों के लिए श्री वैश्य अग्रवाल सभा पलवल की एक विशेष बैठक अधिवक्ता ललित बिंदल के कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश गुप्ता ने की जबकि संचालन निकुंज गर्ग ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सोमवार सुबह पलवल से बड़ी संख्या में समाजजन पंचकूला के लिए रवाना होंगे। बैठक में मुख्य रूप से यशपाल मंगला, शैलेंद्र सिंगला, गुलशन गोयल, संगीता गर्ग, श्रीमती भगत जी, विजय सिंगला, योगेश मंगला, राकेश गर्ग, भाजपा अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, आर्य यशपाल गोयल, रवि गुप्ता, पियूष बंसल, राहुल गर्ग, अधिवक्ता ललित बिंदल, निकुंज गर्ग, योगेश मंगला, तरुण बंसल एवं धीरज मंगला आदि मौजूद रहे। बैठक में एक संयोजक मंडल का गठन किया गया जिसमें भाजपा अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता, शैलेन्द्र सिंगला, आर्य यशपाल गोयल, रवि गुप्ता, ललित बिंदल, के एल गुप्ता, निकुंज गर्ग, श्रीमती संगीता गर्ग को शामिल किया गया। वहीं यात्रा को व्यवस्थित एवं सुखद बनाने के लिए आर्य यशपाल गोयल यात्रा इंचार्ज तथा सह इंचार्ज रवि गुप्ता को बनाया है। सभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी केवल अग्रवाल समाज ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने अपने जीवन से समाजवाद, सेवा और सहयोग का आदर्श प्रस्तुत किया। इस तरह का राज्यस्तरीय आयोजन युवाओं को उनकी नीतियों और सिद्धांतों से जोड़ने का कार्य करेगा। श्री वैश्य अग्रवाल सभा पलवल ने हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया और विशेष रूप से कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और मुख्यमंत्री नायब सैनी को धन्यवाद दिया, जिनके प्रयासों से पहली बार सरकार स्तर पर इस तरह का आयोजन संभव हुआ।

# नवरात्रों में पलवल शहर के अंदर नहीं खुलेंगे मीट की दुकान: खेल मंत्री



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** प्रधानमंत्री कार्यकाल की 11 वर्ष की उपलब्धियों के विषय को लेकर रविवार को पलवल में बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया गया। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि नवरात्रों के दौरान पलवल शहर में मीट की दुकान पूर्ण रूप से बंद रहेंगी सम्मेलन में प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम ने मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर परभाजपा के जिलाध्यक्ष विपिन बैंसला,बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेंद्र सिंह राणा,जिला प्रभारी अरविंद यादव, पूर्व सदस्य हरियाणा लोक सेवा आयोग डॉ. हरेंद्र राणा व पूर्व जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया भी मौजूद थे।खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐतिहासिक फैसले लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था लेकिन भाजपा सरकार का हर कदम सेवा,सुशासन और गरीबों के कल्याण को समर्पित रहा है।गौरव गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए खेल नीति में बदलाव किया है। हरियाणा खेल नीति का उद्देश्य प्रदेश को खेल का एक हब बनाना और खिलाड़ियों को बेहतर बुनियादी ढांचा, आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रदान करना है। इस नीति के तहत कम उम्र में प्रतिभाओं की पहचान, खेल सुविधाओं का विस्तार, पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, और खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों के मानदेय में वृद्धि जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को खेलों में भाग लेना चाहिए। युवा खेलों में भाग लेंगे तो निश्चित तौर पर हमारा समाज भी स्वस्थ बनेगा वही खेल मंत्री गौरव गौतम ने शाम 5:00 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को लेकर भी कहा कि जिस तरह मोदी सरकार ने देश को जीएसटी काम करने के बाद सभी देशवासियों को तोहफा दिया है उसका वह हृदय से आभार व्यक्त करते हैं और अभय चौटाला के बयान पर भी उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व के सबसे शक्तिशाली नेता हैं।

# कांग्रेस का भाजपा सरकार एवं चुनाव आयोग पर हल्ला बोल, वोट चोर-गद्दी छोड़ के नारे से गूंजी गुरुग्राम की सडकें

● भाजपा ने जनादेश चुराकर की है लोकतंत्र की हत्या, वोट चोरों को गद्दी से उतारकर जनता देगी जवाब : वर्धन यादव




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) वर्धन यादव की अगुवाई में कांग्रेस ने सोहना-तावडू विधानसभा क्षेत्र स्थित फव्वारा चौक से हनुमान बगीची तथा पटौदी विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक केंद्र से अम्बेडकर चौक तक वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस अभियान में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं हरियाणा के सह-प्रभारी जितेन्द्र भगेल, हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, शहरी जिला अध्यक्ष पंकज डावर समेत जिला पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और कांग्रेस कार्यकताओं ने हस्ताक्षर कर अपना विरोध जताया। बडी संख्या में पहुंचे लोगों ने भी जहां इस अभियान को मजबूती देने का काम किया, वहीं उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों का भी विरोध जताया।

जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) वर्धन यादव ने कहा कि कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरी का मुद्दा उठाकर भाजपा की चोरी पकड़ी है। भाजपा के इस संविधान विरोधी कृत्य को जनता के सामने उजागर किया है। भाजपा जीत के लिए सभी तरह के हथकंडे अपनाती है। राहुल गांधी के खुलासे के बाद भाजपा नेता जनता का ध्यान भंग करने के लिए हिन्दू मुस्लिम करने लग जाते हैं। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें लोगों से उनका वोट देने का अधिकार भी छीनना चाहती है, लेकिन कांग्रेस संविधान विरोधी ऐसे कार्यों को सफल नहीं होने देगी। हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने कहा कि पूरे प्रदेश में कांग्रेसियों का हस्ताक्षर अभियान चल रहा है। जब तक कांग्रेस पूरे देश में अपनी सरकार नहीं बनाएगी तब तक वह चैन से नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि लोकतंत्र बचाने का संकल्प है। भाजपा जनता का विश्वास खो चुकी है और सत्ता में बने रहने के लिए वोट चोरी का सहारा ले रही है।उन्होंने कार्यकताओं से यह भी आह्वान किया है कि वे इस अभियान को जनांदोलन बनाने के लिए गांव-गांव और वार्ड-वार्ड में हस्ताक्षर अभियान चलाएं। सोहना तावडू में विरोध प्रदर्शन के दौरान हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, मोहनलाल सैनी, प्रदीप खटाना, पंकज भारद्वाज, मनीष खटाना, कुलदीप गुज्जर, महेश घोड़ारोप, शैलेश खटाना, राहुल घोड़ारोप, रज्जू चेयरमैन, असीम खान, प्रदीप धारीवाल, कैप्टेन शीशपाल समेत अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।पटौदी विधानसभा में प्रदर्शन के दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव एवं हरियाणा सहप्रभारी जितेन्द्र भगेल, शहरी जिला अध्यक्ष पंकज डावर, पर्ल चौधरी, सुधीर चौधरी, सुनीता वर्मा, सूबे सिंह, पवन चौधरी, सतबीर पहलवान, दलीप पहलवान, सुखबीर तंवर आदि अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आपसी मत भेद भुलाकर कर समाज के लिए एक जुट होकर कार्य करे



**उत्तम भारत संवाददाता, रेवाड़ी, (पवन कुमार)।** सैनी महासभा हरियाणा के प्रधान धर्म सिंह सैनी ने सैनी समाज से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि एकजुटता से ही सैनी समाज विकास की बुलंदियों को छूएगा। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले व महाराजा शूर सैनी के सिद्धांतों पर चलकर समाज निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है। धर्म सिंह सैनी आज यहां सैनी पब्लिक स्कूल रेवाड़ी में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में सैनी सभा के पूर्व प्रधान चेतराम सैनी का सैनी महासभा हरियाणा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर, कैलाश सैनी को सैनी पब्लिक स्कूल का चेयरमैन व शशिभूषण सैनी को सैनी सभा का समन्वयक बनाए जाने तथा मनोज सैनी को सैनी महासभा का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सैनी महासभा हरियाणा के सचिव मा. देवी सिंह, सैनी सभा नारनौल के प्रधान बिशनलाल सैनी, सैनी सभा धारुहेड़ा के प्रधान खुशीराम सैनी, सैनी सभा नांगल चौधरी के प्रधान बलबीर सिंह सैनी, सैनी सभा रेवाड़ी के उपप्रधान रामसिंह सैनी, सह सचिव सुंदरलाल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सैनी, कार्यकारिणी सदस्य सतीश सैनी, ओमप्रकाश सैनी, कॉलोजियम सदस्य अजीत सैनी, भगवानदास सैनी, राजकुमार सैनी, वेदप्रकाश सैनी, रविकांत सैनी, राजू सैनी, ओमप्रकाश सैनी, सुभाष चंद सैनी, ललित सैनी, मनीष सैनी, सचिन सैनी, हरिराम सैनी, अजीत सिंह सैनी, रामनिवास सैनी, प्रताप सिंह सैनी, सुरेश सैनी पार्षद, राकेश सैनी पार्षद धारुहेड़ा, हरिराम सैनी, हरीश सैनी, टेकचंद सैनी, पूर्व प्रधान अनिल सैनी समेत सैनी सभा रेवाड़ी, सैनी सभा नारनौल, सैनी सभा धारुहेड़ा व सैनी सभा नांगल चौधरी के पदाधिकारीगण तथा सैंकड़ों की संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच संचालन सभा सचिव धर्मेंद्र सैनी एडवोकेट ने किया।समारोह को संबोधित करते हुए धर्म सिंह सैनी ने कहा कि समाज को ताकत देने के लिए सैनी महासभा हरियाणा का गठन किया है। प्रदेश के 20 जिलों में संगठन बन गया है और आगामी दिनों में समूचे प्रदेश में सैनी महासभा एक मजबूत संगठन बनकर उभरेगा। सैनी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चेतराम सैनी ने कहा कि वह पिछले 25 सालों से सैनी समाज की मजबूती के लिए काम कर रहे हैं। नगर पार्षद, सैनी सभा के प्रधान समेत उन्हें जो भी जिम्मेवारी मिली है, उस पर वह पूरी ईमानदारी के साथ खरा उतरे हैं। आगे भी समाज की भलाई के लिए निरंतर काम करते रहेंगे। सैनी पब्लिक स्कूल नवनियुक्त चेयरमैन कैलाश सैनी ने कहा कि 2008 में सैनी सभा के तत्कालीन प्रधान चेतराम सैनी व तत्कालीन प्रबंधक शशिभूषण सैनी के साथ हमने सैनी पब्लिक स्कूल की स्थापना की थी। आज यह स्कूल बारहवीं तक शिक्षा दे रहा है।

# होडल में महाराजा अग्रसेन जयंती पर विशाल कवि सम्मेलन का होगा आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता होडल।** होडल में अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में महाकवि सम्मेलन का आयोजन वैश्य समाज द्वारा महाराज अग्रसेन की जयंती पर चिराग पैलेस में 23 सितंबर को विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के कवि भाग लेंगे। होडल में श्री महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 23 सितंबर मंगलवार को शहर में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सांय 6 बजे से बस स्टैंड के निकट चिराग पैलेस वैंकट हाल में होगा। कवि सम्मेलन अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं समस्त अग्रवाल समाज के तत्वावधान में किया जाएगा। यह जानकारी सम्मेलन के संरक्षक भोजराज गर्ग ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन में पदम श्री सुरेंद्र शर्मा के अलावा डा.सौरभ कांत शर्मा, पदम अलवेला, मा. महेंद्र, डा.मोहित संगम,पल्लवी त्रिपाठी, मीनाक्षी दिनेश कुमार, वेद परतोर व विष्णु विराट आदि कवि हिस्सा लेंगे। कवि सम्मेलन में मनीष कुमार गर्ग खाद वाले मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कवि सम्मेलन के आयोजन को लेकर संस्था के सदस्यों को जिम्मेदारियों सौंपी गई हैं। इस अवसर पर भोजराज गर्ग के साथ राजकुमार गर्ग, पंकज गोयल, संदीप बंसल,अश्वनी सिंगला, ऋषि बंसल, मनोज गर्ग, बालकिशन सिंगला आदि मौजूद थे।

# प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सैनी के बयान पर,कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने भाजपा पर निशाना साधा



**उत्तम भारत संवाददाता होडल, रतन सिंह।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा दिए गए बयान में कहा कि राहुल गांधी के वोट चोरी के बयान से कांग्रेस के विधायकों और सांसदों की कुर्सी भी खतरे में आ गई है। इस पर वक्तव्य पर पलटवार करते हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने कहा कि भाजपा पार्टी अपना ओर चुनाव आयोग का बचाव कर रही है। इन झूठें बयानों से कुछ नहीं होता इनकी असलियत जनता के सामने आने वाली है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने अपने निवास पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा सरकार को जमकर खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है। प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। महिलाओं की सुरक्षा खतरे में है।आपको बता दें कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे वोट चोरी के अभियान को खारिज करते हुए कहा है कि राहुल गांधी के बयानों से कांग्रेस के विधायक और सांसदों की कुर्सी भी खतरे में आ गई है। नायब सैनी ने कर्नाटक की उन सीटों पर रिपोर्ट जारी की जहां कांग्रेस के नेता चुनाव जीतकर आए हैं और राहुल गांधी वोट चोरी का आरोप लगाते रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सेनी के इस बयान पर पटलवार करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा है कि जो हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सेनी ने कांग्रेस पार्टी के विपक्ष के नेता राहुल गांधी सच्चे नेता हैं और जो वोट चोरी का मुद्दा उठाया है। वह उन्होंने सबूतों के आधार पर उठाया है और जो भाजपा सरकार बनी है वह वोट चोरी से बनी है जिसका सबूत पार्टी के नेता राहुल गांधी ने दिया है। उदयभान ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा की कठपुतली बनी हुई है जिन उम्मीदवारों ने रिकाउंटिंग के लिए पैसा जमा करा दिया है उनकी आज तक काउंटिंग क्यों नहीं कराई जा रही है। जो भाजपा के नेता अपनी नाकामी को छुपा रही है क्यों कि देश की जनता सब कुछ जान चुकी है और इसका उदाहरण जल्द ही आने वाला है।

# श्री विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला कार्यकारिणी का हुआ गठन

● राजेंद्र जांगड़ा बने सोहना जांगड़ा सभा के प्रधान,महेश जांगड़ा उप प्रधान




**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** रविवार सोहना श्री विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला समिति ने मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया जिसमें कार्यकारिणी का गठन किया गया।इस कार्यकारिणी में श्री विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला कार्यकारिणी के राजिंद्र जांगड़ा को सर्वसम्मति से प्रधान और महेश जांगड़ा को उप प्रधान नियुक्त किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष भगवान दास जांगड़ा ने पिछला लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। उसके उपरांत रिकॉर्ड नई कार्यकारिणी को सौंप दिया गया।

कार्यकारिणी गठन के दौरान मवासी राम जांगड़ा ने राजिंद्र जांगड़ा के नाम का अनुमोदन किया जहां सभी ने अपनी सहमति जताते हुए राजिंद्र जांगड़ा को प्रधान चुन लिया गया।इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने प्रधान राजेंद्र जांगड़ा का फूल माला से स्वागत किया और प्रधान पद की बधाई दी।कहा इस जिम्मेवारी को पूर्णतया निष्ठा और कर्त्तव्यपरायणता से निभाएंगे।जहां कार्यकारिणी मेंप्रधानः राजेंद्र जांगड़ा,उप प्रधानः महेश जांगड़ाउप प्रधानः मामराज जांगड़ा,सचिवः प्रमोद जांगड़ा (रिंकु),कोषाध्यक्षः भगवान दास जांगड़ा,सलाहकारः ओम प्रकाश जांगड़ा (भोला),संरक्षकः प्रेम प्रकाश जांगड़ा,कार्यकारिणी मैम्बरः,शिव कुमार जांगड़ा,संजय जांगड़ा,कमल जांगड़ा,धर्मपाल सिंह जांगड़ा,प्रीत पांचाल,नरेश जांगड़ा ( खेडला ),प्रवीन जांगड़ा,मानसिंह जांगड़ा नरेश जांगड़ा ( भिवानी वाले सतीश जांगड़ा ,रविंदर जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

# शक्ति की उपासना का पर्व है नवरात्रि : दिनेश कपूर




**उत्तम भारत संवाददाता, रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था के तत्वाधान में मां दुर्गा के चरणों की वंदना का कार्यक्रम "तूने मुझे बुलाया शेरावालिए" का आयोजन पंजाबी धर्मशाला पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के जिला प्रधान दीपेश भार्गव, समाजसेवी आदर्श राजपाल व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि नवरात्रि के नौ दिनों में हम सभी मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा करते हुए, सात्विक आहार लेते हुए अपने जीवन की दिव्यता का अनुभव करते हैं। अपने घरों के मंदिर में मां की अखंड ज्योत जलाते हैं। ध्यान रखते हैं कि ज्योत बुझने ना पाए। इसका वस्तुतः अभिप्राय है कि अपने हृदय में ज्ञान की ज्योत को निरंतर जलायें रखें। उल्लेखनीय सेवाओं के लिए समाजसेवी कपिल बजाज, डॉ अमित अरोड़ा, सरदार कश्मीर सिंह, समाजसेवी राजेंद्र गेरा, शिक्षाविद राजेंद्र सिंह यादव, प्रो सी एल सोनी, समाजसेवी अनिल आर्य, प्रदीप शर्मा गुड्डू व उपप्रधान कुलदीप सोनी को विशेष रूप से सम्मानित किया। आये हुए अतिथियों को मां दुर्गा, राम दरबार, शिव परिवार व हनुमान जी के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में मुख्यतः हिमांशु पिपलानी, रेयान बजाज, पुरुषोत्तम नंदवानी, प्रवक्ता देवेंद्र कुमार, कपिल कपूर, ओजस्वी, सोनिया कपूर, सुनीता, किशोरी लाल नंदवानी, नयन शर्मा व साथियों ने सहयोग किया। नौ दिन जब हम पवित्रता पूर्वक रहते हैं तो दसवें दिन विजयदशमी अर्थात रावण का अंत होना निश्चित हो जाता है। मन के विकार नष्ट हो जाते हैं। रावण के दहन के पश्चात दीपावली अर्थात हृदय में प्रकाश उदय होता है जिसमें साक्षात प्रभु राम के दर्शन होने लगते हैं। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी धीरज शर्मा, समाजसेवी हरबंस लाल खुराना, उपप्रधान हेमंत ग्रोवर व डॉ बलबीर अग्रवाल ने कहा कि मां दुर्गा के आठ हाथ प्रतीक है प्रत्येक में छिपी संकल्पशक्ति का। जब हम हृदय में मां दुर्गा का आह्वान करते हैं तो हमारी सात्विक मार्ग पर चलने की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। जीवन में बड़ी सफलता सरल हो जाती है।

## समाचार

# जनसेवा समिति ने किया 57वें विशाल भण्डारे का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** सामाजिक संस्था जनसेवा समिति द्वारा सिविल लाईंस क्षेत्र स्थित अग्रवाल धर्मशाला के निकट रविवार को 57वें विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के जतिन व प्रवेश शर्मा का कहना है कि अन्नदान ही सबसे बड़ा दान है। यदि किसी जरुरतमंद व्यक्ति को भोजन करा दिया जाए, यही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य होता है। संस्था सामाजिक क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने शहर के सामर्थ्यशील लोगों से भी आग्रह किया है कि वे भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजनों को बढावा दें, ताकि जरुरतमंदों को ससम्मान भोजन भी प्रसाद के रुप में उपलब्ध हो सके। आयोजन को सफल बनाने में संजय मेहरा, सिवास, युसुफ, अमित आदि का सहयोग रहा।

# खेल विभाग ने गांव बंचारी में वॉलीबॉल खेल गतिविधियां करवाई आयोजित



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** जिला खेल अधिकारी खुशवंत सिंह ने बताया कि खेल कार्यक्रम के अंतर्गत उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला प्रशासन और खेल विभाग द्वारा बंचारी गांव के राजीव गांधी स्टेडियम में वॉलीबॉल खेल गतिविधियां आयोजित करवाई गई। कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने बढ़-चढकर भाग लिया और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं खेल विभाग के अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा विजेता टीमों को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं। खेलों से जहां शारीरिक और मानसिक विकास होता है, वहीं समाज में आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। गांव के नागरिकों एवं खेल प्रेमियों ने वॉलीबॉल मुकाबलों का आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

# ब्राह्मण सभा ने आपातकालीन बैठक का किया आयोजन

**मंत्री विपुल गोयल द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग निंदनीय है: ब्राह्मण सभा।**



**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** मंत्री विपुल गोयल के द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले गए अभद्र टिप्पणी को लेकर आज ब्राह्मण सभा सोहना द्वारा एक आपातकालीन बैठक बुलाई गई। जिसमें सभी ब्राह्मण सदस्यों ने भाग लिया और अपनी नाराजगी जताई और कहा कि वो अपने पद कि गरिमा को बनाए रखे। उन्हें ऐसा वक्तव्य शोभा नहीं देता। यह उनकी शान के खिलाफ है उन्होंने कहा मंत्री विपुल गोयल व्यक्तिगत रूप से माफी मांगे । इस अपमान को स्वीकार नहीं किया जा सकता और सरकार भी इस मामले को गंभीरता से ले। हालांकि आपको बता दें कि इस अभद्र टिप्पणी को लेकर मंत्री विपुल गोयल द्वारा सोशल मीडिया पर खेद व्यक्त किया है और उन्होंने कहा मेरे शब्दों को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है। ब्राह्मण समाज हम सभी के प्रेरणास्रोत हैं के साथ ज्ञान देने वाले हैं। इस अवसर पर पंडित लख्मी चंद ,अनिल भारद्वाज कोकी, मनोज पाठक ,अरुण वशिष्ट, देव दत्त शर्मा एडवोकेट, पंकज दुबे ,मुकेश शर्मा, गौरव शर्मा, ओम दत्त शर्मा, लोकश भारद्वाज , विकाश शर्मा विक्की , युवा प्रधान हर्षित शर्मा आदि मौजूद थे।

# 20 सितंबर से आरंभ हुआ तीन दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव

**मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रिक स्कूटी, एलईडी टीवी, बेबी बाइक, ओवन ओर ढेरों इनाम जीत लोगों की हुई बल्ले बल्ले,**

**उत्तम भारत संवाददाता, रेवाड़ी।** अग्रवाल सभा रेवाड़ी द्वारा 20 सितंबर शनिवार से तीन दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का शुभारंभ हुड्डा ग्राउंड सेक्टर 3 में किया गया। इस समारोह की जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा के प्रधान रिपुदमन गुप्ता एवं अग्रसेन जयंती समारोह के चेयरमैन लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती पर 20 सितंबर शनिवार को शाम 6:00 बजे से रात्रि 10:00 तक दीपावली मेले का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामकिशन गुप्ता भालखी वाले पधारे, कार्यक्रम की अध्यक्षता मनीष अग्रवाल विक्की फैशन ने की। आति विशिष्ट अतिथि के रूप में आलोक सिंहल, टीकाराम सिंहल



एंड कंपनी अखबार वाले तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जतिन अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका अटेली मंडी से पधारे। सभी अतिथियों ने सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश वंदना से किया गया। उन्होंने बताया कि 20 सितंबर को समारोह स्थल पर ही रात्रि 9:30 बजे लकी ड्रा का आयोजन किया गया। नन्हें बालक शिवेन गुप्ता पुत्र साहिल गुप्ता, सुपुत्र प्रेम प्रकाश भालखी वालों के कर कमलों से लक्की ड्रा निकाले गए। प्रथम विजेता शगुन रही जिन्होंने मोटरसाइकिल जीती, द्वितीय विजेता एडवोकेट अक्षय गुप्ता रहे जिन्हें इलेक्ट्रिक स्कूटी जीती, तृतीय विजेता अग्रवाल सभा के मीडिया प्रभारी हेमंत अग्रवाल रहे जिन्होंने इनाम में 55 इंच की एलइडी टीवी जीती, चौथे इनाम इलेक्ट्रिक बेबी बाइक में विकास शर्मा विजेता रहे।

P-05:28 paga09_jhn.qxd 9/21/2025 7:05 PM Page 1



## आस्था का प्रतीक प्राचीन मां दुर्गे व महाकाली मंदिर

*** आज से पहले नवरात्र मां शैलपुत्री का रखा जाता है**





**चांदपुर।** नगर में बिजनौर बाईपास रोड स्थित महाभारत कालीन मंदिर जो संतोषी माता के नाम से प्रसिद्ध है । यह मंदिर महाभारत कालीन से इस मंदिर में मां महाकाली व दुर्गा की पूजा की जाती है । यह नगर में क्षेत्र के श्रद्धालुओं का आस्था का प्रतीक है मंदिर । जो भी भक्त सच्चे मन से मन की पूजा करता है मां उसकी मनोकामना पूर्ण करती हैं ।

मंदिर पर प्रतिवर्ष चैत्रीय नवरात्रों पर अष्टमी का मेला लगता है और शारदीय नवरात्रों पर भी प्रतिदिन मेला जैसा माहौल रहता है । इस मंदिर पर बड़े-बड़े दूर से आकर श्रद्धालु अर्चना पूजा करने के बाद मां से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और अपने परिवार के लिए शुभ समृद्धि की प्राप्ति के लिए भी पूजन किया जाता है । मंदिर की कमेटी द्वारा बताया गया महाभारत काल में पांडव सेना का पड़ाव सैन्दवार व स्याऊ क्षेत्र होता था । पांडव सेना हस्तिनापुर से यहां तक सेना रहती थी इसी के नाम से इस गांव का नाम सैन्दवार रखा गया ।

गांव में द्वाण स्थल व द्रोणाचार्य की प्रतिमा भी स्थापित है । बुजुर्गों द्वारा बताया गया की पांडव सेना नगर में स्थित मां दुर्गा व मां काली की पूजा इसी मंदिर पर करते थे । मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहित अग्रवाल द्वारा बताया गया । की प्राचीन काल में पांडव और पांडवों की सेना मंदिर में आकर मां काली की पूजा अर्चना करते थे । मंडी के अंदर मां काली के सामने मां दुर्गा मठ है । मंदिर परिसर मैं मां संतोषी माता का विशाल मंदिर शिव परिवार का मंदिर और विशाल हनुमान जी की 70 फीट ऊंची मूर्ति व . शनि देव का मंदिर भी स्थित है । यहां आकर सभी श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं यह आस्था प्राचीन काल से चली आ रही है ।

## पितृ अमावस्या पर श्रद्धालुओं नें माँ गंगा में लगाई आस्था की डुबकी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नांगल सोती।** आज पितृ अमावस्या है।पितृ अमावस्या पर सैकड़ो श्रद्धालुओं ने नांगल गंगा घाट पर गंगा के पवित्र जल में श्रद्धा की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने मां गंगा की पूजा-अर्चना की और गंगा तट पर ब्राह्मणो कों दान देकर परिवार के कष्ट दूर करने की कामना मां गंगा से की।

नांगलसोती पतित पावनी माँ गंगा घाट पर आज सुबह सवेरे से ही श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा था। श्रद्धालुओं ने पहले गंगा स्नान किया। उसके बाद श्रद्धालुओं ने माँ गंगा की विधि विधान के साथ पूजा की। पूजा करने के उपरांत परिवार की शांति,कष्ट हरण व सुख-समृद्धि की कामना की। गंगा में जलस्तर ज्यादा एवं तेज बहाव होने से श्रद्धालुओं ने गंगा के कम ही जल में ही स्नान किया। श्रद्धालुओं नें गंगा जल आचमन किया। पितृ अमावस्या पर गंगा स्नान करके दान करने का बहुत महत्व है

पंडितों की मानें तो इन दिनों में अपने पितरों को पिंड़ दान व श्राद्ध तर्पण करने से उन्हें मोक्ष मिलता है और पितर प्रसन्न रहते है. जिससे घर में सुख शांति व समृद्धि आती है.पुराणों में कहा गया है कि जो व्यक्ति श्राद्ध पक्ष में किसी भी वजह से श्राद्ध नहीं कर पाता है तो वह इस पक्ष के आखिरी दिन पितृ विसृजनी अमावस्या वे यदि पिंड़ दान श्राद्ध आदि कर दे तो पितरों को शांति मिलती है और इस दिन सूर्य उदय होने से पहले गंगा में स्नान कर अपने पितरों को विदा करने से सभी कष्ट दूर होते हैं। और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं।

## बिजनौर में पेट्रोल पंप मैनेजर को मारी गोली : मालिक को घर छोड़कर लौट रहे थे, बाइक सवारों ने किया हमला, मेरठ रेफर



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** कोतवाली क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप मैनेजर पर बाइक सवार बदमाशों ने गोली चला दी। घटना देर रात बाईपास रोड पर हुई। मंडावर थाना क्षेत्र के रतनपुरी गांव निवासी योगेंद्र शर्मा बालावाली स्थित पेट्रोल पंप से अपने मालिक अमोक दीक्षित को बिजनौर में उनके घर छोड़ने गए थे।

वापसी में मर्सी हॉस्पिटल के पास बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों ने योगेंद्र के पेट में गोली मार दी। घायल योगेंद्र को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें मेरठ रेफर कर दिया। घायल की पत्नी वर्षा की शिकायत पर पुलिस ने गांव के तरुण और मंगल समेत एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा कर रही है।

## सीरत उन नबी प्रतियोगिता 2025 का परिणाम घोषित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नजीबाबाद।** होप वेलफेयर सोसायटी द्वारा नजीबाबाद के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं की एक प्रीतियोगीयता परीक्षा 7 सितम्बर को एम मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई थी जिसमे कुल 527 प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिसका आज नजीबाबाद प्राईवेट आई टी आई में परिणाम घोषित किया गया। प्रथम पुरस्कार कासमिया इंटर कालेज के छात्र मोहम्मद हुजैफा ने हासिल किया जिसको दस हजार रुपये, ट्राफी और सर्टिफिक्रेट से नवाजा गया, द्वितीय पुरस्कार कासमिया इंटर कालेज की ही छात्रा आलिया कौसर ने हासिल किया जिसको 7500- ट्रॉफी और सर्टिफिक्रेट दिया गया, तृतीय पुरस्कार नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कालेज की छात्रा अलकमा फसीहा ने हासिल किया जिसको पांच हजार रुपये प्रमाणपत्र,और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अब्दुस्समद ने तिलावत कुरान से किया तथा संचालन डॉ शमशाद हुसैन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भ्डप् इंटर कालेज नहटौर के रिटायर्ड प्रधानाचार्य ऐजाज उल हसन जैदी ने कहा कि छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश की सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डॉ रूमी सिद्दीकी रही उन्होंने महिलाओं की शिक्षा की बात कही। कारी अरशद साहब ने पैगम्बर हजरत मुहम्मद सव का संक्षिप्त जीवन परिचय कराया। इसके अतिरिक्त डॉ सुहैल सिद्दीकी, गुफरान उल हक, सफिया अंसारी, अशहब फातिमा, रिजवान निजामी, मरगूब हुसैन नासिर,हाजी शमसुद्दीन मुफ्ती शाहिद, मुफ्ती सुहैल, इंजिनयर सलमान, एडवोकेट इमरान अंसारी, शारिक खान के अतिरिक्त होप सदस्य मोईनुद्दीन, कमर अख्तर, मौलाना आतीक ,एहतेशाम निजामी, यासर एडवोकेट, सरफराज, वसीम, उस्मान गनी, शादान, शुजा हसन, मौ अकील, अफाज, साहिल, मरयम, आदि मौजूद रहे।

## महफिल ए मुशायरे व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया




**उत्तम भारत संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बज्म ए फिक्रो फन नजीबाबाद की ओर से मशहूर शायर अख्तर मुल्तानी की याद में एक महफिल ए मुशायरे व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिस में मकामी शायरो ने उम्दा कलाम पेश करते हुए खूब दाद हासिल की।

बीती रात अजमल खां रोड़ स्थित असलम अंडे वालों के आवास पर बज्म ए फिक्रो फन नजीबाबाद की ओर से मशहूर शायर अख्तर मुल्तानी की याद में एक महफिल ए मुशायरे व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिस में नगर पंचायत साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को बज्म ए फिक्रो फन के लोगों ने फूल मालाए पहनाकर व शॉल ओढाकर सम्मानित किया। इस मौके पर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि मरहूम अख्तर मुल्तानी साहब बेहतरीन तरन्नुम के शायर थे। उन्होने अपनी शायरी से नजीबाबाद का नाम पूरे हिन्दुस्तान में रोशन किया। महफिल ए मुशायरे का आगाज शायर अकरम जलालाबादी ने किया। गजल के दौर में शायर नसीम नजीबाबादी, शहबाज अख्तर मुल्तानी, हाफिज शादाब, हाजी बहार आलम, उबैद नजीबाबादी, आरिफ आरजू, कमर कल्हेडवी, शादाब जफर शादाब, आसिफमिर्जा, डाक्टर तैय्यब जमाल, अकरम जलालाबादी, सरफराज अहमद साबरी, डाक्टर रईस अहमद भारती ने उम्दा कलाम पेश कर खूब दाद हासिल की। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी तसनीम सिद्दीकी, वरिष्ठ पत्रकार मरगूब हुसैन नासिर शाहिद मुल्तानी, जीशान मुल्तानी, अबरार सलमानी, रईस कुरैशी, अमजद सिद्दीकी, एमडी खान, अजीच्ज अहमद, नदीम सलमानी, हुसैन अहमद शमशाद मुल्तानी, नौशाद मुल्तानी, बाबर मुल्तानी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने की व संचालन उबैद नजीबाबादी ने किया। कार्यक्रम संयोजक असलम अंडे वालो ने सभी मेहमानो का शुक्रिया अदा किया।

## महर्षि वाल्मीकि की आरती व पुष्पाजंली कार्यक्रम आयोजित किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नजीबाबाद।** रामलीला मंच पर सामाजिक समरसता मंच जिला बिजनौर की इकाई नजीबाबाद की ओर से महर्षि वाल्मीकि की आरती व पुष्पाजंली कार्यक्रम आयोजित किया गया। शनिवार की संध्या को रामलीला मैदान के रामलीला मंच पर सामाजिक समरसता मंच जिला बिजनौर की नजीबाबाद इकाई द्वारा महर्षि वाल्मीकि की आरती व पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर की एक बस्ती के वाल्मीकि समाज के दो प्रधानों के साथ भारी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोगों ने सहभागिता की व मंच पर महर्षि वाल्मीकि के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। धर्माचार्य जगदीश जोशी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वाल्मीकि समाज के प्रधान जयपाल झंझोटा, प्रधान रामपाल, नरेंद्र पारचा, जॉनी चौनवाल, मास्टर रामसिंह, अंशुल, नरेश, नरेंद्र, सुमित, गौरव, अंकित आदि मौजूद रहे।

## डॉ सी. पी. सिंह बने आई एम ए के अध्यक्ष, डॉ अमित नारायण सचिव और डॉ कामेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष




**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** आई एम ए की एक साधारण सभा आहूत की गई जिसमें डॉ सी पी सिंह को अध्यक्ष, डॉ अमित नारायण को सचिव और डॉ कामेंद्र सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई, सभा में निवर्तमान सचिव डॉ आशु आत्रेय ने विगत कार्यकाल का ब्यौरा पेश किया, निवर्तमान अध्यक्ष डॉ योगेन्द्र सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान सभी आई एम ए सदस्यों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया, डॉ अनिल अग्रवाल ने मुख्य चुनाव अधिकारी की भूमिका निभाई, सभा में डॉ एस के मित्तल, डॉ राजेंद्र सिंह, डॉ दिनेश डिमरी,डॉ राजीव चौधरी, डॉ दीपेंद्र सिंह , डॉ सुनील चौधरी, डॉ आलोक चौधरी, डॉ बागेश कुमार, डॉ राजीव सिंह, डॉ सुभाष सिंह, डॉ दिग्विजय सिंह, डॉ धैर्य विश्नोई,डॉ संदीप गोयल, डॉ राहुल देशवाल, डॉ उपेंद्र सिंह, डॉ सुमित राठी, डॉ नितिन चौहान, डॉ जगपाल सिंह, डॉ धैर्य विश्नोई आदि की उपस्थिति रही, अंत मे डॉ सी पी सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की गयी।

## प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित अत्यंत प्रेरक फिल्म का प्रदर्शन किया, हुआ उदघाटन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज बिजनौर में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन हुआ ।, इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी एमएलसी तथा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी उपस्थित रहे। सम्मेलन में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित एक अत्यंत प्रेरक फिल्म का प्रदर्शन किया गया। यह फिल्म हमारे विश्व प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संघर्ष, अदम्य साहस, कठोर परिश्रम भरे जीवन से प्रेरणा देती है। इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पूर्व विधायक डॉक्टर इंद्रदेव सिंह क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर अनूप वाल्मीकि क्षेत्रीय सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी नेता डॉ बीरबल सिंह भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री नरेन्द्र भाटी, विजय राणा धामपुर गन्ना समिति अध्यक्ष रामवीर सिंह भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री शोभित त्यागी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रॉबिन चौधरी पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित चौधरी कार्यक्रम संयोजक पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

## भुईयार समाज की बैठक हुई आयोजित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नूरपुर।** भुईयार समाज उत्थान समिति की एक बैठक नूरपुर के गांव मनुपुरा मे देवराज भुईयारी के आवास पर आयोजित हुई।

जिसकी अध्यक्षता नूरपुर क्षेत्र के अध्यक्ष कैलाश भुईयार व संचालन महामन्त्री बिजेंद्र सिंह भुईयार ने किया। बैठक मे बिजनौर से पहुंचे समिति के संरक्षक राजपाल भुईयार ने जिला मुख्यालय पर भुईयार धर्मशाला भूमि ऋय हेतु समाज के व्यक्तियो से विचार-विमर्श किया। समिति के जिला महामन्त्री बलजीत सिंह जी ने धर्मशाला भूमि ऋय हेतु सभी से अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की। बैठक मे कार्यकारी अध्यक्ष बलवंत सिंह,कार्यवाहक सदस्य सुरेश कुमार, मन्त्री ओमकार जी,प्रचार मन्त्री शेर सिंह,संगठन मन्त्री भोपाल सिंह,प्रेमचंद भुईयार,प्रवेन्द्र भुईयार, विजयपाल, हरपाल भुईयार आदी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसान की चोरी हुई मोटरसाइकिल बरामद न होने के संबंध में थाने में धरना प्रदर्शन किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** नहटौर थाना प्रांगण में पुलिस द्वारा किसान की चोरी हुई मोटरसाइकिल बरामद न होने के संबंध में तथा थाने में भ्रष्टाचार और नहटौर थाने में दरोगा जितेंद्र तोमर के द्वारा ग्राम फूलसनधि निवासी कई वर्षो पहले मृत्यु हुए व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज की कार्यवाही तथा किसानों के साथ अनुचित व्यवहार के संबंध में तथा किसान यूनियन के द्वारा 9 तारीख में 10 दिन समय देने के बाद भी चोरी की मोटरसाइकिल बरामद न होने के वाद ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश अहलावत की अध्यक्षता में थाने में धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें पूर्व तहसील राजेंद्र सिंह तहसील अध्यक्ष कविराज सिंह , नरदेव सिंह, जगत सिंह, धीरेंद्र चौधरी , विशाल डवास,अतेंद्र चौधरी ,शुभम अहलावत , पुनीत तुसयार, रोहित राणा, रिंकू राठी, राजवीर सिंह, लोकेंद्र चौधरी, वरुण चिकारा, अरुण अहलावत ,शेखर चौधरी, दिनेश ठाकुर, संजीव चौधरी , कुलदीप चौधरी, आदित्य चौधरी, रितेंद्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## शाकुंभरी देवी ध्वज के साथ निकली शोभायात्रा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**किरतपुर।** शनिवार को मोहल्ला झंडा में स्थित चैन पुरी मंदिर से मां शाकुंभरी देवी की आरती के पश्चात गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री शाकंभरी देवी ध्वज यात्रा प्रारंभ हुई जो नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई श्री रामलीला झंडा चौक पर समापन हुई जहां पर आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया उसके पश्चात श्री झंडा रामलीला रंगमंच पर हनुमान धाम के संस्थापक पत्रकार प्रदीप चौहान एवं उनके परिवार द्वारा भगवान श्री राम व सीता माता की आरती पंडित गौरव शर्मा द्वारा विधि विधान से कराई गई उसके पश्चात स्थानीय कलाकारों द्वारा नारद मोह विस्तार पूर्वक प्रदर्शित किया गया जिसको देखने के लिए धर्म प्रेमियों और दर्शकों की काफी भीड़ एकत्रित रही आज श्री झंडा रामलीला रंगमंच पर राम जन्म स्थानीय कलाकारों द्वारा दिखाया जाएगा श्री झंडा रामलीला कमेटी ने सभी धर्म प्रेमियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर धर्म लाभ एवं रामलीला का मंचन और आनंद लेने के लिए कहा।

## भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत में उठे किसानों के ज्वलंत मुद्दे

*** आवारा पशु, बाघों का आतंक और धान खरीद केंद्रों की मांग तेज**

*** 23 सितंबर को बरेली महा पंचायत में शामिल होने का आह्वान**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत रविवार को किसान भवन मंडी समिति, पीलीभीत में आयोजित हुई। पंचायत की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री नेमचंद वर्मा ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलों मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि किसान इस समय कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। आवारा पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान, जंगली जानवरों एवं बाघों का आतंक किसानों और ग्रामीणों के लिए बड़ा संकट बना हुआ है। उन्होंने मांग की कि बाघों को जंगलों में ही सुरक्षित रखने के लिए ठोस प्रबंध किए जाएं और जंगल की संपूर्ण जाल फेंसिंग की जाए।उन्होंने यह भी कहा कि चालू धान खरीद सत्र में पर्याप्त संख्या में सरकारी धान क्रय केंद्र खोले जाएं, खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए तथा बारदाने और भुगतान की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलों ने प्रशासन और पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिले में पुलिस सत्ता के इशारे पर काम कर रही है। पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है और दबंगों को संरक्षण दिया जा रहा है, जो बर्दाश्त योग्य नहीं है। उन्होंने विद्युत आपूर्ति में अवैध कटौती पर रोक लगाने, शेड्यूल के अनुसार बिजली उपलब्ध कराने और किसानों को समय से खाद एवं उर्वरक मुहैया कराने की मांग उठाई। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। साथ ही, उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से 23 सितंबर को बरेली के नेहरू युवा केंद्र में होने वाली महापंचायत में भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सतविंदर सिंह काहलों, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित गंगवार, उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह, कोषाध्यक्ष नेमचंद वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष जयवीर लाल, उपाध्यक्ष दशरथ सिंह, मैकूलाल, सोनू शाह, इजहार, सरफराज, नन्हेंलाल वर्मा, ओंकार सिंह, रूपलाल, फूलचंद, दयाशंकर, गणेश प्रसाद, अलाउद्दीन, सखावत हुसैन, सक्षम गंगवार, चंद्रपाल, सोमवती, चंद्रकली, निर्मला, शशि अवस्थी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गजरौला कस्बे में दुर्गा पूजा मेले की धूम, मूर्तिकार ने माता रानी की प्रतिमा को किया सुशोभित

*** 27 सितंबर से शुरू होगा सात दिवसीय उत्सव, आस्था और उल्लास का दिखेगा अद्भुत संगम**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**गजरौला।** गजरौला कस्बे में हर साल की तरह इस बार भी दुर्गा पूजा मेला श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक और धार्मिक परंपरा से जुड़ा आयोजन 27 सितंबर 2025, शनिवार से प्रारंभ होकर पूरे सात दिनों तक चलेगा। मेला शुरू होने से पूर्व स्थानीय मूर्तिकार हरिचान ने माता रानी की प्रतिमा को सजाकर अपनी कारीगरी का शानदार परिचय दिया। प्रतिमा के भव्य और सुशोभित रूप को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।मेला परिसर स्थित माँ दुर्गा मंदिर में प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा-अर्चना, आरती और देवी वंदना की जाएगी। क्षेत्र के गाँव-गाँव से आने वाले श्रद्धालु माता रानी के दरबार में मत्था टेकेंगे और धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

मेले में धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सांस्कृतिक और मनोरंजन कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजन समिति ने झूले, दंगल, रामलीला और लोकनाटकों की विशेष व्यवस्था की है। शाम के समय मंच पर प्रस्तुतियाँ वातावरण को जीवंत बना देंगी। महिलाओं, युवाओं और बच्चों में इस मेले को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आदर्श किसान इंटर कॉलेज के पास नेशनल हाईवे किनारे लगाए जा रहे मेले में स्टॉल, झूले और सांस्कृतिक मंचों की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। बिजली, पानी और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी सक्रिय है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेला प्रभारी रामेश्वर दयाल नेता (गजरौला कला) ने बताया कि परंपरा के अनुरूप यह मेला हर साल श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न होता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अब क्षेत्र की पहचान बन चुका है और ग्रामीणों की भावनाओं से गहराई से जुड़ा हुआ है।

गजरौला और आसपास के गाँवों के लोग पूरे परिवार सहित मेले में शामिल होंगे। बच्चों के लिए झूले और मिठाइयाँ, युवाओं के लिए दंगल और नाटक, तथा महिलाओं के लिए धार्मिक दर्शन और खरीदारी मेले के आकर्षण होंगे। इस बार का मेला धार्मिक आस्था और उत्सव के उल्लास का अद्भुत संगम साबित होने जा रहा है।

## बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का अनोखा समस्या निवारण दरबार

*** रोजाना हजारों लोग रखते हैं अपनी समस्याएँ, भोजन-नाश्ते की होती है संपूर्ण व्यवस्था**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**पीलीभीत।** जनपद भर में अपनी अनूठी कार्यशैली और जनसेवा के लिए चर्चित महामंडलेश्वर एवं 128 विधानसभा बरखेड़ा के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज द्वारा संचालित जनसुनवाई कार्यक्रम अब पूरे क्षेत्र में ÷समस्या निवारण दरबार÷ के रूप में प्रसिद्ध हो चुका है। यहाँ आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना जाता है और समाधान के लिए तुरंत कदम उठाए जाते हैं। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज प्रतिदिन हजारों लोगों से सीधे संवाद करते हैं। वे स्वयं दरबार में खड़े होकर एक-एक पीड़ित का हाल जानते हैं और अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल निस्तारण कराते हैं। इस दौरान लोगों को केवल समस्या समाधान ही नहीं मिलता, बल्कि खाने-पीने, नाश्ते और चाय की संपूर्ण व्यवस्था भी की जाती है। यही वजह है कि जनसुनवाई में भाग लेने वाले लोग सम्मान और आत्मीयता का अनुभव करते हैं।

इसी क्रम में रविवार को भी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में लोग खमरियापुल स्थित श्री परम अक्रिय धाम कार्यालय पहुँचे। जनदर्शन कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने अपनी-अपनी समस्याएँ रखीं। विधायक ने प्रत्येक समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों से तुरंत वार्ता कर समाधान हेतु निर्देश दिए।

जनदर्शन कार्यक्रम में पहुँचे क्षेत्रवासियों ने आश्रम प्रांगण स्थित श्री अलखेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन-पूजन किया और प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने कहा कि विधायक महाराज न केवल समस्याओं का समाधान करते हैं, बल्कि जनता के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था को भी जोड़ते हैं। आज पूरे जनपद में स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के दरबार की चर्चा गूँज रही है। लोग कहते हैं कि विधायक के इस प्रयास ने जनता और जनप्रतिनिधि के बीच की दूरी मिटा दी है। विधायक प्रतिदिन लोगों की समस्याओं को न केवल सुनते हैं, बल्कि उसके समाधान की जिम्मेदारी खुद उठाते हैं। यही कारण है कि वे क्षेत्र की जनता के दिलों में विशेष स्थान बना चुके हैं।

## विश्व हिंदू रक्षा परिषद के पदाधिकारियों पर हुई तीन एफआईआर दर्ज



**उत्तम भारत संवाददाता**

**पीलीभीत।** विश्व हिंदू रक्षा परिषद की जिला इकाई पर कानून का शिकंजा कसता जा रहा है। बीते 24 घंटे के भीतर संगठन के जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं पर तीन अलग-अलग थानों में एफआईआर दर्ज की गई हैं। इन पर धमकी देने, रंगदारी मांगने, टनकपुर हाईवे पर जाम लगाकर आवागमन बाधित करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस अब आरोपियों पर और कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

अभिसूचना इकाई के दरोगा होरीलाल की तहरीर पर न्यूरिया थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। इसमें जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह, वरिष्ठ जिला महामंत्री गोपाल शर्मा, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गौरव राणा, प्रभारी आशीष लोधी, जिला संगठन मंत्री शुभम सक्सेना, जिला महामंत्री सूरज वर्मा, शैलेंद्र गंगवार, चिन्टू, प्रिंस भारद्वाज और जौली गुप्ता को आरोपी बनाया गया है।आरोप है कि दरोगा द्वारा कॉल करने पर मुकदमा खत्म न करने पर संगठन पदाधिकारियों ने थाना फूंकने की धमकी दी और सरकारी कार्य में बाधा डाली। दरोगा प्रीतम सिंह की तहरीर पर सदर कोतवाली में दूसरी एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें विहिंरप जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह, गोपाल शर्मा, जौली गुप्ता, करणी सेना जिलाध्यक्ष रविंद्र ठाकुर, भाकियू टिकैत नेता धर्मेंद्र सिंह चौहान, अमित गंगवार, अकरम, अनु उर्फ खुशबू और अन्य अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। इन पर टनकपुर हाईवे पर जाम लगाकर आवागमन बाधित करने और सरकारी कार्य में रुकावट डालने का आरोप है। बरेली जिले के नवाबगंज निवासी कैफे संचालक सुगजीत सिंह की ओर से तीसरी एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसमें जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह, आशीष लोधी, गौरव राणा, शिवम सक्सेना और प्रिंस बजरंगी को आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि इन लोगों ने उन्हें डरा-धमकाकर 60 हजार रुपये की रंगदारी वसूली। लगातार तीन एफआईआर दर्ज होने से संगठन की गतिविधियां सुर्खियों में हैं। पुलिस ने मामलों की जांच शुरू कर दी है और संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में और भी मुकदमे दर्ज होने की संभावना है।

# सम्पादकीय

## चुनौतियों के बीच शिक्षा की जंग

नकोदेसर गाँव, राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूंकरणसर तहसील का एक छोटा सा गाँव है, जहाँ हर सुबह एक नई चुनौतियों के साथ होती है। किसानों को बेहतर फसल उगाने की चुनौती होती है तो युवाओं को रोजगार पाने की चुनौती होती है। बच्चों और विशेषकर लड़कियों के सामने शिक्षा हासिल करने की सबसे बड़ी चुनौती होती है। इन चुनौतियों का सामना करते हुए उन्हें सरकार से कुछ उम्मीदें होती हैं।

लेकिन ये उम्मीदें अक्सर अधूरी रह जाती हैं, खासकर तब जब सरकारी योजनाएँ मौजूद होते हुए भी उनके असली लाभ नहीं मिल पाते। गाँव की आर्थिक स्थिति कठिन है, संसाधन सीमित हैं, और विशेषकर लड़कियों के लिए शिक्षा की राह कई तरह की बाधाओं से घिरी हुई है। सरकार की योजनाएं हों या शिक्षा विभाग की घोषणा, तब-तब उनको क्रियान्वित करना और गाँव-घर तक पहुँचाना चुनौती बन गया है।

राजस्थान में सरकारी स्कूलों की स्थिति का हाल कुछ ऐसा है कि स्कूलों में मास्टर की कमी सबसे बड़ी समस्या है। उदाहरण के लिए, राज्य में लगभग 1.17 लाख शिक्षण पदों पर अभी भी टीचरों की नियुक्ति नहीं हुई है। स्कूलों को उच्च माध्यमिक स्तर पर अपग्रेड किया गया है, लेकिन नए पदों पर टीचर की नियुक्ति नहीं होने के कारण कक्षाएँ नियमित रूप से नहीं चल पा रही हैं। वऊक्त्रए रिपोर्ट बताती है कि 7, 688 स्कूलों में सिर्फ एक ही शिक्षक होते हैं, और 2, 167 सरकारी स्कूल ऐसे हैं जहाँ एक भी छात्र नामांकित नहीं है।

नकोदेसर में, इस कमी की गहराई सीधे महसूस की जा सकती है। जब सरकारी स्कूल में शिक्षक नहीं होंगे तो बच्चों को पढ़ाने के लिए अभिभावकों को निजी स्कूलों का रुख करना पड़ेगा, जो कि गरीब परिवारों के लिए खर्चीली होती हैं। कई लड़कियाँ इन स्कूल-शिक्षण की कमी और दूरी की वजह से स्कूल जाना बंद कर देती हैं, क्योंकि स्कूल पहुँचने के लिए समय और मेहनत अधिक लगती है। साथ ही, घर के काम, छोटे भाई-बहनों की देखभाल, और कभी-कभी विवाह जैसी सामाजिक जिम्मेदारी भी उनकी शिक्षा की राह में आती हैं।

हालांकि राज्य सरकार, हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचाने के लिए काफी प्रयास कर रही है। इसके लिए कई सरकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जैसे छात्रवृत्ति, मुफ्त किताब-पाठ्य सामग्री, पोषण आहार, शिक्षा से सम्बंधित सब्सिडियां आदि तो घोषित हैं, लेकिन दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों तक इसका लाभ पहुँचने में देर हो जाती है, या फिर दस्तावेजों की कमी की वजह से उन्हें नहीं मिल पाती है। उदाहरणस्वरूप, यदि परिवार के पास पर्याप्त पहचान पत्र, स्कूल से सम्बंधित दस्तावेज, वहाँ-के स्कूल का सही पता आदि नहीं हो, तो योजनाएं मिलना कठिन हो जाता है। गाँव की महिलाओं का कहना है कि योजनाएं आती हैं, मगर आवेदन प्रक्रिया जटिल होती है, और जानकारी गाँव-घर तक नहीं पहुंच पाती है।

# विशेष

## स्वार्थ प्रथम के सिद्धान्त पर दस्तक देता राष्ट्रद्रोह का दावानल

-डा. रवीन्द्र अरजरिया-

देश के आन्तरिक हालातों को बिगाडने की कोशिशें तेज होती जा रहीं हैं। ह्वडीप स्टेटह्व से जुडे लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। प्रमाणों की फेरिश्त विदेशी रिपोर्ट्स में उजागर हो रहीं हैं। आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और अध्यात्मिक पक्षों को प्रभावित करने हेतु सात समुन्दर पार से धनराशि की खेपें निरंतर पहुंचाई जा रही हैं। चरणबद्ध षडयंत्र के तहत पहले देश के निवासियों में से ऐसे मीरजाफरों को खोजा जाता है जो पैसा, प्रतिष्ठा और पारिवारिक गरिमा को शीर्ष तक ले जाने के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार होते हैं, फिर उनके सहयोग से समाज सेवा, सामाजिक प्रशिक्षण, सामाजिक सरोकार, सामाजिक प्रबंधन, आधुनिक शिक्षा आदि के नाम पर एनजीओ का गठन करवाया जाता है। इन एनजीओ में समाज सेवा के नाम पर भारी भरकम फंड पहुंचाकर मीरजाफरों को अपने खास सिपाहसालारों की फौज तैयार करने का हुक्म दिया जाता है ताकि असामाजिक तत्वों की भीड को एनजीओ कार्यकताओं के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। इन मीरजाफरों में राजनैतिक दलों, उद्योगपतियों, कथित बुद्धिजीवियों, असामाजिक तत्वों, अतिमहात्वाकांक्षी व्यक्तियों, अपरिपक्व किशोरों, नासमझ छात्रों, बेरोजगार युवाओं, स्वतंत्र विचारों वाली युवतियों आदि को विलासतापूर्ण भविष्य के सब्जबाग दिखाकर शामिल किया जाता है। ऐसे ज्यादातर एनजीओ की बागडोर विदेशों से शिक्षा प्राप्त करके स्वदेश लौटने वाले स्वार्थी लोगों के हाथों में सौंपी जाती है जिनमें राजनैतिक चेहरों सहित अनेक प्रतिष्ठित लोगों को शामिल किया जाता है ताकि संवैधानिक अंकुश लगने पर हंगामा खडा किया जा सके। हाल ही में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा कि उन्हें पाकिस्तान घर जैसा लगता है। इनके विवादास्पद बयानों ने हमेशा ही देश के वातावरण में जहर घोलने की काम किया है। सैम के एनजीओ ग्लोबल नालेज इनिशिएटिव को अमेरिकी विदेश विभाग, यूएसएआईडी तथा राक फेलर फाउण्डेशन से निरंतर धन की प्राप्ति हो रही है। सैम तो राकफेलर के वर्तमान उपाध्यक्ष तथा अमेरिकी सरकार के पूर्व सलाहकार भी हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के पूंजीपति जार्ज सोरोस को लम्बे समय से भारत विरोधी गतिविधियों के लिए जाना जाता है। सोरोन को रिसर्च फार सोशल हैल्थ ने अपने बुलेटिन में डीप स्टेट के साथ जोड़ते हुए नकारात्मक व्यक्ति की उपाधि से विभूषित किया है। आश्चर्य होता है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मुख्य सलाहकार एवं गांधी परिवार के निजी एनजीओ राजीव गांधी फाउंडेशन के सीईओ विजय महाजन केवल सोरोस के ही पार्टनर नहीं हैं बल्कि उनकी सीआईए से संबद्ध फोर्ड फाउंडेशन के साथ भी साझेदारी बताई जाती है। मालूम हो कि सन 1982 में फोर्ड फाउंडेशन के अधिकारी दीप जोशी ने सह-संस्थापक विजय महाजन के साथ मिलकर प्रदान नामक एक प्रशिक्षण एनजीओ की स्थापना की थी जिसे पिछले 12 वर्षों में 596 करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी फंडिंग प्राप्त हुई है। आश्चर्य तो तब हुआ जब बंग्लादेश में डीप स्टेट के इशारे पर तख्ता पलट हुआ तब फोर्ड फाउण्डेशन से जुडे मोहम्मद यूनुस को सत्ता पर स्थापित करवाने में सहयोग हेतु फोर्डियन विजय महाजन को दायित्व सौंपा गया। उस कठिन दौर में ट्रस्ट के पूर्व ट्रस्टी नारायण मूर्ति ने भी सहयोगात्मकत कार्य किया था। मालूम हो कि अप्रैल 2010 में कांग्रेस के नेतृत्व हेतु विजय महाजन तथा इन्फोसिस के प्रथम अध्यक्ष डा. जी. के. जयराम ने जवाहरलाल नेहरू लीडरशिप इंस्टीट्यूट अर्थात जेएनएलआई के नाम से एक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किया था। यही संस्थान जुबैर से लेकर आरफा तक, द कारवां से लेकर आर्टिकल 14 तक को फंड करता है। इस हेतु इंफोसिस के मालिक सहित उनके अन्य मित्र वित्तीय व्यवस्था करते है। इस संस्थान के संस्थापक ट्रस्टियों में शामिल रुक्मिणी बनर्जी का नाम विजय महाजन के फोर्ड वित्त पोषित एनजीओ की उपाध्यक्ष के रूप में भी शामिल है। कहा जाता है कि सीआईए ने फोर्ड फाउण्डेशन को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मनोवैज्ञानिक युद्ध करने के लिए युवा शक्ति तैयार करने का काम सौंपा है। ज्ञातव्य हो कि सीआरपीएफ के वीवीआईपी सिक्यूरिटी हेड सुनील जून ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि राहुल गांधी अपनी सुरक्षा को गम्भीरता से नहीं ले रहे हैं। क्यों कि वह ज्यादातर विदेश यात्रा पर बिना किसी को बताये जा रहे हैं। पत्र में राहुल गांधी की 30 दिसम्बर से 9 जनवरी तक इटली, 12 मार्च से 17 मार्च तक वियतनाम, 17 अप्रैल से 23 अप्रैल तक दुबई, 11 जून से 18 जून तक कतर, 25 जून से 6 जुलाई तक मलेशिया जैसी यात्राओं का हवाला दिया गया है।

# आतिशबाजी रहित उत्सवों की परम्परा का सूत्रपात हो

-ललित गर्ग-

पर्यावरण संकट हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों की लगातार हो रही क्षति ने जीवन को असहज और असुरक्षित बना दिया है। यह संकट किसी दूर के भविष्य की चिंता नहीं है, बल्कि हमारे रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित कर रहा है। राजधानी दिल्ली इसका सबसे जीवंत उदाहरण है, जहाँ दीपावली और अन्य त्योहारों के बाद वायु गुणवत्ता इतनी खराब हो जाती है कि सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है। इसका एक प्रमुख कारण पटाखों का प्रयोग है। पटाखे और आतिशबाजी कुछ क्षणों के लिए उत्सव का शोर और रोशनी जरूर बिखेरते हैं, लेकिन उनके पीछे छूट जाता है जहरीला धुआं, असहनीय शोर, सांस लेने में तकलीफ और एक असंतुलित वातावरण। इस स्थिति में दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर अंकुश लगाने के संदर्भ में देश की शीर्ष अदालत की टिप्पणी संवेदनशील और मार्गदर्शक होने के साथ-साथ जनजागरूकता बढ़ाने वाली है। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यदि साफ वायु राष्ट्रीय राजधानी के विशिष्ट लोगों का हक है तो यह हक शेष देश के हर व्यक्ति को भी मिलना चाहिए। दिल्ली ही नहीं, सम्पूर्ण देश में वायु प्रदूषण को नियंत्रण करना जरूरी है।

दुनिया भर के प्रदूषित देशों में भारत पांचवें नंबर पर है, दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर भी हमारे ही देश में हैं, ऐसे तेरह शहर दुनिया के शीर्ष बीस प्रदूषित शहरों में शुमार हैं, इन चिन्ताजनक हालातों में हवा को जहरीला बनाने वाले पटाखे निरंकुश रूप से जलाना एक आत्मघाती कदम ही है। पटाखों के दुष्प्रभाव स्पष्ट और प्रमाणित हैं। वे वातावरण में जहरीली गैसों का उत्सर्जन करते हैं, जिससे हवा की गुणवत्ता अचानक बेहद खराब हो जाती है। दीपावली की रात पटाखों से निकलने वाला धुआं कई दिनों तक हवा में बना रहता है और सांस की तकलीफ, आंखों में जलन, हृदय रोग और दमा जैसी बीमारियों को और गंभीर कर देता है। पटाखों से होने वाला ध्वनि प्रदूषण बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए भय और असहनीय पीड़ा का कारण बनता है। पशु-पक्षियों की स्थिति भी दयनीय हो जाती है, उनके जीवन में असुरक्षा और बेचैनी घुल जाती है। यह सब जानते हुए भी आतिशबाजी को लेकर समाज में अब भी ढिलाई और परंपरा के नाम पर अनदेखी जारी रहना दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में दीपावली के बाद की स्थिति किसी आपदा से कम नहीं होती। पिछले वर्ष दीपावली के दौरान दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई 300 से ऊपर चला गया और ह्वबहुत खराबह्व से ह्वगंभीरह्व श्रेणी में दर्ज हुआ। यह हर साल का दोहराया जाने वाला दृश्य है और हर साल सरकार, समाज और न्यायपालिका को इसे लेकर चिंतित होना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विकट स्थिति को गंभीरता से लिया है और हाल के वर्षों में बार-बार स्पष्ट किया है कि केवल दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पटाखों पर रोक लगनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के आलोक में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अब चाहे दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बनीहॉट हो या पंजाब व राजस्थान के सबसे अधिक प्रदूषित शहर हों, उन्हें भी पटाखों के नियमन का लाभ मिलना चाहिए। हाल ही में अदालत ने सरकारों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पटाखों के उत्पादन, बिक्री और भंडारण पर पूर्ण रोक हो, और जो भी इन नियमों का उल्लंघन करे उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। अदालत का यह रुख केवल कानूनी आदेश नहीं है, बल्कि समाज को चेताने वाला संदेश भी है कि अब हमें अपने उत्सवों की परिभाषा बदलनी होगी। दिल्ली सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 5 के तहत पटाखों पर पूर्ण और स्थायी प्रतिबंध लागू किया है। इस प्रतिबंध के अनुसार न तो पटाखों का उत्पादन हो सकता है, न बिक्री और न ही भंडारण या उपयोग। यह कदम पर्यावरण और नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए जरूरी था। लेकिन केवल सरकारी आदेश और अदालत के निर्देश काफी नहीं होंगे, जब तक समाज स्वयं अपनी सोच और व्यवहार में बदलाव नहीं लाता। परंपराओं को बदलने में समय लगता है, लेकिन जैसे लोग धीरे-धीरे प्लास्टिक के खिलाफ खड़े हुए और विकल्प तलाशने लगे, वैसे ही आतिशबाजी से मुक्त त्योहारों को भी अपनाया जा सकता है। सवाल यह है कि हम लोग क्यों नहीं सोचते कि हमारे पटाखे जलाने से श्वास रोगों से जूझते तमाम लोगों का जीना दुश्वार हो जाता है। यह एक हकीकत है कि देश के तमाम शहरों में हवा ही नहीं, पानी व मिट्टी तक में जहरीले तत्वों का समावेश हो चुका है। जो न केवल हमारी आबोहवा के लिये बल्कि हमारे शरीर के लिये भी घातक साबित हो रहा है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में देश में श्वसन तंत्र से जुड़े रोगों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। साथ ही प्रदूषित हवा के प्रभाव में सांस संबंधी रोगों से लोगों के मरने का आंकड़ा भी बढ़ा है। कहीं न कहीं हमारे वातावरण में बढ़ता प्रदूषण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाने वाले कारकों में वृद्धि भी कर रहा है। लेकिन पटाखों से होने वाला प्रदूषण ऐसा है जो हमारे संयम के जरिये रोका जा सकता है। चिंता की बात यह है कि पटाखों के जलने से निकलने वाले कण हमारे श्वसनतंत्र को नुकसान पहुंचाने के साथ ही हमारे खून में घुल रहे हैं। जिसमें पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे महीन कण फेफड़ों में प्रवेश करके गंभीर रोगों को जन्म दे रहे हैं। इतना ही नहीं पटाखे जलाने के कारण जहरीली रासायनिक गैसों के रिसाव से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र को गंभीर क्षति पहुंच रही है। इससे ओजोन परत भी क्षतिग्रस्त हो रही है। साथ ही ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी हमारे वायुमंडल में जलवायु परिवर्तन के संकटों को बढ़ाने में भूमिका निभा रहा है। त्योहार और उत्सव हमारे जीवन का हिस्सा हैं। वे सामाजिक जुड़ाव, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक खुशी का प्रतीक हैं। लेकिन जब खुशी मनाने का तरीका ही हमारे स्वास्थ्य और जीवन के लिए संकट बन जाए, तब उस पर गंभीर पुनर्विचार आवश्यक हो जाता है। दीपावली पर पटाखों की परंपरा समाज में गहराई तक पैठ चुकी है। लोग इसे परंपरा, रौनक और आनंद का प्रतीक मानते हैं। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि ह्वबिना पटाखों के त्योहार अधूरा लगता है।ह्व लेकिन यह सोच आज के समय में बेहद खतरनाक साबित हो रही है। त्योहार की असली रौनक दीपों की जगमगाहट, परिवार की एकजुटता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामूहिक उत्सवों में है। संगीत, नाटक, कला और पारंपरिक दीपक किसी भी पटाखे से कहीं अधिक स्थायी आनंद दे सकते हैं। समय आ गया है कि हम यह स्वीकार करें कि आतिशबाजी अब हमारी खुशियों का हिस्सा नहीं रह सकती। खुशियों का असली मतलब है एक-दूसरे के साथ का आनंद, स्वच्छ वातावरण में खुलकर सांस लेना और समाज में शांति और प्रेम का संचार करना। अगर हम चाहते हैं कि हमारी अगली पीढ़ी सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जी सके, तो आतिशबाजी को त्यागना ही होगा। सरकारें अपनी नीतियों से इस दिशा में पहल कर चुकी हैं, अदालत ने भी कठोर आदेश दिए हैं, अब बारी समाज की है कि वह अपनी सोच बदले और अपने त्योहारों को पटाखों के बिना भी और अधिक रोशन और सार्थक बनाए। एक नागरिक के तौर पर हमारी जिम्मेदारी व संवेदनशीलता ही हमें इस संकट से उबार सकता है। विगत में सख्त कानून लागू करने के बावजूद नागरिकों के गैर-जिम्मेदार व्यवहार से प्रदूषण का संकट बढ़ा ही है। जब हम प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना त्योहार मनाएंगे, तभी सच्चे अर्थों में हमारे उत्सव जीवनदायी और सार्थक बनेंगे। यही समय है कि हम सामूहिक रूप से एक नई परंपरा गढ़ें, आतिशबाजी रहित त्योहारों की परंपरा, ताकि आने वाली पीढ़ियां हमें दोष न दें कि हमने उनके हिस्से की स्वच्छ हवा और सुरक्षित पर्यावरण छीन लिया।

# नफरत की आग में झुलसते खूनी रिश्ते एक खोफनाक त्रासदी ?

-नरेन्द्र भारती-

आधुनिक समाज में खूनी रिश्तों में इतनी नफरत बढ रही है कि नफरत की आग में रिश्ते झुलसते जा रहे है और रिश्तों का कत्लेआम व नरसंहार हो रहा है। रिश्तों का कत्लेआम, समाज के लिए अशुभ संकेत है। देश में प्रतिदिन ऐसे हत्याकांड होते जा रहे हैं। विश्व विख्यात देवभूमि हिमाचल के हमीरपुर के भोरंज में एक कलयुगी बेटे ने पैंसों की खतिर प्रैस से सिर हमला करके अपनी मां को मौत के घाट उतार दिया आरोपी ने पहले पुलिस को गुमराह किया लेकिन बाद में सच कबूल कर लिया पुलिस ने आरोपी को गिरफतार कर लिया है। पिछले महिने काँगड़ा में धर्मशाला की सुधेड़ पंचायत के तरैला गाँव में एक नाबालिग बेटे ने बाप को गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। इस हत्याकांड से हर हिमाचली खौफ मे हैं यह प्रलय की आहट है। समाज का यह विकृत चेहरा बेहद भयानक है यदि समय रहते इस पर रोक न लगाई तो आने वाला कल निश्चित रूप से घातक सिद्ध होगा। रिश्तों की डोर ढीली पडती जा रही है आज का इन्सान माया के कारण इतना अंधा हो गया है कि रिश्तों की अहमियत भूलता जा रहा है अपनों के खून से ही अपने हाथ रंग रहा है। आज रिश्तों की परिभाषा बदलती जा रही है रिश्तों में पाश्विकता आ गई है आज भेड बकरियों की तरह एक दूसरे का खून बहाया जा रहा है यह बहुत ही लज्जाजनक है कि बेटे मां-बाप के खून के प्यासे हो रहे है। आज जर, जोरू, जमीन के कारण रिश्तों का कत्लेआम हो रहा है, जायदाद के लिए बेटे मॉं-बाप को मौत के घाट उतार रहे हैं। सहनशीलता न होने के कारण आज ऐसी वारदातें हो रही हैं कि आत्मा सिहर उठती है। कुछ वर्ष पहले रामपुर के ननखडी में दो सौतेले भाईयों में कहासुनी हो गई और बड़े भाई ने छोटे भाई की कुल्हाडी से बेरहमी से निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया था। इस घटना से हर हिमाचली स्तब्ध है कि देवभूमि के नाम से विख्यात हिमाचल में खूनी रिश्तों का कत्लेआम हो रहा है। यह बहुत ही त्रासदी है। गत वर्ष राजधानी दिल्ली में बहु द्वारा जमीन के लिये सास व ननद का कत्ल कर दिया था। दूसरी घटना में सौतेली मां ने गला घोंटकर बच्चे को मौत की नींद सुला दिया था। आखिर इंसान को क्या हो गया है कि अपनों को ही मौत की नींद सुला रहा है ऐसे मामले प्रलय की इबारत लिख रहे है अगर इन बढते मामलों पर संज्ञान न लिया तो आने वाले दिनों में घातक परिणाम भुगतने पडेगें। कि विश्व गुरु के नाम से विख्यात भारत में रिश्तों में नफरत गहरी होती जा रही है और लोग पूरे के पूरे परिवार को मौत की नींद सुला रहे है। रिश्तों में आ रही इस नफरत की आग को बूझाना होगा हर भारतीय को मंथन करना होगा। खूनी रिश्ते ही एक दूसरे का खून बहा रहे है रिश्तों में आ रही कडवाहट एक त्रासदी है इतिहास गवाह है कि खून के रिश्ते इतने मजबूत होते थे कि माँ बाप, भाई -बहन एक दूसरे की खातिर जान तक की बाजी लगा देते थे मगर आज इतिहास बदलता नजर आ रहा हैं। काँगड़ा में छोटी काशी के नाम से विख्यात मंडी में एक घटना घटित हुई थी। एक समाचार के अनुसार रक्षा बंधन के दूसरे दिन सोमवार 27 अगस्त 2018 को मंडी के निहरी के चरखड़ी में दो भाईयों के संपति विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई पर डंडे से प्रहार करके मौत के घाट उतार दिया था। विवाद केवल एक पेड़ को लेकर चल रहा था। कहासुनी के बाद तैश में आकर डंडे से प्रहार करके लहुलुहान कर दिया बाद में शिमला में उसकी मौत हो गई थी स हत्या करने वाले हत्यारे को सुन्दरनगर पुलिस ने बस अडडे से गिरफतार कर लिया था। कुछ साल पहले देवभूमि हिमाचल प्रदेश के सुन्दरनगर में मामूली कहासुनी पर छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की पीठ पर तेजधार हथियार से वार करके घायल कर दिया था। इससे पहले भी प्रदेश के जिला मण्डी के सुंदरनगर में ही जमीनी झगड़े में भाई द्वारा भाई की गोली मारकर हत्या करने जैसी घटना से हर हिमाचली उद्वेलित हुआ था। ऐसे ही दो घटनाक्रमों में मण्डी के सरकाघाट में एक बेटे ने जमीनी विवाद में बाप को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था और सिरमौर के पांवटा साहिब में एक बाप ने बेटे को नहर में फैंक दिया था जिसका शव 14 दिन बाद उतरप्रदेश के खारा प्रौजैक्ट से बरामद हुआ था2016में महाराष्ट्र के ठाणें के घोड़बंदर रोड़ स्थित कासारवडवली में एक दिल दहला देने वाले नरसंहार से हर भारतीय उद्वेलित हुआ था। जहां एक व्यक्ति ने अपने ही परिवार के चैदह लोगों की नृशसं हत्या के बाद खुद भी आत्महत्या कर ली। इस हत्याकांड से हर भारतीय सदमें था। मानव अपनी सभ्यता और संस्कृति को भूलकर राक्षसों जैसा आचरण कर रहा है। आज संपति के लिए जो कुछ हो रहा है बहुत ही त्रासद है। मानव धनलिप्सा की मृगतृष्णा में फंसता जा रहा है वह अपनी सोचने की शक्ति खो चुका है। इस मृगमरीचिका का परिणाम क्या होगा इसके पीछे मानव वैसे ही भाग रहा है जैसे हिरन पानी के पीछे भागता है। रिश्तों में बिखराव बेहद घातक है इतिहास गवाह है कि खून के रिश्ते इतने मजबूत होते थे कि भाई -बहन एक दूसरे की खातिर जान तक की बाजी लगा देते थे मगर आज इतिहास बदलता नजर आ रहा हैं। छोटी काशी के नाम से विख्यात मंडी में एक घटना घटित हुई है। एक समाचार के अनुसार रक्षा बंधन के दूसरे दिन सोमवार 27 अगस्त 2018 को ताजा घटनाक्रम में मंडी के निहरी के चरखड़ी में दो भाईयों के संपति विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई पर डंडे से प्रहार करके मौत के घाट उतार दिया। विवाद केवल एक पेड़ को लेकर चल रहा था। कहासुनी के बाद तैश में आकर डंडे से प्रहार करके लहुलुहान कर दिया बाद में शिमला में उसकी मौत हो गई। हत्या करने वाले हत्यारे को सुन्दरनगर पुलिस ने बस अडडे से गिरफतार कर लिया है। कुछ साल पहले देवभूमि हिमाचल प्रदेश के सुन्दरनगर में मामूली कहासुनी पर छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की पीठ पर तेजधार हथियार से वार करके घायल कर दिया था। इससे पहले भी प्रदेश के जिला मण्डी के सुंदरनगर में ही जमीनी झगड़े में भाई द्वारा भाई की गोली मारकर हत्या करने जैसी घटना से हर हिमाचली उद्वेलित हुआ था। ऐसे ही दो घटनाक्रमों में मण्डी के सरकाघाट में एक बेटे ने जमीनी विवाद में बाप को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था और सिरमौर के पांवटा साहिब में एक बाप ने बेटे को नहर में फैंक दिया था जिसका शव 14 दिन बाद उतरप्रदेश के खारा प्रौजैक्ट से बरामद हुआ था 2016में महाराष्ट्र के ठाणें के घोड़बंदर रोड़ स्थित कासारवडवली में एक दिल दहला देने वाले नरसंहार से हर भारतीय उद्वेलित हुआ था। जहां एक व्यक्ति ने अपने ही परिवार के चैदह लोगों की नृशसं हत्या के बाद खुद भी आत्महत्या कर ली। इस हत्याकांड से हर भारतीय सदमें था। मानव अपनी सभ्यता और संस्कृति को भूलकर राक्षसों जैसा आचरण कर रहा है। आज संपति के लिए जो कुछ हो रहा है बहुत ही त्रासद है। मानव धनलिप्सा की मृगतृष्णा में फंसता जा रहा है वह अपनी सोचने की शक्ति खो चुका है। इस मृगमरीचिका का परिणाम क्या होगा इसके पीछे मानव वैसे ही भाग रहा है जैसे हिरन पानी के पीछे भागता है। रिश्तों में बिखराव बेहद घातक है। गत वर्ष राजधानी दिल्ली में बहु द्वारा जमीन के लिये सास व ननद का कत्ल कर दिया था। दूसरी घटना में सौतेली मां ने गला घोंटकर बच्चे को मौत की नींद सुला दिया था। आखिर इंसान को क्या हो गया है कि अपनों को ही मौत की नींद सुला रहा है ऐसे मामले प्रलय की इबारत लिख रहे है अगर इन बढते मामलों पर संज्ञान न लिया तो आने वाले दिनों में घातक परिणाम भुगतने पडेगें। कि विश्व गुरु के नाम से विख्यात भारत में रिश्तों में नफरत गहरी होती जा रही है और लोग पूरे के पूरे परिवार को मौत की नींद सुला रहे है। रिश्तों में आ रही इस नफरत की आग को बूझाना होगा हर भारतीय को मंथन करना होगा। खूनी रिश्ते ही एक दूसरे का खून बहा रहे है रिश्तों में आ रही कडवाहट एक त्रासदी बन रही हैं। । भाई- भाई एक दूसरे की हत्या कर रहे हैं। 3 अप्रैल 2015 को बिहार में दवा खाने से इन्कार करने पर एक पति ने हथौड़े से सिर पर वार करके अपनी बीमार पत्नी को मौत के घाट उतार दिया 9 मार्च 2013 को उतरप्रदेश के बहराइच में एक भाई ने कुल्हाडी से सगी बहन की गर्दन काट दी सोनीपत में एक भानजे ने अपने मामा की हत्या कर दी। पंजाब के बठिडा में लडकी की चाहत में एक बाप ने 18 दिन पहले पैदा हुई बच्ची का गला घोटने की कोशिश मगर बच्ची की नानी ने छुडा लिया। गत वर्ष मेरठ में एक लडकी ने प्यार मे दीवार बने अपने पूरे परिवार को मौत के घाट उतार दिया था, मध्यप्रदेश में एक पति ने अपनी पत्नी व साली के चरित्र पर संदेह होने के कारण उनकी बेरहमी से हत्या कर दी और खुद भी आत्महत्या कर ली थी, उतरप्रदेश में महज चंद चांदी के सिक्कों के कारण एक मौसेरे भाई ने अपने भाई की नृशंस हत्या कर दी थी। मुम्बई में जायदाद के विवाद के कारण एक बाप ने अपने दो बेटों को गोली मारकर मौत की नींद सुला दिया, राजस्थान में एक बाप ने बेटी के चरित्र पर शक के चलते हत्या कर दी। दिल्ली में एक पत्नी ने दामाद से मिलकर अपने पति की हत्या कर दी क्योंकि पति उसके नाजायज संबंधों पर उंगली उठाता था। दिल्ली में मां ने अपने प्रेमी की खातिर अपने बच्चों का कत्ल करवा दिया जालन्धर में एक भतीजी ने लाठी के प्रहार से अपने सगे चाचा की हत्या कर दी थी।

# न्याय की रीढ़ पर वार: क्यों जरूरी है अधिवक्ता संरक्षण कानून

-पवन शुक्ला-

अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम की माँग उत्तर प्रदेश में लगातार तेज हो रही है। हापुड़ से वाराणसी तक हुई घटनाओं ने वकीलों की असुरक्षा को उजागर किया है। विधि आयोग और बार काउंसिल अपनी सिफारिशें सरकार को दे चुके हैं। अब जरूरत है कि विधानमंडल तुरंत अधिनियम लागू कर न्यायपालिका की रीढ़ को मजबूती दे।

लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में वकील समाज का अभिन्न हिस्सा है। अदालत की चौखट पर जब आम नागरिक न्याय की उम्मीद लेकर पहुँचता है, तो उसका सबसे बड़ा सहारा अधिवक्ता ही होता है। अधिवक्ता न केवल अपने मुवक्किल का पक्ष रखते हैं, बल्कि न्यायपालिका और जनसाधारण के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करते हैं। किंतु दुखद है कि जो वर्ग कानून और व्यवस्था की रक्षा करता है, वही आज खुद असुरक्षित है।

अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम की शुरूआत जुलाई 2021 में हुई, जब बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने इसका मसौदा प्रस्तुत किया। इसमें अधिवक्ताओं को हिंसा, धमकी और उत्पीड़न से बचाने के लिए कानूनी सुरक्षा के ठोस प्रावधान रखे गए। 2022 में संसद की स्थायी समिति ने मसौदे की समीक्षा कर संशोधनों की सिफारिश की। इसके बाद मार्च 2023 में राजस्थान पहला राज्य बना जिसने यह अधिनियम पारित कर अधिवक्ताओं को सुरक्षा का कवच दिया और अन्य राज्यों में भी उम्मीद जगाई।

उत्तर प्रदेश में यह माँग 29 अगस्त 2023 की हापुड़ घटना के बाद और तीव्र हो गई। उस दिन पुलिस ने न्यायालय परिसर में निहत्थे अधिवक्ताओं पर बेरहमी से लाठीचार्ज किया। न्याय की रक्षा करने वाले स्वयं न्यायालय परिसर में ही अपमानित और घायल किए गए। यह दृश्य पूरे प्रदेश की बार एसोसिएशनों को झकझोर गया और अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम की माँग को और प्रबल बना दिया। इसके विरोध में 4 सितंबर 2023 को उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ने तीन-दिवसीय हड़ताल की घोषणा की और अदालतों में कामकाज ठप हो गया। हापुड़ घटना के बाद 5 सितंबर 2023 को योगी सरकार ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। इस समिति का दायित्व था कि वह अधिवक्ताओं से सुझाव लेकर एक प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार करे और सरकार को अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करने के संबंध में ठोस दिशा-निर्देश दे। 9 सितंबर 2023 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को देखते हुए एक न्यायिक समिति गठित की। समिति को 16 सितंबर से बैठकें शुरू करने का निर्देश दिया गया। अधिवक्ताओं ने पुलिस की बढ़ती दखलअंदाजी, मनमानी गिरफ्तारी और सुरक्षा की कमी की शिकायतें कीं। सितंबर के अंत तक 40 से अधिक शिकायतें मिलीं। अक्टूबर 2023 में अंतरिम रिपोर्ट में अधिवक्ताओं पर हमले को न्यायिक कार्यवाही में गंभीर बाधा बताया गया। इसके बाद उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ने भी अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम का मसौदा तैयार कर राज्य विधि आयोग को सौंपा। विधि आयोग ने नवंबर 2023 में अपनी सिफारिशें दीं, जिनमें अदालत परिसरों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, अधिवक्ताओं को सुरक्षित और पक्के चैंबर उपलब्ध कराने, सामूहिक बीमा योजना लागू करने और महामारी जैसी आपात परिस्थितियों में उन्हें न्यूनतम पंद्रह हजार रुपये मासिक आर्थिक सहायता देने का सुझाव शामिल था। आयोग ने यह भी कहा कि किसी अधिवक्ता की गिरफ्तारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना न हो और गिरफ्तारी की स्थिति में 24 घंटे के भीतर संबंधित बार एसोसिएशन को सूचना दी जाए। अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रारूप में अधिवक्ताओं पर हिंसा, धमकी, उत्पीड़न, संपत्ति का नुकसान और दुर्भावनापूर्ण अभियोजन को संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध माना गया है। दोषी पाए जाने पर छह महीने से पाँच वर्ष तक की सजा और पचास हजार से दस लाख रुपये तक का जुमार्ना होगा, जबकि पुनरावृत्ति की स्थिति में यह सजा दस वर्ष तक बढ़ाई जा सकेगी। अदालत को पीड़ित अधिवक्ता को मुआवजा देने का अधिकार होगा।

लेकिन अधिवक्ता समाज को अपेक्षित परिणाम अब तक नहीं मिले। प्रयागराज में अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला की दिनदहाड़े हत्या ने यह संदेश दिया कि पेशेवर दायित्व निभाने वाले वकील भी असुरक्षित हैं। 17 सितंबर 2025 को वाराणसी जिला न्यायालय परिसर में पुलिस और वकीलों के बीच टकराव हुआ, जिसमें उपनिरीक्षक मिथिलेश कुमार गंभीर रूप से घायल हुए और लगभग 70 अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया। इस घटना के बाद अधिवक्ताओं ने काम का बहिष्कार किया और अदालतों का वातावरण तनावपूर्ण हो गया। 19 सितंबर 2025 को चंदौली में अधिवक्ता कमला यादव की हत्या उनके ही भाई द्वारा कर दी गई और मुरादाबाद में एक महिला अधिवक्ता पर रासायनिक हमला हुआ। यह घटनाएँ इस तथ्य को पुष्ट करती हैं कि मौजूदा कानूनी प्रावधान अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त नहीं हैं। इन घटनाओं ने अधिवक्ता बिरादरी के आत्मविश्वास को गहरा आघात पहुँचाया। हम अपने परिवार और बच्चों को हर रोज यह आश्वासन नहीं दे पा रहे कि हम सुरक्षित लौटेंगे। यह स्थिति अधिवक्ता बिरादरी के आत्मविश्वास को तोड़ रही है। —वाराणसी के एक वरिष्ठ अधिवक्ता (स्थानीय अखबार से बातचीत, 2024)। युवा वकील और कानून पढ़ रहे छात्र-छात्राएँ अब सवाल करने लगे हैं कि क्या न्याय के लिए लड़ना उनके जीवन के लिए खतरा बन जाएगा। जब अधिवक्ता भयभीत रहेंगे, तो कौन नागरिक का पक्ष निर्भीक होकर अदालत में रख पाएगा? अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल पेशेवर संरक्षण नहीं, बल्कि पूरे समाज के न्याय की सुरक्षा है। —बार काउंसिल ऑफ यूपी, 2024। 17 सितंबर की वाराणसी घटना के बाद 20 सितंबर 2025 को विधान परिषद सदस्य अशुतोष सिन्हा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को तत्काल लागू करने की माँग की।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित
कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

# बिलासपुर में रामलीला का भव्य महाकुंभ : रावण की तपस्या और दिग्विजय ने मोहा दर्शकों को

*** सोमवार का बाजार बना रंगमंच, रामभक्ति और उल्लास से गूंजा शहर**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** सोमवार का बाजार इस बार श्री रामलीला कमेटी रजि के भव्य आयोजन का गवाह बना। मंच पर नारद, मोह, मनु और रावण के महत्वपूर्ण प्रसंगों का रंगारंग और मार्मिक प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों को रामायण की अद्भुत कथा में डूबने का अनुभव कराया। सबसे आकर्षक और दर्शनीय दृश्य रहा रावण की तपस्या और वर प्राप्ति, जिसके बाद दिग्विजय का मंचन दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। कलाकारों के जीवंत अभिनय, भावपूर्ण संवाद और मंच संचालन ने छोटे-बड़े सभी को बांधे रखा। कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थित थे संरक्षक धन्नूमल बंसल,सतपाल जिंदल, मनोज अग्रवाल, दर्शन लाल चुग्घ,अनिल मदान, दिनेश कुमार



शर्मा, मोहित अग्रवाल, ललित गर्ग, गौरव अग्रवाल, नितिन गर्ग, राजेश जैन, मंच संचालक विनोद मिश्रा, रवि गोयल, महामंत्री दुष्यंत सिंहल, युवा अध्यक्ष कुशल गर्ग, कोषाध्यक्ष तिलकराज जैन, संजय अग्रवाल, निरंजन बंसल, मनोज जैन, अमन वर्मा, वीरेंद्र अग्रवाल, विनय शर्मा, अंकित बंसल और विकास जैन, साथ ही समाजसेवी एवं पर्यावरणविद् आर.टी.आई एक्टिविस्ट जयदीप गुप्ता और अनेक गणमान्यजन। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने मंचन का आनंद लिया और पूरा वातावरण रामभक्ति, आध्यात्मिक ऊर्जा और उल्लास से भर उठा। दर्शकों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम बच्चों और युवाओं में भारतीय धर्म, संस्कृति और महाकाव्य रामायण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इस भव्य रामलीला आयोजन ने बिलासपुर को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से जीवंत बना दिया और शहरवासियों के दिलों में रामभक्ति की सौगात बिखेरी।

# आखिर किस अनहोनी की आस लगाए बैठा है जिला प्रशासन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रायबरेली।** पार्किंग की व्यवस्था न होने से नागरिक बेहाललो.नि.वि. की नोटिस का भी नहीं दिख रहाभय बस स्टेशन से अस्पताल चौराहा वाया दीवानी कचेहरी गेट नं0-1 तक इतना भीषण जाम लगता है कि प्रतिदिन कचेहरी आने वाले वादकारियों से तू-तू, मैं-मैं होना आम बात हो गई है। लो.नि.वि. द्वारा अवैध अतिक्रमणकारी दुकानदारों को स्वेच्छा से दुकान खाली करने हेतु नोटिसे निर्गत की गई, किन्तु भयहीन अवैध दुकनदार रोड तक कब्जा कर मार्ग बाधित किये हुए हैं, यही नहीं दीवानी कचेहरी में पूर्व में भी कई बार दुर्दान्त घटनायें घटित हो चुकी हैं, जिनमें कचेहरी परिसर के अन्दर गोली काण्ड, लाकअप हत्याकाण्ड सहित कई बार बमबाजी भी चुकी है, किन्तु मान्नीय न्यायालय की भी गरिमा एवं सुरक्षा का ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इन्हीं दुकानों के सहारे कोई भी अवैध वस्तु को पहुँचा कर पुनः अपराधिक घटना कारित कर न्यायालय की छवि को तार-तार किया जा सकता है, यही नहीं फुटपाथ पर ठेला-ठेलिया लगाने वाले भी अतिक्रमण कर प्रशासन को खुली चुनौती देते हैं। अस्पताल से निकलने वाली एम्बुलेन्स जाम के कारण अपने गंतव्य को समय से नहीं पहुंच पाती, स्कूली बच्चे समय से विद्यालय से अपने घर वापस नहीं जा पाते, वाहनों के खड़े करने के विवाद में फंस जाने के कारण वादकारी समय से न्यायालय नहीं पहुंच पाते फलस्वरूप उनके विरूद्ध आदेश पारित हो जाता है। यह हाल केवल दीवानी कचेहरी के गेट नं0-1 का ही नहीं बल्कि पूरे जनपद का है, डिग्री कालेज चौराहे से प्रत्येक घण्टे अधिकारियों का आना-जाना बना रहता है।

# कांग्रेस नेताओं द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर 'वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शिवगढ़, बछरावां, सतांव व सरेनी ब्लाक में सम्पन्न हुआ. कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि विपक्ष के नेता व सांसद राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और भाजपा के बीच वोट-चोरी की खुलेआम मिलीभगत को साक्ष्य सहित उजागर किया है, परन्तु मोदी सरकार उल्टा राहुल गांधी से सवाल कर रही है और इसी कारण विभिन्न स्तरो पर वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है. यह अभियान केवल एक राजनैतिक कार्यक्रम न होकर संविधान की रक्षा और लोकतंत्र को संरक्षित और




सुरक्षित करने की महत्वपूर्ण शुरूआत है

हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम मे पूर्व विधायक अशोक सिंह, प्रत्याशी विधानसभा हरचन्दपुर सुरेन्द्र विक्रम सिंह, रमेश कुमार शुक्ला, मो.इलियास, महेश प्रसाद शर्मा, संतोष त्रिवेदी, राहुल बाजपेयी, रामखेलावन पासी, संजय श्रीवास्तव, मो.जफरूल, मनोज तिवारी, कामता प्रसाद गौड़, अखिलेश शुक्ला, अंजली रावत, आकर्षण द्विवेदी, गिरीश सिंह, राजेन्द्र मिश्रा, अरूण यादव, सीमा सिंह, जुबैर अहमद, अवधेश चैधरी, नीरज शुक्ला, दिनेश यादव, अखिलेश अवस्थी, मंजू रावत, ममता सिंह, रामा देवी पासवान, रामकुमार पासवान, जितेन्द्र द्विवेदी, मयंक यादव, राजकुमार सिंह सहित कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता उपस्थित रहे

# ऑनलाइन ड्रग लाइसेंसिंग पोर्टल में खामियाँ, दवा दुकानदार परेशान

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** उत्तर प्रदेश में दवा विक्रेताओं के लिए ऑनलाइन ड्रग लाइसेंसिंग पोर्टल समस्या बन गया है। तकनीकी गड़बड़ियों, जटिल प्रक्रिया और उपयोगकर्ता-मित्रता की कमी के कारण दुकानदार अपने लाइसेंस के लिए साइबर कैफे का सहारा लेने को मजबूर हैं। पोर्टल पर लाइसेंस सत्यापन, गोदाम लाइसेंस आवेदन और पासवर्ड रिकवरी जैसी सुविधाएँ ठीक से काम नहीं कर रही हैं।

आवेदन शुल्क जमा करने की प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली है। अलग-अलग जिलों में दस्तावेज़ प्रारूप भी भिन्न होने से परेशानियाँ बढ़ गई हैं। फार्मा ट्रेड्स एसोसिएशन रजि के जिला महामंत्री जयदीप कुमार गुप्ता ने अधिकारियों से शीघ्र सुधार की मांग की है, ताकि पोर्टल सरल और उपयोगकर्ता-मित्र बन सके और दवा व्यवसाय सुचारु रूप से संचालित हो।

# बिलासपुर तहसील में प्राइवेट कर्मियों का कब्जा, सरकारी कामकाज ठप

*** रिश्वतखोरी का गढ़ बना तहसील, जनता में रोष**

**बिलासपुर (रामपुर) ।** तहसील बिलासपुर में सरकारी कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। दो दर्जन से अधिक प्राइवेट कर्मी वर्षों से बिना वेतन और नियुक्ति के सरकारी काम कर रहे हैं। आरोप है कि तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो और लेखपाल के संरक्षण में ये लोग राजस्व कार्यों में रिश्वतखोरी कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार दाखिल-खारिज, नामांतरण, नकल और अन्य मामलों में 5 हजार से 5 लाख रुपये तक वसूली होती है। बिना पैसे या लेन-देन के कोई फाइल आगे नहीं बढ़ती।जनता ने इसे सरकार की छवि पर धब्बा बताते हुए उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# बिलासपुर तहसील में लेखपालों की अनियमित तैनाती, राजस्व कार्य ठप

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** तहसील बिलासपुर में लेखपालों की तैनाती में गंभीर अनियमितता सामने आई है। जानकारी के अनुसार, लेखपाल लगातार पांच सालों से एक ही हल्के में तैनात हैं, जो न केवल उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा 32 का उल्लंघन है बल्कि उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश संख्या 164/2020 (अधीनस्थ कर्मचारियों के स्थानांतरण एवं पुनर्नियुक्ति संबंधी) का भी सीधे विरोध करता हैइस अनुचित तैनाती के कारण तहसील में दाखिल-खारिज, नामांतरण, नकल और अन्य राजस्व कार्य ठप पड़ गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कारण जनता को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और तहसील प्रशासन की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश में एक लेखपाल को किसी एक हल्के में अधिकतम तीन साल तक तैनात किया जा सकता है। इसके बाद उसे अनिवार्य रूप से स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है। यह प्रावधान शासनादेश संख्या 1258/एक-9/2014-116 एल.सी./2002, दिनांक 21-06-2014 में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है। जनता और स्थानीय अधिकारी उच्च स्तर पर तुरंत कार्रवाई की मांग कर रहे हैं और लेखपालों की नियमों के अनुसार उचित पुनर्नियुक्ति की उम्मीद कर रहे हैं।

# श्रीकृष्ण के उत्कर्ष के दिन को लोग अपनी स्मृतियों में संजोएंगे: मुख्यमंत्री मोहन यादव

*** पहलगाम आतंकी हमले में मृत पर्यटकों और ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों की आत्मशांति को आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे मध्यप्रदेश के सीएम**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निहत्थे पर्यटकों और ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए सैनिकों की आत्मशांति के लिए वृंदावन केशव धाम के दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय अध्ययन केंद्र में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन रविवार को भगवान के लीला चरित्रों का श्रवण करने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पहुंचे।



मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला द्वारा कराई जा रही भागवत कथा में पहुंचे मध्य प्रदेष के मुख्यमंत्री मोहन यादव का केशव धाम के अध्यक्ष और जीएलए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और निदेशक ललित अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद कथा श्रवण को सभागार में पहुंचे सीएम का खुद केबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला ने जपे जा राधे राधे भजन गाकर अभिनंदन किया तो वे भी राधे नाम की लय में अभिभूत होकर तालियां बजाने लगे। इसके बाद साध्वी सरस्वती ने व्यासपीठ के पूजन के दौरान उनका स्वाफा पहनाकर स्वागत किया तो सीएम ने साध्वी सरस्वती का भगवा शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि मथुरा और वृन्दावन धाम का अपना ही आनंद है, जहां भगवान ने अपनी लीलाओं का संपादन किया। हम भी महर्षि सांदीपनि की भूमि के हैं, जहां श्रीकृष्ण ने शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अयोध्या में राम मुस्कुराए तो सदन में तीन तलाक को हमने ही अवैधानिक बनाया। लोगों ने इन फैसलों से देश की दिशा और दशा को बदलते देखा है। इसके बाद उन्होंने कृष्ण कन्हैया लाल की जय-जयकार की।

उन्होंने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब जब भगवान श्रीकृष्ण के उत्कर्ष के दिन को लोग अपनी स्मृतियों में संजोएंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने भगवान श्रीकृष्ण के विविधतापूर्ण महान चरित्रों को स्कूल कॉलेज के पाठ्यक्रमों में सम्मिलित कराया। वहीं जब उनसे माखन चोर कन्हैया के बाबत सवाल पूछा गया, तो वे मुस्कुरा कर निकल गए। इससे पूर्व व्यासपीठ से साध्वी सरस्वती फाउंडेशन की ओर से मुख्यमंत्री को 11 लाख रुपये की राशि का चेक शहीद सैनिकों के कल्याण कोष के निमित्त दिया गया। जिसपर मुख्यमंत्री ने उसमें 11 लाख मध्यप्रदेश सरकार की ओर से जोड़कर इसे कुल 22 लाख रुपये करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष में हुए इस आयोजन की सराहना की। इस दौरान समाजसेवी ठा. धनंजय सिंह, संजय भैया आदि मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में वांछित आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** थाना महावन द्वारा पुलिस मुठभेड के अभियोग में वांछित आरोपित को आज नगला पापरी जाने वाले रास्ते/अण्डरपास से करीब 50 मीटर बलरामपुर की तरफ से गिरफ्तार किया है। थाना महावन प्र0नि0 सुधीर सिंह, उ0नि0 सन्दीप कुमार ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचनानुसार नगला पीपरी जाने वाले रास्ते/ अण्डरपास से करीब 50 मीटर बलरामपुर की तरफ से अवैध असलाह व कारतूस के साथ लाखन उर्फ लखन पुत्र महावीर निवासी नगला



लोका को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त से बरामदगी के आधार पर विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा।

# श्रीराम जन्म की झांकी का किया स्वागत

**उत्तम भारत संवाददाता**

**कोसीकलां।** रविवार की सांय रामलीला महोत्सव के अंतर्गत कौशल्या हरण एंव मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्म की झांकी के साथ आधा दर्जन झाकियां नगर भ्रमण को निकाली गयीं। इस दौरान रामनाम के उदघोषों से पुरी नगरी राममय हो गयी। रामलीला मैदान में कौशल्या हरण एंव मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्म की लीला का मंचन किया गया। श्री रामलीला संस्थान के तत्वावधान में श्रीरामलीला महोत्सव के दौरान कौशल्या हरण एंव मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्म की भव्य झांकी के साथ ब्रह्मा, विष्णु, महेश, अग्नि देव महाराजा दशरथ, को चरू दान करते हुए, विष्णु भगवान कौशल्या को चतुर्भुज रूप में दर्शन देते हुए, राजा दशरथ का दरबार आदि करीब आधा दर्जन झाकियों ने बैण्ड वाजों की मधुर धुनों नगर भ्रमण किया। झांकियो का



नगर वासियों ने पग-पग पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और भगवान राम के जन्म की खुशियां मनायी। इससे पूर्व मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि अषोक गर्ग, रिपुंज गर्ग ने भगवान विष्णु की आरती उतारी। झाकियां थाना रोड स्थित गयालाल स्मृति भवन से प्रारम्भ होकर नगर भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान पहुंची। जहां कौशल्या हरण एंव मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्म की लीला का मंचन किया गया, जिसका शुभारंभ पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल ने किया। झांकी में नगर के दर्जनों गणमान्य लोग चल रहे थे।

# ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडे पर गंभीर आरोप, प्रधान बोले- आत्महत्या को मजबूर

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रायबरेली।** ऊंचाहार विधान सभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत ऊंचाहार देहात के प्रधान धनराज यादव ने विधायक मनोज पाण्डेय पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शनिवार को शहर के सारस होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में उनका आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने कहा कि विधायक की प्रताड़ना और आतंक से ऊंचाहार की जनता और प्रधान त्रस्त हैं। यादव ने आरोप लगाया कि यदि हालात ऐसे ही रहे तो वह प्रधान पद से इस्तीफा देकर आत्महत्या करने के लिए विवश होंगे



धनराज यादव ने दावा किया कि वह लगातार तीन बार ग्राम प्रधान चुने गए और 15 वर्षो से जनता की सेवा कर रहे हैं। लेकिन पिछले छह वर्षों से विधायक मनोज पाण्डेय ने ग्राम प्रधानों को नींबू की तरह निचोड़कर÷ शोषण किया है। उन्होंने कहा कि ÷आज हालात ऐसे हैं कि मैं न जनता की सेवा कर पा रहा हूँ और न ही चैन से जी पा रहा हूँ। कई बार तो मन में आता है कि मुख्यमंत्री आवास पर जाकर आत्महत्या कर लूँ यादव ने आरोप लगाया कि विधायक ने फर्जी आदेशों और हस्ताक्षरों के आधार पर जांच कराई। जिन प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो चुका था, उनकी जगह मौजूदा प्रधानों को फंसाया गया। उन्होंने कहा कि केवल पिछड़ी जाति होने के कारण उन्हें दो हजार रुपये के गबन का आरोपी बना दिया गया, जबकि अन्य उच्च जाति प्रधानों को जांच से बाहर कर दिया गया

प्रधान ने आगे आरोप लगाया कि विधायक के दबाव में ग्राम विकास अधिकारी रुद्ध प्रताप सिंह को भी निलंबित किया गया, जिसके कारण वे आज जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं

उन्होंने सवाल उठाया कि विधायक के पास दर्जनों पुलिसकर्मी और स्कॉर्ट पायलट क्यों रहते हैं, जबकि हकीकत यह है कि उन्हीं के आतंक से पूरा क्षेत्र भयभीत हैयादव ने आरोप लगाया कि विधायक ने गरीबों की जमीनों पर कब्जा किया, बिना वसूली के कोई सरकारी काम नहीं होने दिया और यहां तक कि एनटीपीसी को अपना कैंप कार्यालय बना लिया उन्होंने कहा कि सत्ता के बल पर विधायक ने लगभग 200 करोड़ की काली संपत्ति अर्जित की है। यादव ने यह भी बताया कि विधायक के भतीजे यश पाण्डेय ने भी उनके खिलाफ परिवार से संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया था ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कहा कि प्रधानों और गरीब जनता की इज्जत, दौलत और जीवन की रक्षा की जाए। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वह इस्तीफा दे देंगे। यादव ने कहा– ÷अब ऊंचाहार के प्रधान डरने वाले नहीं। सत्ता और बंदूक से जनता को दबाया जा सकता है, वोट नहीं। यदि मुझे या मेरे परिवार को कुछ हुआ तो इसकी जिम्मेदारी विधायक मनोज पाण्डेय और उनके साले आशीष तिवारी की होगी

# संस्कृति विवि के विद्यार्थी बनेंगे उद्यम की दुनियां में चेंज मेकर

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय ने अशोका इनोवेटर्स फॉर द पब्लिक और कनेक्टिंग ड्रीम्स फाउंडेशन (सीडीएफ), नई दिल्ली के साथ साझेदारी में यूनिवर्सिटी चेंजमेकिंग इनिशिएटिव (यूसीआई) की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी) और सामाजिक उद्यमिता में भविष्य के अनुरूप कौशल प्रदान करना है। यूनिवर्सिटी चेंजमेकिंग इनिशिएटिव के अंतर्गत क्षमता-विकास कार्यशालाएँ, उद्योग विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, और नवाचार चुनौतियाँ शामिल होंगी। इसके साथ, संस्कृति विश्वविद्यालय एआई-आधारित नवाचार और सामाजिक प्रभाव को उच्च शिक्षा में समाहित करने में अग्रणी संस्थान के रूप में लगातार नए कदम उठा रहा है।




इस पहल का शुभारंभ विश्वविद्यालय परिसर में सीडीएफ द्वारा आयोजित एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम के साथ हुआ, जिसने नवाचारकों, समस्या-समाधानकर्ताओं और सामुदायिक लीडर को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण यात्रा की शुरुआत की। लॉन्च के दौरान चेंजमेकर लीग प्रस्तुत की गई। यह एक इंटरएक्टिव मंच है जहाँ छात्र टीमें एआई आधारित समाधान तैयार कर वास्तविक सामुदायिक चुनौतियों का सामना करेंगी। आने वाले महीनों में टीमें स्थानीय महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान करेंगी, नवीन परियोजनाएँ विकसित कर उनका परीक्षण करेंगी और अपने परिणाम स्पार्क 2026, राष्ट्रीय सामाजिक परिवर्तन प्लेटफार्म पर प्रस्तुत करेंगी। इस पहल में चेंजमेकर दोस्त नामक एक एआई-संचालित डिजिटल साथी भी शामिल है, जिसे सीडीएफ ने तैयार किया है।

यह छात्रों को आत्म-चिंतन, कहानी कहने और सहयोगात्मक समस्या-समाधान में मार्गदर्शन करेगा। शैक्षणिक शिक्षा को व्यावहारिक सामाजिक नवाचार ढाँचे के साथ जोड़ते हुए, यह कार्यक्रम छात्रों में सहानुभूतिपूर्ण नेतृत्व, उद्यमी सोच और उन्नत तकनीकी कौशल विकसित करने का लक्ष्य रखता है, जिससे वे समावेशी और टिकाऊ समाधान बना सकें।

इस भविष्योन्मुखी योजना के प्रारंभ के अवसर पर संस्कृति विवि के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता, चांसलर, संस्कृति विश्वविद्यालय ने कहा कि यह पहल हमारे छात्रों में नवाचार, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। संस्कृति इंक्युबेशन सेंटर के सीईओ डा.गजेंद्र सिंह ने इस साझेदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अशोका और सीडीएफ के साथ सहयोग छात्रों को कक्षा में सीखी बातों को वास्तविक जीवन में लागू करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। सीडीएफ के संस्थापक डॉ. अमित टुटेजा ने एआई युग में कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आज के युवाओं के लिए चेंजमेकिंग और उद्यमिता अनिवार्य हैं। तकनीक को सहानुभूति के साथ जोड़कर हम ऐसे लीडर तैयार कर सकते हैं जो समाज को ऊपर उठाएँगे। अशोका यंग चेंजमेकर के सह संस्थापक यशवीर सिंह ने कहा कि हर युवा में चेंजमेकर बनने की क्षमता है। इस तरह की पहल छात्रों को रचनात्मक और उद्यमशील जोखिम लेने और बेहतर भविष्य गढ़ने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर सीडीएफ के कार्यकारी निदेशक प्रेम सागर टुटेजा ने छात्रों के साथ संवाद कर पहल का समर्थन किया।

# केंद्र सरकार के खिलाफ किसानों ने चाय बेचकर किया विरोध प्रदर्शन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ताओं पदाधिकारी ने मथुरा ब्लॉक के गांव कोटा मौजा में भूमि अधिग्रहण के उचित मुआवजे की मांग के लिए चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को आज 99 दिन हुए आज किसानों ने केंद्र सरकार राज्य सरकार के खिलाफ किया अनोखा प्रदर्शन किसानों ने नारे लगाए मोदी जी तुम्हारे राज में केतली दे दीनी हाथ में आज किसानों ने चंदन नगर में चाय की स्टाल लगाकर चाय बेचकर अपना विरोध प्रदर्शन प्रकट किया।



भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन बतुर्वेदी उत्तर प्रदेश के महासचिव नरोत्तम लाल पाराशर ने कहा आज केंद्र सरकार राज्य सरकार ने देश के अन्नदाता किसानों से चाय विकवा दी केंद्र सरकार ने हमेशा किसानों को जुमले दिए हैं जुमले देते आ रहे हैं मथुरा ब्लॉक के गांव कोटा मौजा का किसान अपनी जायज मांगों की लड़ाई लड़ रहा है लेकिन सरकार किसानों को लूटने का काम कर रही है 99 दिन बीते जाने के बाद भी किसानों की जायज मांगों का समाधान नहीं हुआ है। अब किसान चर्बादी के कगार पर है केंद्र सरकार ने किसानों के हाथ में कटोरा और केतली थमा दी किसान खेती छोड़कर अब भीख मांगने चाय बेचने को मजबूर है देश के प्रधानमंत्री ने किसान हित में कुछ भी नहीं किया सिर्फ किसानों का शोषण किया है करते आ रहे हैं। आज सोमवार को भूमि अधिग्रहण के उचित मुआवजे की मांग के लिए रेलवे ट्रैक को जाम करने का काम करेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से धर्मेंद्र पाठक, मानिकचंद शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, सोमपाल शर्मा मूलचंद शर्मा, राकेश शर्मा, गोपी शर्मा, तेज कुमार शर्मा, तेज भगत मोहनलाल पाठक, सचिन शर्मा, पोपला गुरु, ब्रह्मदेव पाठक चेतन पाठका, कन्हैया शर्मा, लकी शर्मा सचिन शर्मा, अतुल शर्मा, शुभम शर्मा, हरिओम शर्मा, हरि शंकर पाराशर, आदि मौजूद थे।

# रेलवे कर्मचारियों ने आठवें वेतन आयोग की अधिसूचना की तुरंत मांग की

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रायबरेली।** जिले के लालगंज में ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन (एआईआरएमएफ) के आह्वान पर शुक्रवार को रेल कोच फैक्ट्री के कर्मचारियों ने गेट नंबर दो पर शाम 5.30 बजे गेट मीटिंग की। इस दौरान कर्मचारियों ने आठवें वेतन आयोग की अधिसूचना तुरंत जारी करने की मांग दोहराई



कार्यक्रम की शुरुआत 1968 में पठानकोट में शहीद हुए साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। यूनियन नेता रोहित मिश्र ने कहा कि सरकार ने अब तक आठवें वेतन आयोग का औपचारिक गठन नहीं किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोग की घोषणा के बावजूद अधिसूचना जारी न होना कर्मचारियों के साथ अन्याय के समान हैकर्मचारी नेताओं का कहना है कि वेतन आयोग के गठन और अधिसूचना जारी होने में हो रही देरी लंबे समय से उनके अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे संघर्ष तेज करने के लिए विवश होगे इस गेट मीटिंग में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान राकेश तिवारी, मनोज कुमार, बलराम यादव, अनिल यादव, आलोक शुक्ल, संजीव शिरोमणि, सुरेश यादव, कृष्णपाल और लोकनाथ सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने सरकार से जल्द अधिसूचना जारी करने की मांग दोहराई और कर्मचारियों के हितों की रक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया

# कांग्रेस ने लगाया प्रशासन पर आरोप, नहीं दी जा रही है बाढ़ पीड़ितों को सहायता

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक सेठवाड़ा स्थित जिला कार्यालय सेठवाड़ा पर साप्ताहिक बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर की अध्यक्षता में संपन्न हुई अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने पार्टी द्वारा विगत दिनों किए गए कार्यो की रिपोर्ट प्रस्तुत की और आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा बताई। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने शासन प्रशासन पर बाड़ पीड़ितों की सहायता न किए जाने पर रोष व्यक्त करते हुए कहा शासन द्वारा घोर उपेक्षा की जा रही है जो की निंदनीय कृत्य है। मथुरा जनपद में आई बाढ़ से किसानो की फसल पूरी तरह से बर्बाद एवं शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए है उन्हें भी मुआवजा नहीं दिया जा रहा है आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्णय हुआ बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा दिलाने हेतु कि जल्द ही रूपरेखा बनाकर जिला प्रशासन के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता उमाशंकर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय स्तर नरेंद्र मोदी सरकार व चुनाव आयोग की वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को तेजी से जन मानस में



हस्ताक्षर अभियान चलाकर हस्ताक्षर अभियान को आगे भी जारी रखा जाएगा जिससे कि वोट चोरी करने वालों को बेनकाब किया जा सके पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने कहा कि चुनाव आयोग व अन्य संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्र होकर अपना कार्य नहीं कर रही हैं देश की भाजपा सरकार के दबाव में कार्य कर रही है जो कि लोकतंत्र के लिए खतरा बन चुकी है जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी हालत में बर्दाशत नहीं करेगी। बैठक संचालन जिला उपाध्यक्ष अप्रतिम सक्सेना ने किया बैठक में उपस्थित कांग्रेस जनों में सर्वश्री प्रेम शंकर शर्मा अर्नब चौधरी रमेश कश्यप आशीष अग्रवाल जिलानी कादरी रवि वाल्मीकि विष्णु कपूर पंकज चौधरी हाशिम हुमेर खुशीराम पटेल राजा गौतम सरवन अहमद मोनू चौधरी श्याम चौधरी सागर माहौर सहित आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं को आज से मिलेगा ठाकुर बांके बिहारीजी के तीन घंटे अधिक दर्शनों का लाभ

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** वृंदावन ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर प्रबंधन हाईपावर कमेटी ने मंदिर के दर्शन समय में परिवर्तन के निर्देश दिए हैं। प्रबंधन ने मंदिर में नोटिस चस्पा कर तत्काल प्रभाव से दर्शन समय में बदलाव के निर्देश मंदिर सेवायतों को दिए हैं। सोमवार सुबह से मंदिर के दर्शन समय में बदलाव हो जाएगा। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर प्रबंधन हाईपावर कमेटी के सचिव जिलाधिकारी सीपी सिंह ने जारी नोटिस में मंदिर सेवायतों से दर्शन समय में बदलाव के



निर्देश दिए हैं। जारी निर्देश में कहा है वर्तमान में ग्रीष्म काल में मंदिर के पट सुबह 7 बजकर 45 मिनट पर खुलते है, जबकि परिवर्तित समय सुबह 7 बजे दर्शन खुलेंगे और 7 बजकर 15 मिनट पर श्रृंगार आरती होगी। मंदिर के पट वर्तमान में दोपहर 12 बजे बंद हो रहे है तो अब दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर बंद होंगे।

## छात्रों को विजयी होने की शुभकामना दी

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** जनपद मुरादाबाद में दिनांक 13 सितंबर को आयोजित मंडलीय वूशु प्रतियोगिता मैं रामपुर जनपद जनपद की टीम में चयनित जैन इंटर कॉलेज के तीन छात्रों ने मंडलीय वूशु प्रतियोगिता में प्रतिभा किया जिसमें 58 किलोग्राम भार में दक्ष प्रथम रहे 60 किलोग्राम भार वर्ग में अमनदीप सिंह यादव प्रथम रहे एवं 70 किलोग्राम भार वर्ग में लक्ष्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तीनों ही छात्र जैन इंटर कॉलेज मैं अध्ययन करते हैं जैन इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य हरीश कुमार डूडेजा ने बताया तीनों छात्रों ने विद्यालय के व्यायाम अध्यापक तुषार कुमार शर्मा के संरक्षण में मुरादाबाद में ओशो खेल का अभ्यास कर आज दिनांक 21 सितंबर को जनपद अयोध्या में आयोजित प्रदेशीय वुशू प्रतियोगिता योगी दिनांक 22 से 24 तक आयोजित की जाएगी में प्रतिभाग हेतु प्रस्थान किया विद्यालय परिवार ने सभी छात्रों को विजई होने की शुभकामना दी

## प्राचीन पांडुलिपियों की प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** रामपुर की ऐतिहासिक सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के 91वें स्थापना दिवस के अवसर पर लाइब्रेरी के कॉन्फ्रेंस हाल में प्राचीन पांडुलिपियों एवम् पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया!

इस प्रदर्शनी का शुभारंभ नगर के प्रमुख समाजी व्यक्तित्व द न्यू अर्बन कोपरेटिव बैंक के अध्यक्ष सलामत अली खां गुड्डु ने फीता काट कर किया। इस प्राचीन पांडुलिपियों, समाचार पत्रों एवं पुस्तकों की प्रदर्शनी में लाइब्रेरी के संग्रह में शामिल कुरआन पाक के विभिन्न अनमोल नुस्खों के साथ ही मसनवी मौलाना रोम, शरहे अबुल फ़ज़ल फरहांग बहार दानिश, शरहे गुलिस्तान सादी, शरहे क़साईद बदर, शरहे सिकंदर नामा, फखरे अल मुतल्लेमीन, तारीख बगावत हिंद, अनवार सहेली, शजरा नवाबीन रामपुर, तज़्करा कामीलाने रामपुर के अतिरिक्त अल ब्लाग, हमदर्द, दबदबा सिकन्दरी, कॉमरेड, कंदील, नाजिम आदि समाचार पत्रों की फाइले मौजूद रहीं।

## प्रदेशव्यापी लाइव शुभारंभ में प्रतिभाग किया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** दिनांक 20.09.2025 को नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित ÷मिशन शक्ति-5.0÷ का शुभारम्भ लोक भवन सभागार, लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में मा0 राज्यमंत्री श्री बलदेव सिंह औलख, जिलाधिकारी रामपुर श्री जोगेन्द्र सिंह तथा पुलिस अधीक्षक रामपुर श्री विद्यासागर मिश्र सहित अन्य अधिकारीगण द्वारा देखा गया । वहीं रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी शाहबाद सुश्री हर्षिता सिंह, अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण तथा आरक्षी नागरिक पुलिस प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला प्रशिक्षु भी उपस्थित रहीं ।

## दामोदर सिंह गंगवार और शाहिद एडवोकेट बने

*** जातीय जनगणना देश की ज़रूरत**



**रामपुर।** आज धमोरा में कांग्रेस केम्प कार्यालय पर कांग्रेस ओबीसी विभाग के नवनियुक्त ज़िला अध्यक्ष दामोदर सिंह गंगवार और शहर अध्यक्ष शाहिद अली एडवोकेट का पूर्व विधायक अफ़रोज़ अली खां, पूर्व ज़िला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने फूल मालाए पहनाकर उनका स्वागत किया कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष डॉ अनिल जय हिन्द जी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्षों/शहर अध्यक्षों की नियुक्ति की सूची को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दी है।जिसमे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री अजय राय जी और ओबीसी के प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज यादव जी की ससूती पर ओबीसी विभाग रामपुर का ज़िला अध्यक्ष दामोदर सिंह गंगवार और शहर अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अली एडवोकेट को नियुक्त किया गया है नवनियुक्त ज़िला एवं शहर अध्यक्ष का स्वागत किया।

## ज्वाला नगर रामलीला में सीता का हुआ जन्म

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी ज्वाला नगर में रविवार रात सीता जन्म, मुनि आगमन, ताड़का सुबाहु बध का अत्यंत मनमोहक मंचन राधिका कृष्ण कला मंडल वृंदावन मथुरा के कलाकारों द्वारा किया गया। लीला मंचन देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। राजा जनक के राज्य में अकाल पड़ा था। ऋषियों ने राजा को समस्या के समाधान के लिए अपनी पत्नी के साथ खेत जोतने के लिए कहा। राजा जनक और उनकी पत्नी खेत जोत रहे थे। तभी उन्हें खेत में एक घड़ा मिलता है, सीता एक घड़े से प्रकट होती है, और राजा जनक उसे अपने महल में लाते हैं। उसे अपनी बेटी मानकर उसका पालन-पोषण करते हैं।

## दढ़ियाल में भावाधस भीम की शाखा का हुआ गठन

**उत्तम भारत संवाददाता**



**दढ़ियाल।** नगर के मोहल्ला भरतपुर में वाल्मीकि समाज के लोगों ने एक बैठक का आयोजन किया। आयोजन के बाद नगर में भावाधस भीम की शाखा का गठन किया गया । भावाधस भीम की शाखा में राहुल बाल्मिकी को नगर अध्यक्ष घोषित किया गया है। वाल्मीकि समाज के लोगों ने नगर अध्यक्ष का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। रविवार को नगर के मोहल्ला भरतपुर में बाल्मीकि बस्ती में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय प्रचार मंत्री कैलाश एकलव्य ने कहा कि भगवान वाल्मीकि का प्रकट दिवस हर वर्ष के साथ इस वर्ष भी हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाए। जिसके लिए नगर में भावाधस की भीम शाखा का गठन किया गया। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस भीम के राष्ट्रीय संचालन राकेश दानव ने कहा कि वाल्मीकि समाज के लोगों को एकता के साथ रहना चाहिए न कि अलग-अलग टुकड़ों में बटना चाहिए । अलग-अलग टुकड़ों में बटे रहने के कारण लोग उनके ऊपर राज करने लगते हैं।

## वाल्मीकि समाज की पहचान आसमानी से

**उत्तम भारत संवाददाता**



**दड़ियाल।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस भीम के राष्ट्रीय संचालक राकेश दानव ने कहा कि वाल्मीकि समाज की पहचान आसमानी झंडे से ही होगी जिसकी स्थापना 8 मार्च 1992 को रामपुर में की गई थी जो आज दुनिया में चर्चित हो गया है यह हमारे लिए गलत की बात है जो लोग आसमानी को नहीं मानते वह भगवान वाल्मीकि के उपासक नहीं हो सकते दानव यह वाल्मीकि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे

इस अवसर पर मोहल्ला बाल्मीकि बस्ती में हुए सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रचार मंत्री कैलाश एकलव्य ने कहा कि दड़ियाल मैं भगवान वाल्मीकि जी का प्रकट दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा उन्होंने कहा कि जिसमें भाव बादल भी कर्ण उत्सव के रूप में मना रहा है इस अवसर पर भावाधस भीम शाखा का गठन किया गया जिसमें राहुल वाल्मीकि को नगर अध्यक्ष राजकुमार को नगर उपाध्यक्ष रवि वाल्मीकि को नगर सचिव।

मुकेश चौधरी, कारण वाल्मीकि, पवन अनार्य, विजय अनार्य एकलव्य वाल्मीकि मौजूद

## दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक ग्रामीण को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसका संबंधित धाराओं में चालान किया है। शनिवार की देर शाम चौकी प्रभारी अजय कुमार शुक्ला मसवासी पट्टीकला मार्ग पर गश्त पर थे कि इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि गांव रहमतगंज के पास एक ग्रामीण गांव के बाहर बने खंडहर में कच्ची शराब बेच रहा है। पुलिस ने मुखबिर की निशानदेही पर दल बल के साथ छापेमार कर्रवाई की तो शराब बेच रहे ग्रामीण ने भागने की कोशिश की पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। खंडहर से तलाशी लेने पर 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस को पूछताछ में उसने अपना नाम इंद्रेश कुमार पुत्र जसवंत निवासी सीतारामपुर थाना स्वार बताया पुलिस ने संबंधित धाराओं में चालान कर दिया है।

## बेटी को दी घर से उठाने की धमकी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**दढ़ियाल।** नगर निवासी शफीक का आरोप है कि वह शनिवार को जानवरों की कुट्टी डालने के बाद बाजार के रास्ते से होकर गुजर रहा था। रास्ते में नावेद ने उन्हें रोक लिया और उनके साथ गाली गलौज की। जब गाली गलौज का विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की और उनकी बेटी को घर से उठाने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने नावेद के खिलाफ मारपीट और बेटी को घर से उठाने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## परिवार भाव को बचाना होगा : सुरेंद्र

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में बुद्धि विहार स्थित आर्यन इंटरनेशनल स्कूल में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर मीट का आयोजन किया गया जिसमें मुरादाबाद विभाग के प्रिंट मीडिया तथा सोशल मीडिया से जुड़े सभी प्रमुख पत्रकार बंधु शामिल रहे तथा अनेकों जाने वाली हस्तियां भी मौजूद रही इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख एवं राष्ट्रदेव समाचार पत्र के संपादक सुरेंद्र कुमार ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें परिवारवाद को बचाने के लिए पहले परिवार भाव को बचाना होगा जिसके लिए संस्कार अति आवश्यक है घर के सभी सदस्यों को भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक रहकर उसका पालन करके अपने बच्चों को भी सीख देनी होगी तभी को भारत परम वैभव पर ले जाया जा सकता है हमें वृक्षारोपण तथा जल संरक्षण के प्रति एवं जीव जंतु जंतुओं के साथ-साथ भारतीय संस्कृति की रक्षा भी करनी होगी तथा नागरिक कर्तव्यों का भी पालन करना होगा ट्रैफिक नियमों का भी पालन करना होगा कूड़ा करकट को सड़कों पर ना फेंक कर सफाई का भी विशेष ध्यान रखकर रखना होगा संविधान के नियमों का पालन करके तथा माता-पिता की देखरेख भी नागरिक कर्तव्य है परिवार बचाने के लिए संस्कार जरूरी है।

## नारी सुरक्षा व अधिकार जागरूकता हेतु 'मिशन शक्ति-05' के अंतर्गत महिला बाइक रैली

**पुलिस अधीक्षक रामपुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की महिला सशक्तिकरण बाइक रैली**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति-5.0 का शुभारम्भ लोक भवन सभागार, लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा किया गया । यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार के उस संकल्प का मूर्त रूप है, जिसके अंतर्गत महिलाओं को भयमुक्त वातावरण, गरिमामयी जीवन और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । इस कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में मा0 राज्यमंत्री श्री बलदेव सिंह औलख, जिलाधिकारी रामपुर श्री जोगेन्द्र सिंह तथा पुलिस अधीक्षक रामपुर श्री विद्यासागर मिश्र सहित अन्य अधिकारीगण द्वारा देखा गया । वहीं रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी शाहबाद सुश्री हर्षिता सिंह द्वारा अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण तथा आरक्षी नागरिक पुलिस प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला प्रशिक्षु के साथ वर्चुअल प्रसारण देखा गया । इसके साथ साथ जनपद के समस्त थाना परिसर में लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया । जिसमें समस्त पुलिस कर्मियों व स्थानीय नागरिकों, छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए कार्यक्रम का सामूहिक अवलोकन किया गया ।

## गुलदस्ता देकर मंत्री जी का स्वागत किया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**स्वार।** स्वार नगर मंडल के ग्राम पंचायत समोदिया पर भारतीय स्टेट बैंकग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन माननीय सरदार बलदेव सिंह औलख कृषि राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया जिसमें सवार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने फूल माला तथा पका पहनकर और गुलदस्ता देकर मंत्री जी का स्वागत किया।

जिसमें मंत्री जी ने कहा कि नारी शक्ति मिशन के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार आत्मनिर्भर बना रही है जिसके अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए बहुत योगदान मिल रहा है

इसी के अंतर्गत स्वान नगर मंडल में ग्राम पंचायत समोदिया पर भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र के बारे में जानकारी दी और स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिलाओं का आरक्षण 33% आरक्षण घोषित किया है इसके अंतर्गत हर महिलाओं को ग्राम पंचायत ब्लॉक प्रमुख जिला पंचायत में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख बनना चाहिए जिसमें उपस्थित स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक बबीता मौर्य अमित सक्सेना राजेश कुमार शर्मा राजीव वर्मा राजेंद्र हरीश मौर्य अतर सिंह मौर्य जयवीर सिंह अनवर प्रधान वेद प्रकाश राजेश कुमार मौर्य आदि उपस्थित रहे

## तुरैहा मछुआ समाज की बैठक सम्पन्न

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि न्याय पंचायत स्तर पर संगठन को खड़ा किया जाएगा सराए गेट स्थित बाबा रामस्वरूप तुरैहा कि समाधि संतोषी माता मंदिर पर तुरैहा मछुआ समाज की बैठक में जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा कहां की समाज के पिछड़ेपन और बेरोजगारी का मुख्य कारण शिक्षा का अभाव है आगामी पंचायत चुनाव की तैयारी के लिए समाज के लोगों को आगे आने की जरूरत है उन्होंने कहा कि कोई भी बिखरा हुआ समाज तरक्की नहीं कर सकता पिछड़ापन दूर करने के लिए समाज का एकजुट होना व शिक्षित होना बहुत जरूरी है जब तक प्रत्येक परिवार शिक्षा के महत्व को नहीं समझेगा तब तक समाज का शोषण होता रहेगा। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह के आखिरी सप्ताह में लखनऊ में तुरैहा पंचायत बुलाई गई है जिसमें सभी लोग लखनऊ पहुंचेगे। इस मौके पर मुरारी लाल, रामकिशोर, गणेश राम, अर्जुन कुमार, रामगोपाल, राधेश्याम, अरविंद राज,जावेश राम , रामप्रसाद ,विनोद कुमार, अजय प्रधान जी, पूरन लाल, राजेश एडवोकेट, गोविंद राम, बाल किशोर, संजय कुमार, कमल कुमार मुन्ना भाई, रवि कुमार,राहुल,मोहित ,आकाश,नीर प्रकाश, रोहित कुमार, आदि लोग मौजूद रहे संचालन जिला महामंत्री राम सिंह तुरैहा एडवोकेट नै किया

## पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** राजेंद्र सिंह रहे मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी बाबा अंबेडकर वानी के राष्ट्रीय सचिव राम बहादुर ने बताया कि हमको अपने वोट बनवाने में अधिक ध्यान देना है जो वोट काटे हैं उन पर भी ध्यान देना है और जो बन रहे हैं उन पर भी ध्यान देना है सांसद मोहिबुल्लाह नदवी प्रतिनिधि नसीम मियां ने बताया आज जो हालात हैं वह बहुत बुरे हैं इनको सुधारने के लिए समाजवादी सरकार बहुत जरूरी है विधानसभा अध्यक्ष श्री बदन सिंह जी ने अपनी बात रखते हुए कहा सरकार बदलनी है और सरकार बदलने के लिए वोटो की जरूरत है बोट बनवाना बहुत जरूरी है समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव धनेंद्र यादव जी कहाँ सत्ता परिवर्तन होना बहुत जरूरी है इस मौके पर मौजूद रहे लोग केपी सिंह यादव अतुल सागर भूरे सिंह आराम सिंह बेदराम महात्मा जी और बहुत सारे लोग

## आपका सुझाव - लाएगा बदलाव थीम के साथ निर्धारित पोर्टल पर आमजन से सुझाव आमंत्रित

**उत्तम भारत संवाददाता**




**रामपुर।** प्रदेश सरकार ने विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लिए विजन डॉक्युमेंट तैयार करने के संबंध में आम जनता से सीधे तौर पर सुझाव आमंत्रित किए हैं इस पहल का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर के साथ ही सर्वांगीण क्षेत्रों में विकास की धारा से जोड़ना है।

जनता की राय और सहभागिता से ही नीतियों का निर्माण अधिक सशक्त और प्रभावित हो सकता है। जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा https://samarthuttarpradesh.up.gov.in पोर्टल पर सुझाव प्राप्त किए जा रहे हैं। आमजन सीधे क्यूआर कोड स्कैन करके भी निर्धारित पेज पर अपने सुझाव दे सकते हैं। सुझाव पोर्टल पर दिए गए सुझाव फार्म पर क्लिक करके अपना नाम, पता और मोबाइल नंबर दर्ज करें। एक श्रेणी का चयन करके अपना सुझाव दें और फॉर्म सबमिट कर दें। उन्होंने बताया कि प्रदेश के आमजन के इन सुझावों को सरकार द्वारा बनाई जाने वाली नीतियों के निर्माण में शामिल किया जाएगा और विकसित उत्तर प्रदेश - 2047 का खाका तैयार किया जाएगा, इसलिए आमजन की राय भविष्य में प्रगति का आधार बनेगी।

## विदुषी गिरिजा देवी जी की स्मृति में पुष्पांजलि कार्यक्रम का भव्य आयोजन




**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** रामपुर रज़ा पुस्तकालय परिसर में शनिवार की शाम पद्मविभूषण विदुषी गिरिजा देवी जी की स्मृति को समर्पित ÷पुष्पांजलि÷ कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ एवं रामपुर रज़ा पुस्तकालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस अवसर पर देश के सुप्रसिद्ध कलाकारों ने शास्त्रीय एवं लोकधुनों की अनमोल प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम की शुरुआत युवा गायक असमान खान (कोलकाता) की प्रस्तुति से हुई, जिन्होंने अपनी मधुर आवाज़ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात सुप्रसिद्ध लोकगायिका एवं पद्मश्री मालिनी अवस्थी (लखनऊ) ने अपने सुरीले स्वर और भावपूर्ण गायन से संपूर्ण वातावरण को संगीतमय बना दिया। उनकी प्रस्तुति ÷बाली उमरिया में ब्याह के आई...÷ ने श्रोताओं को विशेष रूप से प्रभावित किया और लगातार तालियों की गड़गड़ाहट से परिसर गूंज उठा।

इस आयोजन में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, साहित्यकार, शिक्षाविद एवं संगीतप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी कलाकारों को उनके अद्वितीय योगदान एवं यादगार प्रस्तुतियों के लिए रामपुर रज़ा पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र द्वारा सम्मानित किया गया।

डॉ. मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि रामपुर रज़ा पुस्तकालय सदैव भारतीय शास्त्रीय एवं लोक संगीत परंपराओं को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कलाकारों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन आने वाली पीढ़ियों को हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का माध्यम हैं। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने दोनों कलाकारों की प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया और उन्हें खड़े होकर सम्मान दिया।

यह कार्यक्रम न केवल विदुषी गिरिजा देवी जी के अमूल्य योगदान को याद करने का अवसर बना, बल्कि रामपुर की सांस्कृतिक धरोहर को और भी समृद्ध करने वाला एक ऐतिहासिक आयोजन सिद्ध हुआ।

## रामपुर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी महाराजा अग्रसेन जयंती

**उत्तम भारत संवाददाता**




**रामपुर।** नवरात्रि का शुभारंभ और भी खास होने जा रहा है, क्योंकि प्रथम दिवस पर श्री महाराजा अग्रसेन जी की जयंती पूरे हर्षोल्लास और भक्ति भाव से मनाई जाएगी। इस अवसर पर चंपा कुंवरी धर्मशाला, गांधी समाधि रोड पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जयंती के शुभ अवसर पर महाराज अग्रसेन जी का माल्यार्पण, ध्वजारोहण और भव्य माता की चौकी का आयोजन होगा। कार्यक्रम में नगर और आसपास के क्षेत्रों से अग्रबंधु बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी आस्था और एकता का परिचय देंगे। पूरे परिसर को रंग-बिरंगी सजावट और रोशनी से जगमगाया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को उत्सव का दिव्य अनुभव मिल सके। अध्यक्ष प्रवेश कुमार जैन ने बताया कि हर वर्ष नवरात्रि के प्रथम दिन अग्रसेन जयंती का आयोजन किया जाता है यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। हमें उम्मीद है कि अधिक से अधिक संख्या में अग्रबंधु एकत्र होकर इस उत्सव की गरिमा को और बढ़ाएंगे। महामंत्री डॉ अजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी ने समाज को समानता, सहयोग और सद्भाव का मार्ग दिखाया। उनकी जयंती पर हम सबको उनके आदर्शों को अपनाने और समाजहित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए।

मंत्री दीपक जिंदल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी का जीवन त्याग, सेवा और परोपकार का प्रतीक है।

## संबोधन के बाद बोले शहर विधायक आकाश सक्सेना

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन पूरे उत्साह के साथ सुना गया। इस अवसर पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि उद्योग राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि और स्वदेशी उत्पादों का मजबूत आधार हैं। यदि भारत को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, तो हर नागरिक को अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पादों को अपनाना होगा रविवार को प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन हुआ।

# संक्षिप्त समाचार

## दुकान का फीता काटकर उद्घघाटन किया



आज नगर पालिका स्वार में इंटर कॉलेज के सामने टी कैफे नाम की दुकान का फीता काटकर उद्धघाटन किया गया. माश्र विधायक शफीक अहमद अंसारी के छोटे भाई रफीक ठेकेदार ने टी कैफे नामक शॉप का उद्धघाटन किया. ठेकेदार ने कहा यह एक बेहतरीन बात है की हमारे स्वार में आये दिन लोगो को नये नये रोज़गार के साधन मिल रहे है. साथ में नूर हसन सेठ मोनू मियां नाज़िम दुकान स्वामी एवं काफ़ी संख्या में लोग मौजूद रहे.

## वाछित अभियुक्त गिरफ्तार



**खजुरिया।** वादी की तहरीरी सूचना बाबत अभियुक्त गण द्वारा दीवार बनाने से मना करने की बात पर लाठी डन्डे व धारधार हथियार लेकर वादी के घर मे घुसकर गाली गलौच कर मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, जिसमे वादी के पुत्र सुनील,ओमपाल व पत्नी को चोटे आने के संबंध में थाना खजुरिया पर मु0अ0सं0- 124/25 धारा- 118(1), 115(2),351(2),352,333 बीएनएस बनाम 1.मोहनलाल पुत्र खुन्नी 2.बब्लू पुत्र मोहनलाल 3.रिंकू पुत्र मोहनलाल 4.देवकी पत्नी मोहनलाल निवासी गण ग्राम महतोष थाना खजुरिया जनपद रामपुर पंजीकृत कराया गया था । विवेचना के क्रम मे घायलो का मेडिकल परिक्षण कराया गया जिसमें मजरुब सुनील की चोट गम्भीर प्रवृत्ति की प्राणघात होना पाये जाने पर अभियोग मे दिनांक 18.09.2025 को धारा 109(1) बीएनएस की वृद्धि की गयी है ।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सिविल लाईन।** वादी की तहरीरी सूचना बाबत वादी की पुत्री को शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाना तथा छोड कर चले जाने के सम्बन्ध मे थाना सिविल लाईन रामपुर पर मु0अ0सं0 283/25 धारा 69 बीएनएस बनाम भूरा पुत्र कल्लू निवासी ग्राम भूडा थाना भोजीपुरा जनपद बरेली हाल निवासी पहाडी गांव थाना सिविल लाईन जनपद रामपुर पंजीकृत कराया गया था ।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**टाण्डा।** वादी के प्रार्थना पत्र बाबत अभियुक्त फैजान उर्फ भूरा पुत्र राहत जान नि0 ग्राम रनुआनंगला थाना टाण्डा रामपुर द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को शादी करने का झाँसा देकर उसके साथ बलात्कार करना व अन्य अभियुक्त फरदीन द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ करना तथा वादी की पुत्री द्वारा उनके परिवारजन से शिकायत करने पर परिजनों द्वारा वादी की पुत्री के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध थाना टाण्डा पर मु0अ0सं0- 420/25 धारा 69/74/115(2)/351(2) ब्नहस्व 3/4/7/8 पोक्सो एक्ट बनाम फैजान उर्फ भूरा पुत्र राहतजान आदि 03 नफर उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत किया गया ।

## एक अभियुक्त गिरफ्तार



**स्वार।** थाना स्वार, रामपुर पुलिस द्वारा गश्त व चैकिंग के दौरान 01 नफर अभियुक्त इन्द्रेश पुत्र जसवंत सिंह निवासी ग्राम सीतारामपुर थाना स्वार जनपद रामपुर को ग्राम रहमतगंज से एक प्लास्टिक की जरीकैन में 10 ली0 अवैध कच्ची शराब खाम के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरादगी के आधार पर थाना स्वार पर मु0अ0सं0- 394/2025 धारा- 60(1) EX. ACT पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**अजीमनगर।** थाना अजीमनगर पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त साजिद पुत्र मौ0 जाहिद निवासी ग्राम खंडिया थाना अजीमनगर जिला रामपुर को ग्राम खंडिया से नगलिया आकिल जाने वाले कच्चे रास्ते के पास, से एक एदद नाजायज चक्कू के साथ गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध में थाना अजीमनगर पर मु0अ0सं0- 188/2025 धारा- 4/25 आर्म्स अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## 01 नफर वारंटी गिरफ्तार



**कोतवाली।** थाना कोतवाली जनपद रामपुर पुलिस द्वारा एक नफर वारन्टी अभियुक्त 1-फुरकान उर्फ कलुआ पुत्र राशिद सुफी निवासी मौ0 नालापार भुर्जी का भाड थाना कोतवाली जिला रामपुर सम्बन्धित केस न0-2268/19 अ0सं0 461/19 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट को मसकन से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला पुलिस कार्मिकों की बाइक रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना



**सहारनपुर।** कल शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रारंभ होने वाले मिशन शक्ति 5.0 की पूर्व संध्या के अवसर पर मंडलायुक्त अटल कुमार राय, डीआईजी अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने महिला पुलिस कार्मिकों की बाइक रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।इसके आगे एवं पीछे पी आर वी वैन भी चल रही थी। इसका उद्देश्य नारी सुरक्षा,नारी स्वावलंबन,नारी सम्मान बनाए रखना है।

## डीएम एवं एसएसपी ने किया सिद्धपीठ मेला माँ श्री शाकम्भरी देवी के आयोजन के संबंध में निरीक्षण



**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आशीष तिवारी द्वारा 22 सितम्बर से 07 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सिद्धपीठ मेला माँ श्री शाकम्भरी देवी के आयोजन के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं के लिए मेला परिसर का निरीक्षण किया गया। श्री बंसल ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। सभी विभाग सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अनुरोध करते हुए कहा कि श्रद्धालुगण मौसम के दृष्टिगत ही मां के दर्शनों एवं पूजा अर्चना की प्लानिंग बनाएं। जिल प्रशासन एवं जिला पंचायत श्रद्धालुओं को हर सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी ने बताया कि पार्किंग व्यवस्था के दृष्टिगत जमीन चिन्हित कर ली गई है। मेला की समस्त व्यवस्थाओं को पूर्ण कर लिया गया है। स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेहतर रहें इसके लिए बेहतर साफ-सफाई के निर्देश दिए गए है। भण्डारों में मेला अवधि के दौरान एवं बाद में साफ-सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी। सफाई कर्मचारियों एवं सुपरवाईजर की ड्यूटी लगा दी गई है। सीसीटीवी कैमरों से संपूर्ण मेले पर नजर रखी जाएगी तथा बेरीकेटिंग कर दी गई है।

P-09:28 paga09_jhn.qxd 9/21/2025 6:55 PM Page 1



# नए भारत का सपना साकार करने में युवाओं की भूमिका अहम: राव नरबीर सिंह

● नमो युवा रन में कैबिनेट मंत्री ने कही यह बात
● कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी की शिरकत



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में प्रतिदिन पर्यावरण संरक्षण और शारीरिक व्यायाम के लिए समय अवश्य निकालें। उन्होंने कहा कि जब युवा शक्ति इस संकल्प को अपनाएगी तो देश की प्रकृति और स्वास्थ्य दोनों सशक्त होंगे। इसी के साथ नए भारत का सपना साकार करने में युवाओं की भूमिका अहम होगी। वे रविवार को यहां लेजरवैली पार्किंग से शुरू हुई नमो युवा रन से पूर्व आयोजित समारोह में बोल रहे थे। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि 17 सितंबर को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुआ सेवा पखवाड़ा दो अक्टूबर तक जिलेभर में विशेष गतिविधियों और जनजागरुकता कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान रक्तदान, स्वास्थ्य जांच, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, खेल प्रतियोगिताएं और जनसेवा से जुड़े अनेक आयोजन किए जा रहे हैं, जिनमें आमजन विशेषकर युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए केवल आर्थिक प्रगति ही नहीं, बल्कि समाज का स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और नैतिक जिम्मेदारी भी उतनी ही आवश्यक है। यदि हम प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए आगे बढ़ेंगे तो विकास की यात्रा और भी मजबूत होगी।

**नमो युवा रन राष्ट्र निर्माण की एकता में अहम कड़ी: गौरव गौतम**

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौरव गौतम ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नमो युवा रने युवाओं के जीवन में अनुशासन, सहनशीलता, धैर्य और राष्ट्र निर्माण की एकता को मजबूती देने वाली एक अहम कड़ी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं में देशप्रेम, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सकारात्मक सोच का संचार होता है, जो भारत के उज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प किया है और इस संकल्प को साकार करने में युवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि आज का युवा डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया और फिट इंडिया जैसे अभियानों की रीढ़ है। ये अभियान केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि नए भारत की मजबूत नींव हैं। इस अवसर पर सोहना के विधायक तेजपाल तंवर, गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, पूर्व खेल मंत्री तथा कार्यक्रम के संयोजक संजय सिंह, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के महानिदेशक डॉ विवेक अग्रवाल, डीसी अजय कुमार, अतिरिक्त निदेशक संजीव शर्मा, संयुक्त निदेशक गजेन्द्र सिंह, एडीसी वत्सल वशिष्ठ, भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री राजू बिष्ट, भाजपा के युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, भाजपा के गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी व अजीत यादव, भाजयुमो नेता आदित्य धनखड़, युवा मोर्चा गुरुग्राम के जिला अध्यक्ष मयंक निर्मल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# गुरुग्राम में 10 हजार से अधिक युवाओं ने नमो युवा रन में दौड़ लगा दिया नशामुक्त समाज का संदेश

● 10 हजार से अधिक युवाओं ने नमो युवा रन में लिया भाग
● केंद्रीय विद्युत व आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने झंडी दिखाकर किया शुभारंभ



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** गुरुग्राम में रविवार को नमो युवा रन के जरिए नशामुक्त समाज का बुलंद संदेश दिया। लेजर वैली पार्किंग से शुरू हुई इस भव्य दौड़ में 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। दौड़ का केंद्रीय विद्युत व आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह और युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौरव गौतम भी उपस्थित रहे।केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने नमो युवा रन में सहभागी बने हजारों युवाओं से आह्वान किया कि वे नशामुक्त समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि नशा किसी भी व्यक्ति की क्षमता को नष्ट करता है और समाज को कमजोर बनाता है। यदि युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और कौशल विकास की ओर ध्यान देंगे तो न केवल उनका भविष्य सुरक्षित होगा बल्कि पूरा समाज एक बेहतर दिशा में आगे बढ़ेगा। मनोहर लाल ने कहा कि यदि देश युवा है तो उसका भविष्य भी युवा ही होगा। उन्होंने कहा कि आज भारत की लगभग 65 प्रतिशत आबादी युवा है और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसी आधार पर देश का प्रत्येक जिला और प्रदेश विकास की नई ऊँाइयों को छू सकता है। श्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा का युवा आज न केवल प्रदेश में बल्कि पूरे देश में अपनी प्रतिभा और परिश्रम का परचम लहरा रहा है। खेल, शिक्षा, तकनीक और उद्योग जैसे क्षेत्रों में हरियाणा के युवाओं ने अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास ही युवाओं की असली शक्ति है। यदि युवा शिक्षा और कौशल के मार्ग पर आगे बढ़ते रहें तो निश्चित रूप से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की यात्रा में उनका योगदान सबसे अहम होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जीवन में मेहनत की कोई कमी नहीं होनी चाहिए, लेकिन मेहनत के साथ-साथ स्वस्थ रहना भी उतना ही जरूरी है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में योग को अवश्य अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया के इतिहास में जितने भी बड़े परिवर्तन हुए हैं, उनमें युवाओं का योगदान सबसे महत्वपूर्ण रहा है। स्वामी विवेकानंद का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा था- उठो और जागो, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो, रुकना मत।

# दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की ऐप का 25 सितम्बर को मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

● योजना के तहत पात्र महिलाओं को मिलेंगे 2100 रुपए महीना
● योजना के लिए पात्र महिलाओं के पंजीकरण की प्रक्रिया भी 25 सितंबर से होगी शुरू



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सम्मान के लिए 25 सिंतबर को एक महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की हरियाणा सरकार शुरूआत करने जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 25 सिंतबर को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के मोबाइल ऐप का पंचकूला से शुभारम्भ करेंगे। इसी दिन गुरुग्राम सहित राज्य के सभी जिलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

हरियाणा सरकार द्वारा सामाजिक न्याय अधिकारिता अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग के माध्यम से यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक अहम कदम मानी जा रही है। एडीसी वत्सल वशिष्ठ ने रविवार को बताया कि इस योजना का उद्देश्य राज्य की आर्थिक रूप से कमजोर पात्र महिलाओं को महीने के 2100 रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। इस योजना के लिए आवश्यक एप के शुभारंभ अवसर के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं के लिए सभी स्वास्थ्य जांच केंद्रों पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने यह जानकारी रविवार को विकास सदन स्थित अपने कार्यालय में योजना से संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए दी। योजना की पात्र महिलाओं से क्रीड की टीम संपर्क कर पंजीकरण के लिए प्रेरित करेगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी स्वास्थ्य जांच शिविरों के लिए महिलाओं को प्रेरित किया जाएगा।

योजना के दायरे से यह रहेंगे बाहर

एडीसी ने बताया कि वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा/ निराश्रित महिला के लिए वित्तीय सहायता, दिव्यांग पेंशन, लाडली सामाजिक सुरक्षा योजना, कश्मीरी विस्थापित परिवार के लिए वित्तीय सहायता, बौना भत्ता, तेजाब पीड़ित महिला/लडकी को वित्तीय सहायता, अविवाहित महिला को वित्तीय सहायता, पद्म पुरस्कार विजेताओं के लिए हरियाणा गौरव सम्मान योजना का लाभ लेने वाली महिलाएं दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पात्र नहीं होंगी। योजना में पंजीकरण की प्रक्रिया 25 सितंबर से आरंभ हो रही है, जिला, उपमंडल, खंड, वार्ड व गांवों में लगने वाले शिविरों में इस योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क होगी। सरल केंद्र से आवश्यक दस्तावेज बनवाने के लिए 30 रुपए का शुल्क रहेगा। एडीसी ने कहा कि पात्र महिलाएं सभी आवश्यक दस्तावेज 25 सितम्बर से पहले पूर्ण करवा लें। इस अवसर सिविल सर्जन डा. अलका, जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान, डिप्टी सिविल सर्जन डा. अनुज गर्ग, डा. नीलिमा, समाज कल्याण विभाग से कंचन, क्रीड, कल्याण विभाग आदि के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लघु समाचार

### आश्विन माह की अमावस्या पर लगा वर्ष का आखिरी सूर्य ग्रहण

**भारत में सूर्य ग्रहण की दृश्यता रही बिल्कुल शून्य**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** इस वर्ष का अंतिम व दूसरा आंशिक सूर्य ग्रहण रविवार को आश्विन माह की अमावस्या को लगा। हालांकि यह सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं दिया। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि इस ग्रहण की दृश्यता भारत में बिल्कुल शून्य ही रही इसलिए यहां इसका सूतक काल नहीं माना गया। हालांकि ऐसी स्थिति में गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों व बच्चों को सूतक की सावधानी बरतने को मान्यताओं में कहा जाता है। उनका कहना है कि सूर्य ग्रहण की दृश्यता ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अंटार्कटिका, और कुछ साउथ पैसिफिक द्वीपों आदि में बताई जाती है। भारतीय समय के अनुसार यह ग्रहण रविवार की रात्रि 10 बजकर 59 मिनट पर ग्रहण शुरू हुआ और 3 बजकर 23 मिनट ग्रहण समाप्त हो गया। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि उसी ग्रहण का सूतक माना जाता है जो अपने क्षेत्र में दृश्यमान हो। चूंकि देश में साल का आखिरी सूर्य ग्रहण नहीं लग रहा है। इसलिए इसका सूतक काल भी नहीं माना जाएगा। बता दें सूर्य ग्रहण का सूतक ग्रहण लगने से ठीक 12 घंटे पहले शुरू हो जाता है। इस दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं किये जाते। सूतक काल की अवधि में खाना बनाना और पकाना दोनों मना होता है। भगवान की मूर्ति और तुलसी का पौधा स्पर्श नहीं कर सकते।

### 7 दिवसीय श्रीमदभागवत कथा का आयोजन 6 से

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** धार्मिक संस्था अखंड संकीर्तन मंच द्वारा सैक्टर 9ए स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर परिसर में 7 दिवसीय श्रीमदभागवत कथा का आयोजन आगामी 6 अक्तूबर से किया जा रहा है। संस्था के प्रवक्ता का कहना है कि कथा का शुभारंभ 6 अक्तूबर को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ होगा, जो सैक्टर के विभिन्न क्षेत्रों से होती हुई वापिस आयोजन स्थल पर संपन्न होगी। काशी की कथाव्यास आराधना देवी श्रीमदभागवत के विभिन्न प्रसंगों का संगीतमय शैली में गुणगान करेंगी। 12 अक्तूबर का पूणार्हूति के साथ कथा का समापन हागा। 13 अक्तूबर सोमवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजन की तैयारियों में संस्था के सदस्य जुटे हुए हैं।

### छठ पूजा महोत्सव को लेकर टीम का किया गठन

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** गुरुग्राम में निवास कर रहे पूर्वांचल मूल के लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाली सामाजिक संस्थाएं छठ पूजा महोत्सव की तैयारियों में जुट गई हैं, जिसको लेकर संस्थाओं द्वारा बैठक का आयोजन कर तैयारियों को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। इसी क्रम में राजेंद्रा पार्क क्षेत्र में छठ पूजा की तैयारी को लेकर रविवार को पूवार्चंल मूल के लोगों द्वारा टीम का गठन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संस्थाओं के सदस्य शामिल हुए। डा. राजेंद्र प्रसाद फाउण्डेशन के अध्यक्ष राजेश पटेल का कहना है कि बैठक में घाट की सफाई, पानी की व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था से लेकर अन्य सुविधाओं को लेकर सदस्यों को जिम्मेदारियां भी सौंपी जा रही हैं। आगामी 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक छठ पूजा महोत्सव का आयोजन होगा, जिसको लेकर पूर्वांचलियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। बैठक में अखिलेश्वर सिंह, रंजीत सिंह, शिव शंकर मिश्रा, गौरव त्रिपाठी, गगन ठाकुर, शुभम कुमार सिंह, राहुल पटेल एवं अमन आदि शामिल रहे।

### भाजपा वजीराबाद मंडल अध्यक्ष पवन यादव ने लगवाया रक्तदान व नेत्र जांच शिविर

**-पीएम मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहत लगाया यह शिविर**

**-वजीराबाद मंडल के अध्यक्ष पवन यादव ने किया अतिथियों का स्वागत**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा वजीराबाद मंडल के अध्यक्ष पवन यादव की ओर से रविवार को अपने क्षेत्र में रक्तदान व नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी पहुंचे। हरियाणा प्रदेश में रक्तदान शिविर के संयोजक के तौर पर पूर्व सीएमओ डॉ. पुष्पा बिश्नोई, जिला संयोजक के तौर पर महेश यादव और जिला उपाध्यक्ष रामबीर भाटी भी शिविर में पहुंचे।



शिविर में वजीराबाद मंडल की प्रभारी शुचिता शर्मा, वार्ड-21 से पार्षद सोनिया यादव, आरडी सिटी आर.डब्ल्यू.ए प्रधान प्रवीण यादव, पूर्व मनोनीत पार्षद मनीष यादव, मनोज बोहरा, जिला टीम से दीपचंद फौजी, पीयूष सैनी, मंडल के महामंत्री अमित चावला, अनुपमा श्रीवास्तव, मंडल में उपाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, अरुण रैली, मंडल सचिव अजीत यादव, मंजीत यादव, सोशल मीडिया प्रमुख शुभम अरोड़ा, आईटी प्रमुख शिवाकश पासी, कार्यालय सचिव कुलदीप चौधरी, मीडिया प्रभारी विनोद यादव का भी विशेष योगदान रहा। मंडल अध्यक्ष पवन यादव ने इस शिविर की सफलता के लिए सभी नगर वासियों व रक्तदाताओं का हृदय से आभार प्रकट किया। लायंस ब्लड बैंक की टीम और वियान आई एंड रेटिना सेंटर की टीम का भी उन्होंने धन्यवाद किया।

# श्री शीतला माता मंदिर में 22 सितंबर से एक अक्टूबर तक चलेगा नवरात्र मेला: सुमित कुमार

● हरियाणा पुलिस के जवान, होमगार्ड, सिविल डिफेंस, शीतला सेवा दल मुख्य रूप से रहेंगे तैनात



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** शक्तिपीठ श्रीमाता शीतला मंदिर में मंदिर में माता के दर्शन करने के लिए देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आते हैं। 22 सितंबर सोमवार से शुरू हो रहा नवरात्र मेला एक अक्टूबर 2025 तक चलेगा। मेले में किसी भी श्रद्धालु को असुविधा ना हो, इसके लिए हमने व्यापक तैयारियां की हैं। मंदिर स्टाफ के अलावा 200 लोगों को दैनिक वेतन पर लगाया है। इनके अलावा लगभग 200 वॉलंटियर निशुल्क सेवाएं देंगें। यह जानकारी श्रीमाता शीतला श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुमित कुमार ने रविवार को मंदिर परिसर में पत्रकार वार्ता में दी।

सीईओ सुमित कुमार ने बताया कि माता मंदिर के मेला ग्राउंड में श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग निशुल्क की गई है। उन्होंने आग्रह किया है कि कोई भी श्रद्धालु रोड पर अपने वाहन को खड़ा ना करें। मंदिर के आसपास करीब 50 ट्रैफिक के जवानों तैनाती रहेगी। मेला ग्राउंड में ऊपर आने जाने के लिए पुल का प्रयोग करें। पुल के ऊपर दो आपातकालीन द्वार बनाए गए हैं। इसके अलावा मंदिर परिसर में किसी भी समय आपातकालीन स्थिति में निकलने के लिए तीन विशेष द्वारा अलग से बनाए गए हैं। जिसमें 24 घंटे हरियाणा पुलिस, महिला पुलिस व होमगार्ड के जवान निगरानी रखेंगे। महिला पुलिस सादी वर्दी में तैनात रहेंगी। सीसीटीवी के माध्यम से चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए विशेष ऑपरेटर की नियुक्ति की है, जो कि 160 कैमरों से निगरानी रखेंगे।

**वीआईपी के आगमन पर आम श्रद्धालुओं को नहीं होगी असुविधा**

मंदिर में श्रद्धालुओं को कोई भी ऐसी असुविधा ना हो, इसके लिए पुराने मंदिर से एक वीआईपी कॉरिडोर बनाया गया है। किसी भी समय कोई वीआईपी दर्शनों के लिए आ सकते हैं। वीआईपी के आगमन पर आम श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। मंदिर के सभी कर्मचारी ड्रेस में नजर आएंगे।

पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए मंदिर में लगभग 200 ऑक्सीजन युक्त पौधे लगाए हैं। मंदिर भवन प्रांगण में सजावट के साथ-साथ सुरक्षा का भी ध्यान भी रखा गया है। इसके लिए गुप्तचर विभाग, हरियाणा पुलिस, होमगार्ड अन्य खुफिया एजेंसी की सहायता ली है। जो चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखेंगे। श्रद्धालुओं को सुरक्षा जांच के लिए विशेष मशीनों से प्रवेश दिया जाएगा। जवान प्रत्येक गेट पर 24 घंटे तैनात रहेंगे। सिविल अस्पताल से 24 घंटे डॉक्टरों की टीम तैयार रहेंगी। दो एंबुलेंस हमेशा सेवा में रहेंगी। फायर विभाग से दो गाड़ियां 24 घंटे रहेगी। सोमवार 22 सितंबर से शुरू हो रहा मेला एक अक्टूबर तक चलेगा। मंदिर दिन-रात खुला रहेगा। मंदिर ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों को मंदिर प्रशासन द्वारा जलपान की सुविधा भी 24 घंटे दी जाएगी।

# दो नवंबर को हिसार में होगा नेहरा खाप का राष्ट्रीय महासम्मेलन: संदीप नेहरा

● हरियाणा, राजस्थान, उप्र, पंजाब, दिल्ली व मध्यप्रदेश से जुटेंगे हजारों प्रतिभागी



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** नेहरा खाप का राष्ट्रीय महासम्मेलन आगामी दो नवंबर रविवार को हिसार में आयोजित किया जायेगा। इस महासम्मेलन में हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली उत्तराखंड, गुजरात, बिहार व मध्यप्रदेश में रह रहे हजारों नेहरा गौत्रीय गणमान्य व्यक्ति हिस्सा लेंगे। यह जानकारी नेहरा खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप नेहरा सिरसा ने दी।

उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में जिमखाना क्लब में एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें निर्णय लिया गया कि नेहरा समाज के सभी व्यक्तियों को इक्_ा करने के लिए आगामी दो नवंबर को हिसार में एक महासम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इस महासम्मेलन का मकसद नेहरा समाज में आपसी प्रेम, प्यार और सौहार्द को और अधिक बढ़ाना है। इसके साथ-साथ नेहरा समाज, सर्वसमाज के कल्याण के लिए और ज्यादा कैसे योगदान कर सकता है, इस पर भी विस्तृत चर्चा होगी। इस महासम्मेलन में नेहरा समाज के उन प्रतिभाशाली युवक-युवतियों को सम्मानित किए जाने का फैसला लिया गया है जिन्होंने हाल ही में शिक्षा, खेलकूद, प्रतियोगी परीक्षाओं में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ-साथ देश की सुरक्षा में प्राण न्योछावर करने वाले जाबांजों की वीर नारियों को भी सम्मानित किया जायेगा। नेहरा खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप नेहरा सिरसा ने कहा कि नेहरा गौत्र, सर्वसमाज की भलाई के लिए हमेशा तत्पर रहता है। इस तरह के महासम्मेलन के आयोजन से इसे और अधिक गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस महासम्मेलन की तैयारियों के लिए बड़े पैमाने पर वर्क फोर्स की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए जल्द ही अनेक कमेटियों का गठन कर दिया जायेगा। ताकि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल सकें। उन्होंने कहा कि दो नवंबर को हिसार में होने वाला नेहरा खाप का राष्ट्रीय महासम्मेलन ऐतिहासिक होगा। संदीप नेहरा ने नेहरा समाज के सभी सदस्यों से आह्वान किया है कि वे इस महासम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लें। इस अवसर पर कर्नल ओपी नेहरा, दलबीर नेहरा, किशन नेहरा, प्रदीप नेहरा, ईश्वर नेहरा, राजकुमार नेहरा, कृष्ण कुमार नेहरा, भूपेंद्र नेहरा, कर्नल धर्मवीर नेहरा, रामकुमार नेहरा, संदीप नेहरा, एडवोकेट बलवान नेहरा, अमित नेहरा, उदयवीर नेहरा, धूपसिंह नेहरा व सत्यनारायण नेहरा आदि उपस्थित थे।

# ऑटो चालकों सहित सभी वाहन चालकों के लिए कल्याण बोर्ड का गठन करे सरकार: योगेश शर्मा

● गुरुग्राम में मंजूर किए गए 52 ऑटो स्टैंड का का भी जल्द निर्माण हो
● ऑनलाइन चालानों की एकमुश्त माफी योजना चलाकर वाहन चालकों को दी जाए राहत

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा ऑटो चालक संघ सम्बन्धित भारतीय मजदूर संघ की ओर से ऑटो चालकों की बैठक रविवार को सेक्टर-4 स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ ऑटो चालक प्रदीप रंगा ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हरियाणा सरकार में सामाजिक सुरक्षा आयोग के सदस्य योगेश शर्मा ने शिरकत की।

बैठक की शुरूआत ऑटो चालकों ने भारत माता एवं शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्जवलित कर की। बैठक में संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष नवीन कुमार ने बीएमएस का देशभक्ति गीत गाकर वातावरण को देशभक्तिमय कर दिया। बैठक में ऑटो चालकों ने अपनी समस्याएं रखी। जिसमें प्रमुख रूप से ऑटो स्टैण्ड और ऑनलाइन चलानों का विषय कई ऑटो चालकों ने उठाया। योगेश शर्मा ने कहा कि डीएलएसए विभाग के माध्यम से हर तीन माह में लगने वाली लोक अदालत के माध्यम से भी 2022 से पहले के चालानों का निपटारा हो रहा है। वहां भी आटो चालकों को परेशानी हो रही है। योगेश शर्मा ने मांग रखी की हरियाणा सरकार एकमुश्त लंबित चलानों के भुगतानों की योजना चलाकर वाहन चालकों को राहत देने का कार्य करे। योगेश शर्मा ने हरियाणा सरकार से मांग की कि प्रदेश में ऑटों चालको सहित सभी वाहन



चालकों, सहायकों और उनके परिवारों के लिए कल्याण बोर्ड के गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से गुरुग्राम में 52 ऑटों स्टैण्ड मंजूर हैं, लेकिन आठ साल बीत जाने के बाद भी इनका निर्माण नहीं किया जा सकता है। योगेश शर्मा ने कहा कि गुरुग्राम में ऑनलाइन चालानों की भी संख्या काफी बढ़ गई है। पुलिस भी लंबिंत चालानों के कारण वाहनों को जब्त कर रही है। जिस कारण वाहन चालाकों को काफी परेशानी हो रही है।

# प्रथम नवरात्रे पर आज उपासक करेंगे मां शैलपुत्री की उपासना



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** संकल्पी शक्ति के साथ ईश्वरीय शक्ति का मेल हर मनोरथ को पूर्ण कर सकता है। शारदीय नवरात्रों का यही संदेश है। मां दुर्गा के नवरात्रे आज सोमवार से प्रारंभ हो रहे हैं। मां दुर्गा के 9 स्वरुपों का उल्लेख धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। मां दुर्गा के प्रथम स्वरुप को शैलपुत्री के नाम से जाना जाता है। प्रथम नवरात्रे पर आज जहां उपासक मां दुर्गा के प्रथम स्वरुप मां शैलपुत्री की पूरे विधि विधान के अनुसार उपासना करेंगे, वहीं मां दुर्गा के व्रत भी रखेंगे। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि जो उपासक मां भगवती दुर्गा की शरण में आ जाते हैं, उनका कभी कोई अमंगल नहीं होता। मां दुर्गा की शक्तियां विषम परिस्थितियों में भी अपने उपासकों की रक्षा करती है। शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्मी मां दुर्गा के प्रथम रुप का नाम शैलपुत्री है। मां शैलपुत्री पार्वती और हेमवती नामों से भी जानी जाती हैं। मां का वाहन वृषभ है और इनके दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का फूल है। मां भगवती की विशेष कृपा प्राप्ति हेतु षोडशोपचार पूजन के बाद नियमानुसार उपासकों को गाय का घृत मां को अर्पित करना चाहिए और फिर वह घृत ब्राह्मण को दे देना चाहिए। माना जाता है कि जो उपासक मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना करते हैं, वे कभी रोगी नहीं होते। मां की पूजा अर्चना करने से मनवांछित फल मिलता है। मां सभी का उद्धार करती हैं।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 9/21/2025 7:49 PM Page 1



# तावडू में नहीं है कोई वाहन पार्किंग की व्यवस्था, आद दिन लगता है जाम, क्षेत्रवासी परेशान

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू, (मैहंदीरत्ता)।** शहर में वाहन चालकों के लिए वाहन पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण क्षेत्र वासियों के लिए यह समस्या सिरदर्द बनी हुई है। वहीं जिस कारण वाहन चालक व ऑटो वाहन चालक शहर में इधर-उधर वाहन खड़ा कर शहर को अवैध पार्किंग का रूप दे देते हैं। जिससे शहर की सुंदरता को तार-तार हो रही है। शहर में इस तरह की समस्या को लेकर प्रशासन तनिक भी गंभीर नहीं है। नगर पालिका प्रशासन आए दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर गरीब रेहड़ी व फुटपाथ वालों का चालान कर औपचारिकता निभा देता है। लेकिन



पार्किंग व्यवस्था के बारे में किसी भी विभाग ने इस समस्या पर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया। रवि, गणेश, दीपक, राजकुमार, हरीश, राजा सिंह, कल्लू, मुकीम, मुकेश, विपिन, राजू व अनिल आदि शहरवासियों ने कहा कि प्रशासन ने शहर में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की हुई है। जिससे दूर दराज से आने वाले वाहन चालकों को अपने वाहन इधर-उधर सड़कों पर खड़ा करने पड़ते हैं। जिससे शहर की सुंदरता को तो बट्टा लग ही रहा है, वहीं आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। शहरवासियों ने कहा कि आए दिन लगने वाले जाम से वाहन चालकों को सहित उन्हें भारी परेशानी झेलनी पड रही है। शहर के मुख्य मार्गों पर स्थित दुकानदार अपनी दुकानों के आगे दस-दस, बारह-बारह फुट तक सामान जमा लेते हैं, ताकि उनकी दुकानों के आगे वाहन खड़े हो सकें। इन दुकानों के आगे रेहड़ी वालो के साथ-साथ वाहन चालक भी रेहड़ी से आगे अवैध पार्किंग बना देते हैं। वहीं क्षेत्र वासियों ने शासन प्रशासन से इस समस्या के समाधान के लिए गुहार लगाई है।

# श्री धार्मिक लीला कमेटी के कलाकार निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद द्वारा 45 दिन के कड़े अभ्यास के बाद

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, राजेन्द्र सिंह।** श्री धार्मिक लीला कमेटी 5 नम्बर एम ब्लॉक एन आई टी फरीदाबाद के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि कल रात अभ्यास के अंतिम दिन कलाकारों ने अपने-अपने किरदार का निर्णायक अभ्यास किया तथा अब सभी कलाकार 45 दिनों के कड़े अभ्यास के बाद रामलीला के मंच पर अपनी कला का जादू बिखेरने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि एक एक कलाकार अपने-अपने किरदार को दर्शकों के सामने निभाने को आतुर है।

निर्देशक हरीश आजाद ने कहा कि कल रात कलाकारों ने ताडका स्यापै का भी अभ्यास किया क्योंकि दर्शकों में बच्चे बहुत चाव व डर से ताडका के रोल तथा ताडका की मौत पर



राक्षसों द्वारा ताडका स्यापा देखने को बेताब रहते हैं। पिछले 13 वर्षों से लगातार राजू खरबंदा ताडका का किरदार निभा रहे हैं जब वह बाहर दर्शकों में से होते हुए मंच पर आते हैं तो बच्चे उन्हें देखकर कुर्सियों के नीचे छिप जाते हैं क्योंकि ताडका का किरदार निभा रहें राजू खरबंदा छोटे-छोटे बच्चों को ऊठाकर मंच पर लाते हैं जिससे बच्चे ताडका भंयकर रूप देखकर डर जाते हैं।

निर्देशक आजाद ने बताया कि इसी तरह दर्शकों को राक्षसों द्वारा ताडका की मौत पर ताडका का स्यापा देखने का बहुत आन्नद आता है।

जिसके लिये कलाकारों को लोकल भाषा में ताडका स्यापै के गीत का अभ्यास करवाया गया वह गीत है हाय-हाय चाची ताडका, मर गई चाची ताडका, ताडका दे मुशकां वाले कछे, चानी नूँ रोवन सारे बच्चे चाची ताडका मर गई चाची ताडका इसी गीत में एक लाईन है चाची दी वडी-वडी फराक, चाची नूँ रौवे एम ब्लॉक दर्शकों को बहुत आन्नदित करते हैं।

# सेवा सप्ताह के अंतर्गत पर फरीदाबाद में एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन ड्राइव की शुरूआत

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** मेयर कैंप ऑफिस, फरीदाबाद में एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन ड्राइव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फरीदाबाद की माननीय महापौर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी जी ने की। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन फरीदाबाद एवं पीपल फॉर एनिमल्स संगठन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में नगर निगम फरीदाबाद के पार्षद मनोज नासवा जी, MOH डॉ. नितेश, IMA फरीदाबाद के अध्यक्ष डॉ. राजीव गुम्बर, सचिव डॉ. अनुज धिंगरा, पूर्व अध्यक्ष डॉ. ललित हसीजा सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक




एवं विशेषज्ञ शामिल हुए। इसके अतिरिक्त PFA प्रतिनिधि, पब्लिक हेल्थ कंसल्टेंट्स, वेटनरी सर्जन तथा MCF अधिकारीगण ने भी भाग लिया। इस अवसर पर क्टअ ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए नगर निगम और PFA NGO के साथ मिलकर समुदायिक कुत्तों के लिए एंटी-रेबीज वैक्सीनेशन अभियान की शुरूआत की। इस पहल का मुख्य उद्देश्य फरीदाबाद को रेबीज मुक्त शहर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना है। यह कार्यक्रम सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिससे समाज सेवा और जनस्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियों को और गति मिल सके।

# तिगांव के विकास को गति देंगी नई सड़कें : राजेश नागर

**उत्तम भारत संवाददाता, तिगाँव।** हरियाणा के मंत्री एवं तिगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश नागर ने आज दो बड़ी सड़कों को बनाने का निर्माण कार्य शुरू करवाया, जिन पर करीब 1 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत आएगी। इस अवसर पर राजेश नागर ने बताया कि तिगांव से जुन्हेडा और तिगांव से बुखारपुर जाने वाली दो मुख्य सड़कों को बनाने का काम आज से शुरू किया गया है। इन सड़कों के बनने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। जिससे बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को लाभ होगा।

उन्होंने बताया कि तीन महीने के अंदर इन सड़कों को बना दिया जाएगा। हालांकि इन सड़कों को बनाने का एस्टीमेट बहुत पहले तैयार हो गया था और टेंडर भी हो गया था, लेकिन ग्रामीणों की मांग थी कि उनकी सड़कें इंटरलॉकिंग टाइल की ना बनाकर आरसीसी की बनवाई जाए। इसलिए हमने उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए पूर्व का टेंडर रद्द कर अब नए एस्टीमेट के तहत आरसीसी की सड़कें बनाने का काम आज से शुरू हुआ है।



मंत्री राजेश नागर ने बताया कि तिगांव में जबरदस्त विकास कार्य हो रहे हैं। प्रदेश की पहली मॉडर्न आईटीआई और पहला मॉडर्न संस्कृति स्कूल भी तिगांव को मिला और जल्द ही तिगांव की फिरनी को करीब पांच करोड़ की लागत से बनाने का काम जल्द शुरू होगा। इससे पहले गांव के दोनों सरकारी स्कूलों को नई इमारत मिल चुकी है।

इस अवसर पर उप चेयरमैन पवन नागर, पार्षद अनिल पाराशर, सरपंच प्रतिनिधि वेद प्रकाश अधाना, विक्रम प्रताप सरपंच, ग्रीवेंस सदस्य दयानंद नागर , बाबा राधे अधाना, संत राज चंदीला, ईश्वर अधाना, अजब चंदीला, मास्टर दयाराम, मनोज नागर, ब्रह्म अधाना, राव नारायण सिंह, अमन नागर, अमरजीत प्रधान, परसराम अधाना, वेद प्रकाश चंदीला, रवि नंबरदार, सुरेश अधाना, रविंद्र अधाना, रेशम सरदार, धर्म प्रकाश नागर, सरपंच बृजेश, जितेंद्र चंदोलिया, सरपंच कहर सिंह, सरपंच ललित चौहान, पूर्व सरपंच राकेश, पूर्व बीडीसी मेंबर तेज सिंह अधाना, युधिष्ठिर शर्मा, पंडित हरिओम, सरपंच धर्म सिंह, सरपंच राजेंद्र नागर, सरपंच राजेश कोराली, बोहरे जय नारायण अधाना, नेहपाल बैंसला, रविंद्र अधाना, हरिश्चंद्र सरपंच, योगेश रावत, वासुदेव भारद्वाज, सतवीर गुर्जर, राजेंद्र तालान, राजेश भाटी, प्रवीण भारद्वाज, बीडीसी जग्गी अधाना, बीडीसी सुनील कुमार, बीडीसी परमीत कसाना, वीरेंद्र अधाना आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मोदी के विकास मॉडल पर होगा बिहार चुनाव : कृष्णपाल गुर्जर

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, एनआईटी से विधायक सतीश फागना और पूर्व मंत्री, विधायक मूलचंद शर्मा फरीदाबाद की बडखल विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक धनेश अदलखा का जन्मदिन मनाने के लिए पहुंचे। जहां पर धनेश अदलखा ने महिलाओं से केक कटवाकर जन्मदिन मनाया। बीजेपी विधायक का जन्मदिन मनाने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, धनेश अदलखा के एक नंबर आफिस



पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने केक काटकर विधायक को खिलाया। इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक मूलचंद और विधायक सतीश फागना भी मौजूद रहे। केक काटने के बाद जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। धनेश अदलखा ने कृष्णपाल गुर्जर और मूलचंद शर्मा के पैर भी छुए। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने इस मौके पर कहा कि हरियाणा में आज बीजेपी और केंद्र की मोदी सरकार ने वो काम किए हैं, जो कांग्रेस कभी नहीं कर पाई। राहुल गांधी द्वारा लगाए जा रहे वोट चोरी के आरोपों को लेकर उन्होंने कहा कि जब राहुल गांधी की जरूरत उनकी पार्टी को होती है वो विदेश भाग जाते हैं। जब खाली समय होता है तो वो इस तरह के कामों में लग जाते हैं। चुनाव आयोग में राहुल गांधी लिखित में शिकायत दें।

# प्लाट में मिली मुस्लिम युवक की जली लाश, अपहरण कर हत्या का आरोप

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, नवीन शाह।** फरीदाबाद में एक मुस्लिम युवक की खाली प्लाट में जली हुई लाश मिलने का मामला प्रकाश में आया है। युवक 10 दिन से लापता था। वह घर से काम पर जाने के लिए निकला था। इसके बाद से वह वापस नहीं लौटा। उसका शव को एक बच्चे ने देखा, जिसके बाद वह चिल्लाया तो सबको पता चला। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच के बाद लाश पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दी। परिजनों का कहना है कि युवक को किडनैप करने के बाद उसे जिंदा जलाकर हत्या की गई है। मृतक का ढाई महीने का बेटा भी है। उसकी दो साल पहले शादी हुई थी। वहीं पुलिस ने कहा कि हत्या के एंगल से ही पूरे मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी असल कारणों का खुलासा होगा।



सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही एफएसएल टीम को भी जांच के लिए मौके पर बुलाया गया। घटना धौज थाना क्षेत्र के गांव बहराम पट्टी की है। मृतक के भाई इरशाद ने बताया कि 10 सितंबर की सुबह इरफान (32) गांव के ही एक युवक के साथ बाइक पर बैठकर पाली गांव में ड्यूटी के लिए निकला था। लेकिन उस दिन वह कंपनी पहुंचा ही नहीं और उसी दिन से लापता हो गया। परिवार ने लगातार उसकी तलाश की, कंपनी में भी पूछताछ की गई लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आखिरकार 14 सितंबर को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। इरशाद ने बताया कि, 20 सितंबर को गांव के ही एक छोटे बच्चे ने पतंग लूटने के दौरान प्लॉट में जली हुई लाश देखी। उसने गांव वालों को बताया और फिर सूचना पुलिस तक पहुंची। जब पुलिस ने शव की पहचान करवाई तो वह इरफान का ही निकला। इरशाद ने आरोप लगाया कि इरफान को किडनैप किया गया, फिर हत्या कर उसकी लाश को जलाकर गांव में फेंका गया है। उन्होंने कहा कि वारदात में एक नहीं बल्कि 3-4 लोग शामिल हो सकते हैं। वहीं, इरफान की पत्नी खुशबू ने बताया कि 10 सितंबर की सुबह पति घर से खाना खाकर और अपना टिफिन लेकर ड्यूटी के लिए निकले थे। वह रोजाना गांव के ही एक व्यक्ति की बाइक से कंपनी जाते और शाम को ऑटो से लौटते थे। उसी दिन से उनका कोई संपर्क नहीं हो पाया और तलाश के बावजूद कोई जानकारी नहीं मिली। मृतक इरफान घर का बड़ा बेटा था। वह ढाई महीने के बेटे का पिता था। पत्नी खुशबू से 2 साल पहले शादी हुई थी। इरशाद ने बताया कि उनका भाई इरफान सुरूरपुर इंडस्ट्री में एक प्राइवेट कंपनी में कप बनाने वाली कंपनी के पैकिंग करने वाले डिपार्टमेंट में काम करता था। जिस व्यक्ति के साथ 10 सितंबर को बाइक पर सवार होकर कंपनी जाने के लिए निकला था, उसने भी परिजनों को बताया कि इरफान रास्ते में ही पाली गांव में उतर गया, फिर कहां गया इसकी जानकारी नहीं है। उसने कहा था कि मुझे यही छोड़ दो। धौज थाना पुलिस के जांच अधिकारी एएसआई तेजवीर ने बताया कि शव 3 से 4 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है और जली हुई अवस्था में मिला है।

# एच-1 की वीजा की एप्लिेशन फीस बढ़ाने से 70 फीसदी भारतीय होंगे प्रभावित : सुशील गुप्ता

● आम आदमी प्रदेशाध्यक्ष बोले, पंजाब की तर्ज पर बाढ़ पीड़ित किसानों को 20 हजार रुपए एकड़ मुआवजा दे सरकार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, सुमित गोयल।** बल्लभगढ़ के जाट भवन में रविवार को आम आदमी पार्टी जिला कार्यकारिणी तथा प्रदेश कार्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संगठन मंत्री पंडित राजेंद्र शर्मा ने की, जबकि इस मौके पर मुख्यातिथि के रुप में आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डा. सुशील कुमार गुप्ता ने शिरकत की। सर्वप्रथम कार्यक्रम में पहुंचने पर डा. सुशील कुमार गुप्ता का आम आदमी पार्टी कार्यकताओं ने ढोल नगाड़ों की थाप पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डा. सुशील गुप्ता ने अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा के लिए एप्लिकेशन फीस बढ़ाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह सीधे-सीधे भारतीयों पर कुठाराघात है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि देश के प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए है।



उन्होंने कहा कि पहले इस वीजा की एप्लिेशन फीस एक से छह लाख रुपए थी, लेकिन एक साथ इसे 88 लाख करना न्यायसंगत नहीं है और आम आदमी पार्टी इसका विरोध करती है। डा. सुशील गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बर्थडे पर जो रिटर्न गिफ्ट दिया है उससे हर भारतीय दुखी है। राष्ट्रीय हित सबसे पहले है। गले मिलना और लोगों से मोदी-मोदी के नारे लगवाना विदेश नीति नहीं है। उन्होंने कहा कि 70 प्रतिशत एच-1बी वीजा धारक भारतीय हैं। इस वीजा पर एक लाख डॉलर की एनुअल फीस भारतीय टेक कर्मचारियों पर सबसे ज्यादा असर डालती है, यह वृद्धि उनके लिए बहुत असहनीय है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ पहले ही लगाया जा चुका है। अकेले 10 क्षेत्रों में भारत को इससे 2.17 लाख करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है। डा. सुशील गुप्ता ने कहा कि केंद्र और हरियाणा की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है, इस सरकार में गरीब और गरीब हो रहा है, जबकि पूंजीपति के हाथ की कठपुतली बन सरकार उन्हें लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा पंजाब में बाढ़ से प्रभावित किसानों को आम आदमी पार्टी की सरकार 20 हजार रुपए एकड़ के हिसाब से मुआवजा दे रही है, हरियाणा में भी बाढ़ से प्रभावित जिलों के किसानों को इसी हिसाब से मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले सरकार ने पॉलीथिन पर बैन लगाया था, लेकिन बाद में दुकानदारों व कंपनियों से सांठगांठ कर उसे फिर शुरू कर दिया, जब सरकार ने गुटखा, पान मसाला पर प्रतिबंध लगाया है, कहीं ऐसा न हो, सरकार कंपनियों से मिलकर इसे भी फिर से चालू कर दे। बैठक में संगठन मंत्री पं. राजेंद्र शर्मा, लोकसभा अध्यक्ष अमन गोयल, जिलाध्यक्ष रविन्द्र फौजदार, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष नीतू मान, देवराज गौड़ ज्वाइंट सेक्रेटरी, नरेश शर्मा, विनय यादव, विरेंद्र तंवर, एसके बंसल, रवि डागर, कौशल ततारपुर सहित अनेकों आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# फिजियोमंथन तीसरा सम्मेलन मे हरियाणा टीम ने हरियाणवी लोकसंस्कृति से मोहा मन

**उत्तम भारत संवाददाता, ग्रेटर फरीदाबाद।** भारतीय फिजियोथेरेपिस्ट संघ (आईएपी) और भारतीय फिजियोथेरेपी वूमेन सेल द्वारा आयोजित फिजियोमंथन का तीसरा संस्करण 13-14 सितम्बर को संविधान क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

**ज्ञान और नवाचार पर विमर्श**

दो दिवसीय इस सम्मेलन में देश-विदेश से आए प्रतिष्ठित फिजियोथेरेपिस्ट, शिक्षाविद और प्रतिनिधि शामिल हुए। फिजियोथेरेपी के विकास, नवाचार और भविष्य की संभावनाओं पर सार्थक चर्चाएँ हुईं। इस अवसर पर भारत की पहली महिला आईपीएस अधिकारी डॉ. किरण बेदी और वरिष्ठ राजनेता व कलाकार श्री मनोज तिवारी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनकी मौजूदगी ने कार्यक्रम की




गरिमा और भी बढ़ा दी।

**हरियाणा टीम की जोशीली प्रस्तुति**

हरियाणा का प्रतिनिधित्व करती हुई IAP or IAPWC टीम ने पारंपरिक हरियाणवी वेशभूषा में लोकसंस्कृति पर आधारित ऊजार्वान प्रस्तुति दी, जिसने देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस टीम में शामिल थे

डॉ. भावना मंगला (PT) – IAPWC हरियाणा सब-कोऑर्डिनेटर

डॉ. सोनिका मित्तल (PT) – IAPWC गुरुग्राम कोऑर्डिनेटर

डॉ. अंकुर क्लेर (PT) – IAPWC फरीदाबाद कोऑर्डिनेटर

डॉ. ऋतु जाटव (PT) – IAPWC गुरुग्राम सब-कोऑर्डिनेटर

डॉ. प्रियंका रानी (PT) – EC Member, IAP हरियाणा स्टेट

डॉ. सोनिल सिंह (PT) – IAP Convener, गुरुग्राम

डॉ. रचना सेठी गेरा (PT) – EC Member, IAP गुरुग्राम

# फैक्ट्री से जिंक व स्टील की सिल्ली चुराने के मामलें में 3 आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** जसविंद्र वासी सेक्टर 68 ने पुलिस चौकी क्टळ सेक्टर 68 में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह सिगमा टेक्नोलाजी के नाम से सेक्टर 68 एक में फैक्टरी चलाता है। जिसमें से 30/1 जुलाई कि रात को किसी नामपता नामालूम ने फैक्टरी का ताला तोडकर उसमें से 980 किलोग्राम जिंक व स्टील की सिल्लीयां चुरा ली। जिस संबंध में थाना सदर बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामलें में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच सेक्टर 85 कि टीम ने ओमप्रकाश (36), मोहित (24) वासी छांयसा फरीदाबाद व आसिफ(28) वासी गांव नवादा को गिरफ्तार किया है।



पूछताछ में सामने आया कि ओमप्रकाश व मोहित वारदात से पहले फैक्टरी की रैकी करते थे तथा मौका मिलने पर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। दोनों आरोपी ने फैक्टरी का ताला तोडकर मोटरसाईकिल पर जिंक व स्टील कि सिल्लियां चुराई थी मोहित कि मोटरसाईकिल थी, बाद में चोरी सुदा जिंक व स्टील कि सिल्लीयां आसिफ (28) को बेच दी थी। आशिक कबाडी का काम करता है। आरोपियों से 50,000 रुपये बरामद किए गए है। सभी आरोपितों को मानीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## लघु समाचार

### तावडू में कामधेनु आरोग्य संस्थान में रविवार को हवन व पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** उपमंडल के गांव बिस्सर अकबरपुर में स्थित कामधेनु आरोग्य संस्थान में रविवार को ब्रह्म दत्त अतिरिक्त सचिव भारत सरकार एवं वर्तमान सचिव राज्य मन्त्री राव इन्द्रजीत सिंह का 70 वां जन्मदिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन ब्रहम दत्त के पुत्र विनीत गौड़, पुनीत गौड़ तथा उनके परिवार एवं



कामधेनु आरोग्य संस्थान ने मिलकर किया। कार्यक्रम में संस्थान की अध्यक्षा शशि गुप्ता एवं डॉक्टर एसपीगुप्ता ने यज्ञ का संचालन किया। वहीं 70 दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम को शुरू किया गया । इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक ने दीर्घ आयु तथा स्वस्थ आयु की कामना करते हुए कहा कि जैसे ब्रह्म दत्त दूसरों की सेवा में तत्पर रहते हैं, उसी प्रकार हमें भी उसे जीवन में अपना कर जीवन सार्थक करना चाहिए । ब्रह्म दत्त के पौत्रों की ओर से दादाजी को समर्पित एक चलचित्र का प्रदर्शन किया गया । उनके पुत्रों ने संस्थान में पिताजी के नाम से एक फव्वारा भी समर्पित किया। जिसका लोकार्पण ब्रह्म दत्त तथा डॉ गुप्ता ने सभी के साथ मिलकर किया । इस अवसर पर ब्रह्म दत्त के द्वारा आम का पौधा भी लगाया गया । बाद ब्रह्म दत्त तथा उनके परिवार के सभी सदस्यों ने गोपूजा की और गोमाता को सवामणि अर्पित की।

### तावडू में रक्दान शिविर में 101 लोगों ने किया रक्तदान

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर की पंजाबी धर्मशाला में रविवार को जनसेवा समिति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 41वीं बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 101 लोगों ने रक्तदान किया। इस शिविर में बतौर मुख्यअतिथि सोहना-तावडू विधायक चौधरी तेजपाल तंवर व भाजपा जिला गुरूग्राम अध्यक्ष अजीत सिंह मौजूद रहे। इस शिविर में मांडीखेडा से टीम रक्तदान कताओं का रक्तदान लेने के लिए



पहुंची। टीम रक्तदाताओं के रक्त बैग मात्र 101 ही लेकर पहुंची। जिस कारण अन्य रक्तदाताओं को वापिस लौटना पडा। सोहना-तावडू विधायक तेजपाल तंवर ने कहा कि रक्तदान जैसा पुण्य कार्य न केवल जरूरतमंद की जान बचाने का माध्यम है, बल्कि यह समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को भी और मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा की इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रक्तदान जैसे महादान में सम्मिलित होना चाहिए व दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवम गर्ग, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र भारद्वाज, पार्षद प्रतिनिधि सौरभ, एडवोकेट अमरपाल, पार्षद पंकज तनेजा, भाजपा बिस्सर मंडल अध्यक्ष चतर सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

### तावडू में वरिष्ठ समाजसेवी के निधन पर विधायक व भाजपा जिला गुरूग्राम अध्यक्ष सांतवना देने पहुंचे

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर के वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मण सोनी के आकस्मिक निधन पर सोहना-तावडू विधायक चौधरी तेजपाल तंवर व भाजपा जिला गुरूग्राम अध्यक्ष अजीत सिंह ने उनके निवास पर पहुंच रविवार को सांतवना दी। उल्लेखनीय है कि लक्ष्मण सोनी पिछले



कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। जिनका 76 वर्ष की उम्र में रविवार प्रातः साढे 9 बजे निधन हो गया। उनके निधन पर शहर व क्षेत्रवासियों ने संवेदना व्यक्त की। वहीं रविवार को विधायक ने पहुंच परिवार को सांतवना दी। इस दौरान जिला महामंत्री मुकेश शर्मा, नगरपालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र भारद्वाज, वरिष्ठ समाजसेवी मनोज सोनी, सुरेश कुमार, मुकेश सोनी, राज, टीटू, कपिल आदि मौजूद थे।

### सेवा पखवाड़ा" के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, तरुण तायल।** पुलिस द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों के माध्यम से समाज हित में विभिन्न प्रकार की जागरूकता व सेवा संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें जनता एवं पुलिसकर्मियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। जिसके निरन्तर में 21 सितंबर को थाना सराय ख्वाजा की पुलिस टीम द्वारा अपोलो क्लीनिक सेक्टर 37 में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में थाना पुलिसकर्मियों सहित अन्य लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर



थाना प्रभारी सराय ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है जिससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को ऐसे सामाजिक कार्यों में आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। अपोलो क्लीनिक की टीम ने पुलिसकर्मियों के उत्साह की सराहना की और सभी को नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने का संदेश भी दिया।

# प्रभावशाली विचारों का संगम शीर्षक से सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मीट का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विश्व संवाद केंद्र द्वारा प्रभावशाली विचारों का संगम शीर्षक से सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मीट का आयोजन आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल, बुद्धि विहार में किया गया। इस अवसर पर सोशल मीडिया पर सक्रिय और प्रभावशाली लगभग दो सौ इन्फ्लुएंसर्स एकत्र हुए। इस विशिष्ट संगम का उद्देश्य था कृ राष्ट्र निर्माण की निरंतर यात्रा को नई दिशा देना और भारत के गौरव, संस्कृति एवं विकास की कहानी को डिजिटल माध्यमों से जन-जन तक पहुँचाना। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांत प्रचार टोली सदस्य एवं विभाग प्रचार प्रमुख डॉ. पवन कुमार जैन द्वारा प्रस्तावना संघ की स्थापना और उसकी सौ वर्ष की यात्रा का




संक्षिप्त वर्णन किया। इनफ्लुएंसर की सहभागिता एवं उनके विचारों को प्रवाहित करने की दिशा में पैनल डिस्कशन किया गया। पैनल डिस्कशन का विषय ष्सामाजिक परिवर्तन के कार्य में चुनौतियाँ एवं समाधान जिसका संचालन प्रांत प्रचार टोली सदस्य एवं विभाग प्रचार प्रमुख डॉ. पवन कुमार जैन द्वारा किया गया इस पैनल में पैनलिस्ट डॉ. प्रशांत भारद्वाज, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. मीनू मेहरोत्रा, डॉ. अनुज कुमार अग्रवाल, श्रीमती दीपाली अग्रवाल द्वारा सहभागिता की गई। सामाजिक परिवर्तन की चुनौतियां एवं उनका समाधान चर्चा का निष्कर्ष निकला कि आज का युवा तेजी से बदल रही दुनिया में जी रहा है। उसकी सोच, उसकी जीवनशैली और उसके सपने पहले से बिलकुल अलग हो गए हैं। आज हम एक ऐसे नेरेटिव पर चर्चा कर रहे हैं जो युवाओं के बीच तेजी से फैल रहा है कमाओ, खाओ और मौज करोय जिम्मेदारी मत लोय और शादी विवाह एक बंधन है। इस विचार को बदलने में परिवार की ही भूमिका है और के बड़े सदस्य अपने इस दायित्व को दूसरों पर डाल कर बच नहीं सकते। इसके अतिरिक्त कुछ इन्फ्लुएंसर्स ने अपने विचार और शंकाएँ रखीं, जिनका समाधान क्षेत्र प्रचार टोली सदस्य एवं उत्तर प्रदेश बाल संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. विशेष गुप्ता और प्रांत प्रचार टोली सदस्य पंकज राज शर्मा द्वारा किया। समापन उद्बोधन में प्रांत प्रचार प्रमुख सुरेंद्र सिंह ने कहा कि कृ सोशल मीडिया का प्रभाव समाज पर सकारात्मक और नकारात्मक, दोनों प्रकार से पड़ रहा है। युवा पीढ़ी को चल रहे नेरेटिव से सावधान करना हमारी जिम्मेदारी है। वर्तमान में परिवार विघटन एक गंभीर समस्या बनकर सामने आया है, जो पाश्चात्य संस्कृति का दुष्प्रभाव है। पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सद्भाव और नागरिक कर्तव्यों के पालन पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि समाज केवल सरकार से अपेक्षाएँ न रखे, बल्कि अपने दायित्वों को भी समझे। कार्यक्रम का संचालन मेजर राजीव ढल एवं संजीव चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। तकनीकी सहयोग नमन जैन एवं अमन जैन का रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रो. विपिन जैन, डॉ. दीपक मेंदीरत्ता, रितु नारंग, नीलम जैन, गोपाल राही, डॉ. मनोज रस्तोगी, तरुण पाराशर, शलभ गुप्ता, राजेश तोमर, गोपी चंद, अंकुर कुमार, धवल दीक्षित, बाबा धीरशांत दास अर्द्धमौनी, सरदार गुरविंदर सिंह, हेमंत चौधरी, सचिन कुमार, प्रदीप कुमार, चंचल कुमार, राकेश मिश्रा, अखिलेश पाण्डे, हरिमोहन गुप्ता, स्पर्श गुप्ता डॉ. सत्यवीर सिंह चौहान आदि सोशल मीडिया के अनेक व्यक्तित्व सहभागी बने।

# नवरात्र से शुरू होगा मिशन शक्ति का 5वां चरण, सीएम योगी ने महिला सुरक्षा व सम्मान को बनाया एजेंडा

● मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन फैज 5.0 का शुभारंभ



**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** थाना पाकबड़ा प्रांगण मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन फैज 5.0 का शुभारंभ 20 सितंबर 2025 को किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र से मिशन शक्ति के पांचवें चरण की शुरूआत करने की घोषणा की है। यह अभियान 22 सितंबर से शुरू होकर 30 दिनों तक चलेगा। इस दौरान पुलिस फुट पेट्रोलिंग को प्रभावी बनाएगी वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में उतर कर जनता से संवाद करेंगे और महिला बीट पुलिस अधिकारी गांवों और वार्डों में जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में समझा कर जागरूक करेंगी।इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने एसओपी की पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया। इस प्रोग्राम का लाइव प्रसारण पाकबड़ा थाना प्रांगण में किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत पाकबड़ा ने भी सहयोग किया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने में कई स्कूलों के बच्चे महिलाएं बुजुर्ग भी मौजूद रहे! स्कूल बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे,!चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने नगर की महिलाओं को कार्यक्रम में आमंत्रित किया। चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने कहा कि प्रदेश का गौरव तब बढ़ेगा जब हर नारी को सम्मान मिलेगा। उन्होंने महिलाओं को उनके हक के लिए जागरूक किया और नारी सम्मान के महत्व पर जोर दिया। पाकबड़ा थाना प्रभारी योगेश कुमार मावा ने भी महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी और आश्वासन दिया कि पाकबड़ा पुलिस हर समय महिला सुरक्षा के लिए हर समय मौजूद रहेंगे।

मुख्य थाना प्रभारी योगेश कुमार मावा, उप निरीक्षक राजकुमार, चेयरमैन मोहम्मद याकूब, चेयरमैन, पाकबड़ा शहर इमाम काजी शम्मे आलम, ,सभासद बार्ड 14 रंजीत सैनी, बार्ड 13 के सभासद विनोद पाल,प्रतिनिधि सभासद बार्ड 16 शाने आलम, सभासद बार्ड 7 गुल मोहम्मद, मोहम्मद दानिश, मलिक,सलमान खान कार्यक्रम में उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था।

# मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संगठन की एक आवश्यक बैठक

● संगठन ने उपाध्यक्ष, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संगठन की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें कर्मचारियों की लम्बित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के उपरान्त संगठन ने उपाध्यक्ष, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की। बतादें कि दैनिक वेतन कर्मचारियों को न्यूनतम वेतनमान एवं महँगाई भत्ता संगठन ने मांग की है कि आगामी बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार दैनिक वेतन कर्मचारियों को महँगाई भत्ता प्रदान किया जाए। कर्मचारियों को विश्वास है कि नयी योजना के शुभारम्भ के साथ उन्हें यह लाभ भी मिलेगा। वेतन भुगतान में देरी द्द प्रत्येक माह वेतन आहरण एवं बैंक में पी.एफ. भुगतान में हो रही देरी के कारण कर्मचारियों को ब्याज का नुकसान उठाना पड़ता है। संगठन ने मांग की कि प्रत्येक माह की 01 तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। पेंशन निधि में राशि जमा, केंद्रीकृत कर्मचारियों की तरह अ-केंद्रीकृत कर्मचारियों की पेंशन निधि खाते में 3.0 करोड़ रुपये जमा कराए जाएं ताकि सेवा निवृत्ति उपरान्त पेंशन में कोई बाधा न आए। जीवित प्रमाण पत्र की सरल प्रक्रिया, सेवानिवृत्त एवं पारिवारिक पेंशनरों के लिए जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु कार्यालय, बैंक, गजेटेड अधिकारी तथा ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत करने की व्यवस्था की मांग की गई।

मृतक आश्रित नियमावली के अनुसार नियुक्ति शासनादेश संख्या 27 दिसम्बर 2022 के तहत मृतक आश्रितों को सेवायोजन में उचित अवसर उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही, प्राधिकरण में लिपिक संवर्ग की कमी को देखते हुए इंटरमीडिएट/बी.ए. उत्तीर्ण नियमित एवं दैनिक वेतन कर्मचारियों से लिपिकीय कार्य लिए जाने का अनुरोध किया गया। संगठन ने कहा कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाता है तो कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी। बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपाध्यक्ष महोदय से समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की अपील की।

# मछली पकड़ने गए किसान की नदी में डूब कर मौत

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** रविवार को मझोला थाना क्षेत्र के ग्राम मंगपुरा में उस समय हड़कंप मच गया जब किशान मछली पकड़ने गया !तो शाम को घर बापस नही लोटा! परिजनों गांव में इधर-उधर सब जगह पूछा तो पता चला कि वह तो मछली पकड़ने गए हुए थे। बापस नही लोटे! प्रेमपाल सिंह पुत्र सूखा सिंह शुक्रवार की दोपहर लगभग 2.00 अपने गांव से गागन नदी मे मछली पकड़ने के लिए निकले शाम को जब घर वापस नहीं आए तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। अन्य मछली पकड़ने वालों से पता चला है कि यह तो यहां कल मछली मार रहे थे। अगले दिन



आरडीएफ टीम को सूचित किया गया! आर डी एफ टीम ने मोके पर पहुंचकर अपने पनडुब्बी के साथ खोजबीन शुरू कर दी। मगर कुछ हल नहीं निकला। रात को बॉडी बह कर मनोहरपुर के पास गागन नदी पहुंच गई गागन नदी में एक शव दिखाई पड़ा शव को देखकर ग्रामीणों ने थाना मझोला पुलिस का अवगत कराया। मझोला पुलिस ने मंगपुरा निवासी अनुज कुमार जाटव से संपर्क किया तो !पता चला की यह व्यक्ति वही है जो मंगूपुरा निवासी हर्बल पार्क के पीछे गागन नदी मे मछली मारने निकला था। मौजूदा प्रधान प्रेमचंद से सम्पर्क किया गया तो पता चला की यह व्यक्ति तो उनका तहेरा भाई है जो शुक्रवार को मछली पकड़ने के दौरान गागन नदी में डूब गया था,। जिसकी उम्र लगभग 55 वर्ष बताई जा रही है परिवार में दो बेटे तीन बेटी हैं बेटियों की शादी हो रखी है,! छोटा बेटा एक कुंवारा है! पत्नी गुड्डी का रो रो कर बुरा हाल है! मझोला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

# स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत 02 अक्टूबर 2025 तक शिविर आयोजित करने के निर्देश

**उत्तम भारती संवाददाता/मुरादाबाद।** उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत 02 अक्टूबर 2025 तक शिविर आयोजित किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में जनपद मुरादाबाद के लेबर अड्डों एवं जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पंजीकृत निर्माण श्रमिकों विशेषकर महिला निर्माण श्रमिकों के स्वास्थ्य, मातृत्व एवं शिशु की देखभाल/जांच हेतु शिविर लगाये जाने हेतु बोर्ड के अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जा रही है। उप श्रमायुक्त दीप्तिमान भट्ट ने नोडल अधिकारी/श्रम प्रवर्तन अधिकारी मुरादाबाद को निर्देशित किया कि वह जनपद के जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर शिविरों का आयोजन कराएं। उप श्रमायुक्त ने बताया कि 22 सितम्बर को श्रम प्रवर्तन अधिकारी एके पाण्डेय की उपस्थिति में प्रकाश नगर चौराहा लेवर अड्डा लाईनपार में 23 सितम्बर को श्री केपी सिंह की उपस्थिति में जयंतीपुर करुला डबल फाटक के पार मुरादाबाद में 24 सितम्बर को केपी सिंह एवं दुष्यंत सिंह की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मूढ़ापाण्डे में 25 सितम्बर को एके पाण्डेय की उपस्थिति में लेबर अड्डा गुरहट्टी चौराहा मुरादाबाद में 26 सितम्बर को एके पाण्डेय की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाकबड़ा में 27 सितम्बर को दुष्यंत सिंह एवं केपी सिंह की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुन्दरकी में 29 सितम्बर को दुष्यंत सिंह की उपस्थिति में लेबर अड्डा हरथला निकट पीवीआर सिनेमा मुरादाबाद में एवं 02 अक्टूबर 2025 को एके पाण्डेय की उपस्थिति में प्रकाश नगर चौराहा लेबर अड्डा लाईनपार मुरादाबाद में शिविर आयोजित होंगे।

# कांठ में धूमधाम के साथ निकाली गई श्री राम बारात शोभायात्रा

**उत्तम भारत संवादाता/कांठ।** नगर में प्रशासन द्वारा गठित श्री रामलीला मंचन समिति ( अस्थाई ) के तत्वाधान में रविवार को श्री राम बारात शोभायात्रा परंपरागत ढंग से धूमधाम के साथ निकाली गई। जिसमें भगवान श्री राम का सिंहासन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। श्री रामलीला रंगमंच पर शनिवार की रात धनुष यज्ञ का मंचन होने के बाद रविवार को श्री राम बारात शोभायात्रा नगर में बड़ी धूमधाम के साथ निकाली गई। जिसका शुभारंभ भाजपा नेता एवं चौहान नंबर 3 के सभापति सचिन कुमार उर्फ बंटी चौहान ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में सबसे आगे घनश्याम सिंह पहलवान व्यायामशाला के कलाकार हैरतअंगेज करतब दिखाते चल रहे थे। शोभायात्रा श्री रामलीला से प्रारंभ होकर पुराना बसस्टैंड, मेन बाजार, लाला न्यादर हलवाई चौराहा, घनश्याम सिंह पहलवान तिराहा, रविदास मंदिर होते हुए अपने गंतव्य स्थान पर पहुंची। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, कस्बा चौकी इंचार्ज सुमित यादव, कमलदीप सिंह, पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर,कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश महेश्वरी, सहयोगी कमेटी के धर्मपाल सिंह चौहान, हरपाल सिंह चौहान, दानवीर सिंह चौहान, सचिन कुमार, मास्टर पवन कुमार, दीपक बिश्नोई एडवोकेट, बीनू चौहान, शिशु चौहान, आकाश प्रभाकर, गौरव चौहान, राधेश्याम भुइयार,, गौरव भुइयार, विजय कुमार उर्फ सीटू चौहान, निपेन्द्र चौहान,भाजपा नेता अभय कुमार बिश्नोई आदि लोग मौजूद रहे।

# सतपाल सिंह सैनी एमएलसी द्वारा फीता काटकर रामलीला मंच का शुभारंभ किया गया

**पाकबड़ा बड़ा मंदिर पर रामलीला मंच भूमी पूजन एवं हवन कर शुभारंभ किया!**

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर



पंचायत पाकबड़ा के बड़ा मन्दिर पर पूरे विधि विधान पूर्वक रामलीला का भूमि की हवन पूजन किया गया। सतपाल सिंह सैनी एमएलसी द्वारा फीता काटकर श्रीरामलीला का शुभारंभ किया गया। भूमि पूजन का कार्य पंडित छैल बिहारी द्वारा विधि विधान पूर्वक किया गया। आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पप्पू यादव द्वारा बताया गया कि आज का प्रोग्राम नारद मोह विश्व मोहिनी स्वयंवर किया जाएगा। यह रामलीला कमेटी कछला ब्रिज बदायूं से मंगाई गई है । इस दौरान सभी धर्म प्रेमी ओर कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे। रामलीला मंच का शुभारंभ सतपाल सिंह सैनी एमएलसी मुरादाबाद बिजनौर एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा फीता काटकर श्री गणेश जी की आरती के साथ शुभारंभ किया! इस दौरान उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। भगवान राम भारत की आत्मा है, प्रत्येक हिदू के दिलों में बसते है! हवन पूजन के साथ श्री राम जी के चित्र पर तिलक कर माला चढ़ा कर आरती भी कराई गई। आज के लोग भगवान राम के आदर्शों से विमुख होते जा रहे है। भगवान राम के आदर्श जीवन को लोग अपनी जीवन शैली से जोड़े तो समाज में सुख तथा शांति कायम रहेगी! कमेटी के अध्यक्ष लाला पुरुषोत्तम शरण गुप्ता ने बताया कि आज रविवार को सुबह 10.00 बजे रामलीला मंच पर भूमि पूजन एवं हवन किया जाएगा कमेटी के सभी पदाधिकारी उपस्थित होने का कष्ट करें रामलीला मैं पुलिस प्रशासन का भी भरपूर सहयोग रहता है !रामलीला कमेटी सरकार व जिला प्रशासन के द्वारा सभी गाइडलाइन को ध्यान में रखकर कार्य करती है ! रामलीला कमेटी के मुख्य अतिथि रामबाबू भटनागर,सतपाल सिंह सैनी का स्वागत व सम्मान किया गया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष लाला पुरुषोत्तम शरण गुप्ता, रामबाबू भटनागर, सीताराम रोहिल्ला नरेश सक्सेना, देवेंद्र सिंह, लाला सतपाल सिंह, डॉ सोहन सिंह, तोताराम सैनी, लाला सर्वेश गुप्ता,मोनू गुप्ता, दीपू गोस्वामी बैगराम हलवाई, कमल सिंह सैनी,बबलू त्रिपाठी,मुनीष भटनागर, चौधरी सोरन सिंह, राजपाल सैनी,जय प्रकश मंत्री, आदि भूमि व पूजन हवन में मौजूद रहे।

# छात्रा के स्कूल उत्पीड़न से तंग आकर छत से कूदने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवादाता/कांठ।** इंटर कॉलेज में अध्यनरत कक्षा 9 की छात्रा तीन शिक्षिकाओं द्वारा घोर अपमान और कॉलेज के प्रबंधक द्वारा पिटाई से क्षुब्ध छात्रा ने आत्महत्या के उद्देश्य से अपने घर की छत से नीचे कूद गई। गंभीर रूप से घायल छात्रा का उपचार एक प्राइवेट नर्सिंग होम में चल रहा है। छात्रा के पिता ने शनिवार की देर रात्रि तीन शिक्षिकाओं एवं प्रबंधक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जनपद बिजनौर के ग्राम जयरामपुर निवासी एक व्यक्ति की छात्रा पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ में कक्षा 9 के सेक्शन सी की छात्रा है। कॉलेज की तीन शिक्षिकाओं द्वारा पढ़ाया हुआ छात्रा की समझ में नहीं आ रहा था। इस संबंध में छात्रा ने कॉलेज के प्रबंधक पुरुषोत्तम कुमार से शिकायत करते हुए तीन शिक्षिकाओं के नाम बताए और कहा कि इन सभी शिक्षिकाओं द्वारा पढ़ाया हुआ मेरी समझ में बिल्कुल नहीं आ रहा है। प्रबंधक ने छात्रा द्वारा की गई शिकायत को नजर अंदाज करते हुए कहा कि मैं बच्चों की बात नहीं सुनता हूं। बताया गया कि प्रबंधक ने अन्य छात्रों से भी पूछताछ की तब अन्य छात्रों ने भी प्रबंधक के खौफ से चुप्पी साध ली। इसी क्रम में प्रबंधक ने गत 19 सितंबर को पूरे स्कूल के बच्चों के सामने छात्रा को बेरहमी से मारा पीटा। छात्रा कॉलेज में सरेआम अपमान को बर्दाश्त करते हुए कॉलेज से छुट्टी होने के बाद किसी तरह अपने घर वापस आ गई। छात्रा इतने बड़े अपमान को सहन नहीं कर सकी, और डिप्रेशन में आ गई। शुक्रवार की रात्रि करीब 8रू00 बजे अपने घर की छत पर पहुंच पर आत्महत्या की नीयत से नीचे छलांग मार दी। छत से कुछ गिरने की तेज आवाज सुनकर परिजन यह दृश्य देखकर आचार्य चकित रह गए। छात्र गंभीर रूप से घायल थी जिसे परिजनों ने एक प्राइवेट नर्सिंग होम में उपचार हेतु भर्ती कराया। शनिवार की देर रात्रि तीनों अध्यापिकाओं द्वारा उकसाने उत्पीड़न एवं प्रबंधन की हिटलर शाही से त्रस्त छात्रा के पिता ने इस संबंध में धारा 115(2) 62,107,75 आईपीसी के तहत प्रबंधक सहित तीनों अध्यापिकाओं के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर दी है। दर्ज की गई रिपोर्ट में बताया गया कि छात्रा ने छत से कूदने से पूर्व तीनों अध्यापिकाओं के नाम अपने हाथ पर लिख लिए थे। इस संबंध में छात्रा की एक वीडियो भी वायरल हुई है।

# पंचायत चुनाव के लिए रालोद ने ठोकी ताल

**उत्तम भारत संवादाता/छजलैट।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में पंचायत चुनाव का माहौल गरमाने लगा है। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने रविवार को मुरादाबाद के पाकबड़ा स्थित दिल्ली रोड पर होटल हॉलीडे रीजेंसी में आयोजित रूहेलखंड क्षेत्र की बैठक के जरिए यह साफ कर दिया कि पार्टी इस बार पंचायत चुनाव को लेकर पूरी ताकत झोंक रही है। बैठक में कांठ क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

रालोद पहले ही ऐलान कर चुकी है कि वह बिना किसी गठबंधन के अकेले मैदान में उतरेगी। अब पार्टी ने रूहेलखंड में जिला पंचायत




अध्यक्षों की कुर्सी पर काबिज होने का ऐलान किया है। इस रणनीति ने विपक्षी दलों की चिंता बढ़ा दी है। बैठक की अध्यक्षता रूहेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष रामबीर सिंह ने की, जबकि पंचायत चुनाव संचालन समिति के प्रदेश संयोजक एवं पूर्व मंत्री डॉ. कुलदीप उज्ज्वल ने चुनावी रूपरेखा पेश की। डॉ. कुलदीप उज्ज्वल ने कहा कि पार्टी की निगाह खास तौर पर बिजनौर,अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर और संभल के जिला पंचायत अध्यक्ष पदों पर है। इन जिलों में रालोद एक विशेष चक्रव्यूह तैयार कर रही है। इसके साथ ही बरेली मंडल के लिए भी विशेष रणनीति बनाई गई है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव रालोद के लिए बेहद अहम हैं। इनके बाद यूपी में 2027 के विधानसभा चुनाव हैं। हम पंचायत चुनावों को विधानसभा चुनाव की तरह ही गंभीरता से ले रहे हैं।

## समाचार

# सत्संग में आने से आत्मिक सुख और शांति से खुशहाली आती है: सोनिया नारंग प्रचारक

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** रविवार को नगर के निरंकारी सत्संग भवन पर मासिक साधसंगत का आयोजन किया गया। जिसमें मुरादाबाद आई प्रचारक सोनिया नारंग ने सतगुरु के विचारों को साधसंगत के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि हमारे कर्म हमारे शब्दों के अनुसार ही होने चाहिए जीवन को ब्रह्मज्ञान के अनुसार ही व्यतीत करें। सतगुरु के चरणों में समर्पित होकर जीवन जिएं। उन्होंने आगे कहा कि हम सब को



स्वयं का आकलन करते रहना चाहिए और मर्यादा में रहकर जीवन व्यतीत करना चाहिए। किसी असंत का साथ न करें और सबको जोड़ने का कार्य करते रहना चाहिए। सत्संग में आने से आत्मिक सुख और शांति से खुशहाली आती है। ब्रह्मवेत्ता सतगुरु अंतयार्मी होता है। सत्संग में लंगर का प्रसाद एडवोकेट रामकुमार सिंह और महीपाल सिंह जी की तरफ से किया गया। मंच संचालन बहन निशा गोला ने किया।

# भारतीय किसान यूनियन की बैठक में महापंचायत को सफल बनाने का आह्वान

**उत्तम भारत संवादाता/कांठ।** सैनी धर्मशाला कांठ में भारतीय किसान यूनियन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नौ सिंह ने कहा कि 24 सितंबर को मुरादाबाद के अंबेडकर पार्क में आयोजित होने वाली महापंचायत में राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत किसानों की समस्याओं को लेकर अपनी बात रखेंगे। उन्होंने सभी किसानों से महापंचायत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का आह्वान किया। बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह ने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। बिजली विभाग की लापरवाही के कारण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बिजली कटौती हो रही है। गन्ने का मूल्य पिछले दो वर्षों से नहीं बढ़ाया गया है, जिससे किसान परेशान हैं। इसके अलावा, बाढ़ग्रस्त गांवों में फसलें बर्बाद हुईं लेकिन किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सरकार की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। नेताओं ने कहा कि महापंचायत में किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाएगा और उनके समाधान की रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में तहसील प्रभारी चौधरी दर्शन सिंह, सियाराम बिश्नोई, अरविंद उर्फ जोनी बिश्नोई, नगर अध्यक्ष धर्मपाल सिंह सैनी, नौबत सिंह गुर्जर, नवनीत बिश्नोई, रामकला सिंह, विजेंद्र सिंह, प्रिंस कुमार, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह समेत भारतीय किसान यूनियन के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नाबालिग बेटी ने पिता पर लगाया बलात्कार का आरोप, कोतवाली में मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा ।** मानवता को शर्मशार करने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां बाप ने ही बना लिया अपनी नाबालिग बेटी को हवस का शिकार किसी को बताने पर दी जान से मारने की दमकी छात्रा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज जांच में पुलिस जुटी है। कोतवाली पुलिस के ग्राम चमरावाला निवासी नाबालिग ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पिता पर तीन माह से बलात्कार किए जाने का आरोप पीड़ित किशोरी का आरोप है कि उसके पिता ने उसकी मां को तलाक दे दिया है जिसके बाद तीन माह से उसकी मां परिवार से अलग रह रही है, पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान हैवान पिता ने उसके साथ कई बार ब्लात्कार किया,जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई,पीड़िता ने सारी घटना अपनी माँ को बताई तो पिता घर से छोटे बच्चे को लेकर फरार हो गया। पीड़िता की में छात्रा को लेकर कोतवाली पहुँची ओर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पिता के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की थी। जीसपर कोतवाली पुलिस ने हैवान पिता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ठाकुरद्वारा में अपराध नियंत्रण सख्त, सीओ गौरव त्रिपाठी को हटाया गया

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा ।** अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार शिकायतों के बाद एसएसपी सतपाल अंतिल ने बड़ी कार्रवाई की है। ठाकुरद्वारा सर्किल के सीओ गौरव त्रिपाठी से चार्ज लेकर उन्हें पुलिस कार्यालय से अटैच कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि डिप्टी एसपी गौरव त्रिपाठी के खिलाफ लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं और अपराध नियंत्रण में विफलता के चलते यह कदम उठाया गया है। इसी क्रम में थाना स्तर पर भी बदलाव किए गए हैं। ठाकुरद्वारा के एसएचओ जसपाल सिंह ग्वाल को हटाकर कुंदरकी थाने की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी जगह छजलैट थाने के प्रभारी संजय कुमार पांचाल को ठाकुरद्वारा का नया एसएचओ नियुक्त किया गया है।पुलिस विभाग में इस फेरबदल को क्राइम कंट्रोल को लेकर सख्ती के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। मुरादाबाद कटघर सीओ आशीष प्रताप सिंह को ठाकुरद्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी को बनाया गया है।

# 23 सितंबर से श्रीरामलीला का शुभारंभ, 2 अक्टूबर को होगा दशहरा मेला

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगर की परंपरागत श्रीरामलीला कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। रामलीला अभिनय समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी भव्य आयोजन किया जाएगा। समिति की ओर से जारी कार्यक्रम अनुसार 22 सितंबर को रामलीला अभिनय स्थल एवं दशहरा मैदान पर लगने वाले ठेकों की नीलामी की जाएगी। रामलीला का शुभारंभ 23 सितंबर से अभिनय स्थल पर किया जाएगा। वहीं, 2 अक्टूबर को कमलापुरी रोड स्थित मेला मैदान पर पारंपरिक दशहरा मेला आयोजित किया जाएगा। इस दौरान रावण दहन का आयोजन मुख्य आकर्षण रहेगा। रामलीला का समापन 4 अक्टूबर को होगा। आयोजक समिति ने सभी धर्मप्रेमियों एवं नगरवासियों से कार्यक्रम में पहुंचकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# नगरपालिका पसिर में खड़ी करने का विरोध करने पर चपरासी को जान से मारने की धमकी

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगरपालिका परिसर में चार पहिया कार खड़ी करने का विरोध करने पर पालिका चापरासी को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पालिका चपरासी ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा में चपरासी के पद पर कार्यरत अनीस अहमद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नगर पालिका डयूटी रात्रि में 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक रहती है। नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा के अध्यक्ष का आदेश है कि नगर पालिका परिसर में किसी भी व्यक्ति की कार नहीं खड़ी होगी। पालिकाध्यक्ष के आदेशानुसार प्रार्थी रात्रि में आने वाली कारो को नगर पालिका परिसर में खड़ा नहीं होने देता है। तभी नगर के निवासी व्यक्ति कार लेकर दो अज्ञात व्यक्यिों के साथ आया तो पालिका कर्मचारी ने कार खड़ी करने का विरोध किया तो आरोप है कि उक्त लोगों ने प्रार्थी को जान से मारने की धमकी दे रहे है और कहा कि अगर तुने हमारी गाड़ी नगर पालिका में नहीं खड़ी होने दी तो हम तुझे जान से मार देगे। साथ ही बताया कि दो वर्ष पूर्व भी पालिका कर्मचारी के साथ अज्ञात लोगो के द्वारा मारपीट की गयी थी। पालिका कर्मचारी ने पुलिस को तहरीर देकर जान से मारने की धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

P-12:28 paga09_jhn.qxd 9/21/2025 9:03 PM Page 1



## पीएम मोदी की मां को गाली देने के लिए माफी मांगे लालू परिवार : सम्राट चौधरी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की स्वर्गवासी माता जी को गाली देने की घटना पर लालू परिवार को जनता से माफी मांगनी चाहिए ।

श्री चौधरी ने कहा कि महुआ में नेता विपक्ष तेजस्वी यादव की मौजूदगी में राजद के गुंडों ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की माता जी को गाली देकर लोकतंत्र की जननी कही जाने वाली बिहार की धरती को शर्मसार किया। यह लोकतंत्र का अपमान है। उन्होंने इसकी कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि गाली-गलौज की ऐसी ओछी राजनीति लालू परिवार और कांग्रेस के इशारे पर ही रहा है।



श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा अपने सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश देगी कि इस तरह की घटनाओं पर तुरंत हर तरह की जवाबी कार्रवाई की जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जब लालू प्रसाद यादव का परिवार और कांग्रेस सत्ता में नहीं हैं, फिर भी उनके इशारे पर राजद- कांग्रेस के गुंडे प्रधानमंत्री की दिवंगत माता को गाली देने का दुस्साहस कर रहे हैं,यदि गलती से भी ये सत्ता में आ गए तो बिहार में फिर से जंगलराज और आतंक राज कायम करेंगे। यह परिवार बिहार की अस्मिता और आम जन की मां-बहनों का भी अपमान करेगा। लोकतंत्र के लिए इससे बड़ा शर्मसार कुछ नहीं हो सकता है।

उन्होंने दरभंगा में हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि महागठबंधन की नीयत पहले ही साफ हो चुकी , जब कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से गाली-गलौज वाला वीडियो प्रसारित किया गया।

श्री चौधरी ने कहा कि आरजेडी ऐसी पार्टी है जो गुंडों को पालती है और उन्हें राजनीति में बढ़ावा देती है। ये अपराधियों के गठजोड़ से सत्ता पाना चाहते हैं। गुंडागर्दी के बल पर सरकार बनाना चाहते हैं।

एक सवाल के जवाब में श्री चौधरी ने कहा कि दरभंगा में जो हुआ, वही अब महुआ में हुआ।-सब जनता देख रही है। आने वाले विधान सभा चुनाव में जनता इसका जवाब देगी।

## जद (यू) के प्रदेश कार्यालय में मनाई गई पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री की 111 वीं जयंती

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटना ।** आज जनता दल (यू) के प्रदेश कार्यालय, पटना में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री की 111वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विधानपरिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता एवं कोषाध्यक्ष श्री ललन कुमार सर्राफ, मुख्यसचेतक श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी स्थापना श्री चंदन कुमार सिंह, प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी, डॉ. अमरदीप, सुश्री विनीता स्टेफी पासवान, श्री महेश पासवान, श्री विजय चौधरी पासवान, श्री चंद्रकिशोर प्रसाद, श्री ओम प्रकाश पासवान, श्री जार्ज मांझी, श्री जितेंद्र चंद्रवंशी, श्रीमती मधू कुमारी, श्री महेश दास, श्री अजित पासवान, श्री अमित



कुमार सिंह, श्री नवीन कुमार पटेल समेत अनेक पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भोला पासवान शास्त्री के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने भोला पासवान शास्त्री के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों को याद करते हुए उनके आदर्शों और बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी ने कहा कि भोला पासवान शास्त्री का संपूर्ण जीवन न केवल वर्तमान पीढ़ी, बल्कि आने वाली सभी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत है।

## सफलता के सिद्धांतों पर पुलिस महानिरीक्षक ने विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटना।** गौतम बुद्धा ग्रामीण विकास फाउंडेशन की ओर से संचालित %अभियान-40 (आईएएस)% के तत्वावधान में रविवार को एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। %प्रिंसिपल्स ऑफ सक्सेस% (सफलता के सिद्धांत) विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों का मार्गदर्शन किया।





इस अवसर पर विकास वैभव ने कहा कि हर विद्यार्थी में असीम संभावनाएं छिपी होती हैं, बस जरूरत है उन्हें सही दिशा में निखारने की। उन्होंने उपनिषद में वर्णित श्वेतकेतु की कहानी का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को स्वयं की शक्तियों को पहचानने और उनका सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समझाया कि किस तरह एक गुरु अपने शिष्य को उसकी वास्तविक क्षमता से परिचित कराता है।

उन्होंने राजा भृतहरि की रचनाओं का भी उल्लेख किया और उनके श्लोकों के माध्यम से युवाओं में जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और दृढ़ता विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठोर परिश्रम और समर्पण को अपनाएं।

श्री वैभव ने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि सफलता सिर्फ बाहरी उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आंतरिक संतोष और व्यक्तिगत विकास से भी जुड़ी हुई है।

इस मौके पर अभियान - 40 (आईएएस) के संस्थापक सह निदेशक बिलास कुमार ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण पृष्ठभूमि के युवाओं को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों और फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया।

## जिसने नौवीं पास नहीं की, वही नीतीश कुमार पर नकल का आरोप लगा रहा है : उमेश सिंह कुशवाहा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटना ।** चेनारी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार जनता दल (यू) के मा. प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलनों में उमड़ते जनसैलाब मोदी-नीतीश की जोड़ी के प्रति अटूट विश्वास और अपार समर्थन का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि एनडीए की एकजुटता के सामने झूठ और भ्रम पर खड़ा महागठबंधन ताश के पत्तों की तरह बिखर जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों में बिहार की दशा और दिशा बदल दी है। लालूदूराबड़ी शासनकाल में जिस बिहार को बीमारू राज्य कहा जाता था, वही बिहार आज आर्थिक विकास की नई ऊँचाइयाँ छू रहा है



और निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है।

उन्होंने बताया कि श्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। श्री कुशवाहा ने आगे कहा कि हाल ही में मा. मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए कई जनकल्याणकारी निर्णयों से आम जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। विशेष रूप से आज विकास मित्रों को टैबलेट क्रय हेतु ज़25,000, परिवहन और स्टेशनरी भत्ते में बढ़ोतरी, तथा तालिमी मरकज़ से जुड़े साथियों को स्मार्टफोन क्रय हेतु ज़10,000 देने का निर्णय इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार आम लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने और बिहार को विकास की नई राह पर ले जाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## पटना में परमपूज्य सद् गुरुदेव श्री सतपाल जी महाराज की पावन जन्मोत्सव मनाया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटना।** आज कच्ची तालाब, श्री सद गुरु दरवार, पटना में परमपूज्य सदे् गुरुदेव श्री सतपाल जी महाराज की पावन जन्मोत्सव मनाया गया। संस्था के प्रांतीय प्रभारी पूजनीय महात्मा हिरा बाई जी ने बनाया कि श्री गुरु महराज जी के पावन जन्मोत्सव पर भारत वर्ष ही नहीं पुरे विश्व में विभिन्न आध्यात्मिक तथा सामाजिक कार्य आयोजित किया गया। सदे् भावना साना, नियुत चिकित्सा शिरि खत दान शिविर, स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही सनातन धर्म एवं संस्कृति के प्रचार



एवं प्रसार में आपसी भाई चारे की स्थापना के लिए सदे भावना सत्संग समारोह का आयोजन किया गया

श्री सदे् गुरु दरबार पटना में श्री गुरू महाराज के पावन जन्मोत्सव पर निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया. इस शिविर में शहर के जाने माने डाक्टर चाइल्ड विशेषज्ञ -ड्रा0 दिलिप पाण्डेय, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ0 प्रियंका, दाँत रोग विशेषज्ञ डॉ.श्रवण, पटना एम्स के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ जगजित पाण्डेय तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अमृता द्वारा संस्था में आये हुए हजारों लोगों का निसुल्क जाँच कर दवा दिया गया।

इस जन्मोत्सव में मानव सेवा दल के मनोज कुमार मनोज जी विजय जी रमेश वीरेंद्र जी अमर जी अंजलि अंजलि बहन गायत्री बहन हरिश्चंद्र सचिन बिट्टू दीपावली बहन प्रियंका इत्यादि का सहयोग सराहनीय रहा ।

## मुख्य सचिव के नाम पर झूठा दावा, विभाग ने मुख्य सचिव द्वारा संविदा कर्मियों को आश्वासन देने की खबर को नकारा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटना ।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संज्ञान में यह बात आई है कि हाल ही में कुछ समाचार पत्रों एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर यह खबर प्रकाशित की गई है जिसमें यह दावा किया गया है कि मुख्य सचिव से मुलाकात के बाद बर्खास्त विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मियों की हड़ताल समाप्त हो गई है और मुख्य सचिव द्वारा उनकी कुछ मांगों को जायज बताते हुये कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

इस संबंध में विभाग स्पष्ट करना चाहता है कि यह समाचार तथ्यहीन, भ्रामक एवं असत्य है।

विभाग को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उपरोक्त तथाकथित %भेंट% किसी भी आधिकारिक बैठक का हिस्सा नहीं थी। दरअसल, मुख्य सचिव कुछ माननीय विधायकों से मुलाकात कर रहे थे, जिसमें एक विधायक के साथ एक संघ का व्यक्ति भी गया था। उस व्यक्ति ने व्यक्तिगत रूप से संविदा कर्मियों की हड़ताल का मुद्दा उठाने का प्रयास किया, परंतु मुख्य सचिव ने स्पष्ट रूप से उन्हें बताया कि विभाग द्वारा जो निर्णय लिया गया है, वही मान्य होगा और किसी भी प्रकार का व्यक्तिगत आश्वासन नहीं दिया गया।

इसलिए यह पुनः स्पष्ट किया जाता है कि मुख्य सचिव या विभाग की ओर से इस विषय पर किसी प्रकार का आश्वासन नहीं दिया गया है। उक्त समाचार पूर्णतः भ्रामक है और संघ द्वारा स्वयं को लाभ में प्रस्तुत करने का एक प्रयास मात्र है।विभाग सभी संबंधित पक्षों से आग्रह करता है कि वे केवल अधिकृत एवं प्रमाणिक स्रोतों से प्राप्त सूचना पर ही विश्वास करें एवं इस प्रकार के भ्रामक प्रचार से बचें।

## विनय कुमार शाही द्वारा फेडरेशन के भावी कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटना।** बिहार को-आपरेटिव फेडरेशन लि0, बुद्ध मार्ग, पटना के वार्षिक आम दिनांक-21/09/2025 को फेडरेशन परिसर में अध्यक्ष श्री विनय कुमार शाही के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें श्री विशाल सिंह, अध्यक्ष NCCF, नई दिल्ली सह बिस्कोमान (बिहार झारखंड) को बिस्कोमान के नवनिर्वाचित अध्यक्ष होने के उपलक्ष्य में फेडरेशन द्वारा मोमेंटो, बुके एवं अंग वस्त्र से भव्य स्वागत किया गया। श्री विजय सिंह, विधान पार्षद सह अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रिय सहकारी आवास बोर्ड, नई दिल्ली एवं श्री रमेश चन्द्र चौबे, अध्यक्ष बिहार राज्य सहकारी बैंक लि0, पटना का फेडरेशन के द्वारा मोमेंटो. बुके एवं अंग वस्त्र से भव्य स्वागत किया गया।



श्री विनय कुमार शाही द्वारा फेडरेशन के भावी कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जैसे फेडरेशन के खाली पड़े जमीन में सहकारी हास्पीटल, प्रशिक्षण कक्ष, समा भवन एवं गेस्ट हाउस का जल्द निर्माण होने जा रहा हैं। इस आम सभा में बिस्कोमान के उपाध्यक्ष सह DCCB गोपालगंज के अध्यक्ष श्री महेश राय, DCCB पाटलिपुत्रा के अध्यक्ष, श्री रीतेश कुमार, DCCB वैशाली के अध्यक्ष श्री सुधीर मिश्रा, DCCB नालन्दा के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार, DCCB मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष श्री अमरनाथ पाण्डेय, DCCB नावादा के अध्यक्ष एवं DCCB मुंगेर के पूर्व अध्यक्ष श्री विनोद सिंह, DCCB पाटलिपुत्रा के पूर्व अध्यक्ष श्री राजकिशोर सिंह, DCCB पाटलिपुत्रा के उपाध्यक्ष श्री रामविशुन सिंह, DCCB बेतिया के उपाध्यक्ष श्री संजीव पाण्डेय, फेडरेशन के उपाध्यक्ष श्री राजेश कुमार एवं फेडरेशन के निदेशक श्री अरूण यादव, श्री गौरी शंकर सिंह, श्री राजकिशोर सिंह, श्री रामा ठाकुर, श्री शम्भू प्रसाद सिंह, श्री संजय कुमार मिश्रा, श्री नरेन्द्र कुमार, श्री प्रदीप सिंह, श्री अवध बिहारी सिंह, तथा अन्य निदेशक मंडल के सदस्यगण एवं इस आम सभा में आए बिहार-झारखण्ड के सहकारी सदस्यों को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

## केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने दलित पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण की

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पूर्णिया।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में आयोजित नव संकल्प महासभा विधिवत उद्घाटन पार्टी के संस्थापक रामविलास पासवान डॉ भीमराव अंबेडकर और बिहार के पहले दलित पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किए । इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान को पार्टी के पूर्व प्रत्याशी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह कार्यक्रम प्रभारी शंकर झा बाबा के द्वारा उन्हें चांदी और तलवार फूल माला भेंट कर मंच पर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चिराग ने मंच से पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री जी की उनकी जयंती पर याद करते हुए कहा कि परम सौभाग्य कि भोला पासवान शास्त्री जी की धरती पर नव संकल्प महासभा आज आयोजित किया जा रहा है। श्री चिराग ने कहा कि कुछ दिन पहले भोला पासवान शास्त्री जी के परिजनों के साथ मुझे समझने का मौका मिला जिस तरह भोला पासवान शास्त्री जी ने मुख्यमंत्रित्व काल में बिहार को आगे ले जाने का काम किया वैसे ही शाहाबाद से शुरू होकर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास नव संकल्प महासभा के तहत आगे ले जाने की नीति के साथ चुनाव से पहले पूर्णिया आयोजित किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान ने कहा कि बिहार को फर्स्ट और बिहारी को फर्स्ट बनाने का संकल्प है एक विकसित बिहार बनाने का संकल्प है ।

यह वर्ष बिहार के लिए बेहद खास है क्योंकि इस वर्ष बिहार विधान सभा का चुनाव होने वाला है जो 5 सालों के लिए प्रदेश का भविष्य तय करेगा। इसलिए अगर कोई गलती से चूक हुई तो बिहारियों को पीछे धकेलने वालों के हाथ बिहार चला जाएगा इसलिए मैं चाहता हूं कि आप सबों के माध्यम से घर-घर तक बिहार फर्स्ट और बिहारी फर्स्ट पहुचाने की जिम्मेवारी तय हो ।

श्री चिराग ने आगे कहा कि भारत के सभी प्रदेश एक साथ जब आजाद हुए तो आखिर क्या कारण है कि बिहार दिल्ली और मुंबई की चमचमाती विकास के सामने धूमिल दिख रहा है और पिछड़ा राज्य बनकर रह गया है। हमारे बिहार से आज शिक्षा और रोजगार को लेकर पलायन हो रहा है युवाओं और छात्रों को दूसरे प्रदेशों में जाना पड़ रहा है । आखिरकार क्या कारण है कि दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों से बिहार में रोजगार के लिए कोई नहीं आता? बिहार के लोग दिल्ली में स्वास्थ्य के लिए कतार लगते हैं । बिहार और बिहारी फर्स्ट जो हमारे पार्टी का विजन है इस बात में विश्वास रखती है कि दूसरे राज्यों से रोजगार के लिए लोग बिहार आए। श्री चिराग ने कहा कि आजादी के 80 वर्षों के बाद भी बिहार पिछड़ा है इस बार बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जब दूसरे दालों के लोग आपसे वोट मांगने आए तो आप जरूर पूछिएगा की आखिर इतना साल सरकार में रहने के बाद आपने 30 वर्षों में भी बिहार को विकसित क्यों नहीं किया ? आज भी मैं उनकी आंखों में देखता हूं जो 90 के दशक में बिहार से पलायन होकर दूसरे प्रदेशों में जाने को मजबूर हुए तो एक पीड़ा नजर आती है । मैं बिहारी हूं और चाहता हूं की हर बिहारी एक दिन गर्व से कहे कि मैं बिहारी हूं ।

चिराग ने आगे कहा कि मुझे समाप्त करने की साजिश किया गया मुझे परिवार से अलग किया गया मुझे घर से निकाला गया और मुझे समाप्त करने की कोशिश की गई लेकिन चिराग पासवान न टूटने वाला है ना झुकने वाला है जो लोग सोचते हैं इन सभी चीजों से चिराग पासवान डर जाएगा तो उनसे कहना चाहता हूं कि ना तो मैं टूटने वाला हूं ना झुकने वाला हूं और डरता तो किसी से नहीं। क्योंकि मैं शेर का बेटा हूं ।

राजद जैसी पार्टी जो सीने पर तमगे की तरह ख्ङ्घ समीकरण को लेकर चलती है। लेकिन सवाल यह है कि इस समीकरण के द्वारा राजद ने 15 सालों में दिया क्या? रूको क्या मिल गया और ङ्घ को क्या मिल गया? आज भी दोनों लोग बदहाल स्थिति में क्यों हैं? इसीलिए मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आज यह समझने की जरूरत है कि जिन लोगों ने हमको बांटा उन्होंने अपना घर तो सजा लिया लेकिन हमें बदहाली में जीने के लिए छोड़ दिया जो लोग एम -वाई की राजनीति करते हैं । जाति पाति में बांटते हैं उनके जवाब में मेरा भी माय समीकरण है एम का मतलब महिलाएं जो दुनिया की आधी आबादी हैं और वाई का मतलब युवा को मिलाकर बिहार को विकसित बनाना है बिहार में 65 परसेंट युवा 35 वर्ष से कम है। आपको बिहार के हर घर में चिराग पासवान के हाथों को मजबूत करना है ।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने बताया कि कार्यक्रम को मुख्य रूप से बिहार प्रदेश प्रभारी सह जमुई सांसद श्री अरुण भारती पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी वैशाली सांसद वीणा देवी समस्तीपुर सांसद शांभवी चौधरी खगडिया सांसद राजेश वर्मा और विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्षों समेत दर्जनों नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किए ।

## बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना जनपद शामली पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति फेज-05 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना जनपद शामली पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है ।

महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम, उन पर प्रभावी अंकुश तथा महिला सशक्तिकरण को सुदृढ़ किए जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 22.09.2025 से आगामी 30 दिवस तक प्रदेशव्यापी ÷मिशन शक्ति फेज-05÷ अभियान संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

अभियान की क्रमबद्ध गतिविधियों के अंतर्गत आज पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0 पी0 सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में महिला शक्ति की प्रतीक पार्षद श्रीमती बबीता गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन, शामली से स्कूटी जागरूकता रैली को विधिवत् हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जागरुकता रैली का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी यातायात श्रीमती अपेक्षा निम्बाडिया एवं प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सुश्री प्रभा पटेल द्वारा किया गया। यह रैली पुलिस लाइन, शामली से प्रारम्भ होकर धीमानपुरा फाटक, शिव चौक, फव्वारा चौक, विजय चौक, कैराना नहर पुल, चौकी औद्योगिक क्षेत्र, मन्ना माजरा पुल होते हुए पुनः पुलिस लाइन मे आकर सम्पन्न हुई। रैली के दौरान रैली में सम्मिलित छात्र-छात्राओं, महिला पुलिसकर्मियों एवं आमजन द्वारा ÷महिला सुरक्षा - समाज की जिम्मेदारी, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा नारी सम्मान-राष्ट्र का अभिमान जैसे प्रेरणादायी नारों का उद्घोष करते हुए आमजन को जागरूक किया गया। प्रतिभागियों ने संदेशपरक तख्तियाँ एवं बैनर धारण कर जनमानस को नारी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया।

इस अवसर पर पुलिस बल, शक्ति मोबाइल टीम, महिला बीट अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों की छात्राएँ, अध्यापकगण तथा जनपद शामली की महिलाओ नें बढ-चढकर प्रतिभाग किया।

उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ÷मिशन शक्ति÷ के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा सतत् ग्राम, कस्बा, मोहल्ला एवं शिक्षण संस्थानों में भ्रमण/चौपाल आयोजित कर छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, महिला हेल्पलाइन-181, बालिका हेल्पलाइन-1098 एवं अन्य उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक किए जाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है।

## डेयरी कर्मी का शव पेड़ से लटका मिला, परिजनो ने जताई हत्या की आशंका

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** कुतुबशेर थाना क्षेत्र में एक डेयरी फार्म के कर्मचारी का शव पेड़ से लटका मिलने से हड़कंप मच गया है। मृतक की पहचान बिहार निवासी राजू यादव के रूप में हुई है, जो पिछले कई सालों से यहां डेयरी पर काम कर रहा था।

परिजनों ने जताई हत्या की आशंका. राजू शनिवार से लापता था। रविवार को उसका शव डेयरी के पास ही एक पेड़ से लटका मिला, जिसके बाद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिलने के कारण परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए हंगामा किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और डेयरी मालिक से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

## सहारनपुर किसान मजदूर संगठन ने स्थापना दिवस के मौके पर बुलाई महापंचायत



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** में आज किसान मजदूर संगठन ने स्थापना दिवस के मौके पर एक महापंचायत का आयोजन किया, महापंचायत में किसने की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा हुई साथ ही अधिकारियों को महापंचायत में बुलाया गया और उन्हें किसने की समस्याओं से अवगत कराया किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूर्ण सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की जो समस्याएं हैं उनसे अधिकारियों को अवगत कराया गया है साथ ही वह मांग करते हैं कि किसानों का जो कर्जा है वह माफ होना चाहिए क्योंकि किस देश का अन्नदाता है वहीं बिजली के बिल इतने ज्यादा आ रहे हैं कि किसानों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है हम चाहते हैं कि किसानो का बिजली बिल 300 से ऊपर ना हो और जो सरकार ने जीएसटी कटाई है उसे किसानों का कुछ भी फायदा नहीं हुआ है किसानों के जो कृषि यंत्रों पर 5% जीएसटी लगाई गई है उसको भी हटाया जाए अगर सरकार किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं देगी तो एक बड़ा आंदोलन किया जायेगा।

## मृतक शाहदीन का हत्यारा चढ़ा पुलिस के हत्थे





*** घटना में प्रयुक्त दाव समेत कई सामान बरामद**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली क्षेत्र गांव जंधेड़ा समसपुर में हुई किसान शाहदीन की हत्या के वांछित आरोपी अनुज पुत्र शिवचरण को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त धारदार दाव, एक मोबाइल फोन, जमीन नापने के फीते, रजिस्टर, डायरी, काले रंग के दस्ताने और हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक बरामद किए।

पुलिस पूछताछ में अनुज ने कबूल किया कि मृतक शाहदीन ने उसकी जमीन की गलत पैमाइश कर गांव के ही सर्वेश को अधिक भूमि दिलवा दी थी। इसी रंजिश में उसने धारदार हथियार से हमला कर शाहदीन की हत्या कर दी। आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता व 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार, विनोद कुमार, हेड कांस्टेबल गुड्डु तंवर, कांस्टेबल अजीत नैन व अंकित सिंह शामिल रहे।

## बच्चों ने दी मिशन सिंदूर पर शानदार प्रस्तुति, तालियों से गूंजा सभागार

*** मेला गुघाल के कार्यक्रमों की श्रृंखला में 'एक शाम शहीदों के नाम' का आयोजन**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** परस्पर सौहार्द व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज की स्मृति में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नगर निगम द्वारा सिविल डिफेंस के सहयोग से जनमंच सभागार (सेठ गंगा प्रसाद माहेश्वरी सभागार) में 'एक शाम शहीदों के नाम' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर डॉ. अजय कुमार, नगर विधायक राजीव गुंबर, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, मेला चेयरमैन नीरज शर्मा, उपसभापति मयंक गर्ग, समाजसेवी महेंद्र तनेजा, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सरफराज खां, वाइस चेयरमैन मेला अहमद मलिक, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन राजेश जैन, डॉ. हंसराज सैनी, पार्षद दिग्विजय चौहान, पार्षद प्रतिनिधि अनिल शर्मा आदि ने दीप प्रज्वलित और रिबन काटकर किया।

कार्यक्रम में एमआरएस पब्लिक स्कूल व एमआरएस एकेडमी के बच्चों ने मिशन सिंदूर पर शानदार प्रस्तुति दी तो तालियों से पूरा सभागार गूंज उठा। एलबीडी डांस एकेडमी के नन्हें बच्चों ने भी मिशन सिंदूर पर अपनी लाजवाब प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा एमएफ इण्टर कॉलेज घुन्ना व न्यू कैम्ब्रिज स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से लेकर सामाजिक सरोकारों तक एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इसके अलावा दिल्वी सैनी, आशीष सिंह, आरिफ मिर्जा, इकबाल मंसूरी द्वारा भी एकल प्रस्तुति दी गयी।

जिसके लिए एमएफ इण्टर कॉलेज घुन्ना व एलबीडी डांस एकेडमी को संयुक्त रुप से प्रथम, ज्ञान कलश इण्टरनेशनल स्कूल व सेंट मेरी गर्ल्स स्कूल शारदा नगर को संयुक्त रुप से द्वितीय, तथा एमजीएम हाई स्कूल, न्यू कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल, बजाज इण्टर नेशनल स्कूल व जे वी जैन इण्टर कॉलेज को संयुक्त रुप से तृतीय घोषित किया गया। एमआरएस पब्लिक स्कूल व एमआरएस एकेडमी तथा आर्य कन्या इण्टर कॉलेज को सांत्वना स्थान के लिए चुना गया। इस अवसर पर महापौर डॉ.अजय कुमार ने कहा कि देश की आजादी और आजादी के बाद देश की सुरक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले जवानों को नगर निगम द्वारा आयोजित 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम भावांजलि है।

